✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 159 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 6 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




औरंगाबाद में एनडीए प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह के पक्ष में रोड शो करती दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा विधायक ललन कुमार ने थामा राजद का दामन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले दलबदल का खेल जोरों पर है। भागलपुर जिले की पीरपैंती (सुरक्षित) सीट से भाजपा विधायक रहे ललन कुमार ने बुधवार को राजद का दामन थाम लिया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके बाद ललन कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से भी मुलाकात की।

### 20 लाख नेपाली रुपए के साथ युवक गिरफ्तार

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** मधुबनी पुलिस को विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी सफलता मिली है। इंडो-नेपाल सीमा से सटे लदनिया थाना क्षेत्र में एसएसबी और मधुबनी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 20 लाख नेपाली करेंसी के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार लदनिया थाना क्षेत्र के झलौन गांव के पास एनएच-227 पर पुलिस और एसएसबी जवानों ने चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। इसी दौरान एक बाइक की तलाशी के दौरान उसकी डिक्की से 19 लाख 80 हजार 800 नेपाली रुपए बरामद किए गए।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आज औरंगाबाद आयेंगे

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के तहत पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर आज गुरुवार को औरंगाबाद आयेंगे। उनका कार्यक्रम सुबह 10 बजे बंधन रिसोर्ट में निर्धारित किया गया है जहां वे एनडीए कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह और औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान एनडीए की चुनावी रणनीति, संगठन की तैयारियों और आगामी मतदान को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच संवाद होने की संभावना है।

# बिहार में एनडीए की दो-तिहाई सीट पक्की : राजनाथ सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमुई।** केंद्रीय रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि बिहार में सर्वे के रुझान से यह स्पष्ट हो रहा है कि दो तिहाई सीटों पर विजय प्राप्त कर एनडीए सरकार बनाएगी। वे बुधवार को श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में जमुई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रेयसी सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने भारत को वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा की धरती बताते हुए कहा कि हम किसी को छेड़ते नहीं लेकिन कोई छेड़ेगा तो भारत उसे छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने आपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए कहा कि यह समाप्त नहीं, स्थगित हुआ है। आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर मारा था हमने कर्म देखकर मारा। उन्होंने राहुल गांधी के तालाब में डुबकी लगाने वाली तस्वीर पर तंज कसते हुए कहा कि सत्ता की हवस में यह लोग किस हद तक जाएंगे, इसका अंदाजा नहीं है। सेना को आरक्षण के नाम पर जाती और मजहब में बांटना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा की सरकारों की तुलना की और विस्तार पूर्वक बताया कि भारत का मान पूरी दुनिया में एनडीए के सरकार में आने से बढ़ा है। धन दौलत के मामले में भारत साल डेढ़ साल में संभव है कि तीसरे स्थान पर होगा। पहले भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका के सामने गिड़गिड़ाते थे। अब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे कथनी और करनी में अंतर नहीं होता है। नीतीश कुमार के 20 वर्षों के कार्यकाल में उनके दामन पर कोई दाग नहीं लगा। विपक्ष पर भ्रष्टाचार के ढेर सारे आरोप के बाद भी सत्ता में आने का दंभ भर रहे हैं। उन्होंने 20 साल पहले के बिहार की भी चर्चा की और बताया कि किस प्रकार राजद के लोग कहते थे आइए ना बिहार में, ठोक देंगे कट्टा कपार में। उन्होंने श्रेयसी सिंह की प्रतिभा की तारीफ करते हुए कहा कि यह जमुई का नाम सिर्फ राज्य नहीं देश और दुनिया में रोशन कर रही है। सभा को यूपी के मंत्री (शेष पृष्ठ 11 पर)

# परिवार की पार्टी बनकर रह गई है राजद : नीतीश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कटिहार एवं किशनगंज जिले में कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद के शासन का जंगलराज याद दिलाते कहा कि पहले लोग घर से शाम के बाद बाहर नहीं निकलते थे, अपराध का माहौल था, लोग डर व दहशत में जीते थे। लालू प्रसाद ने अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया, राजद पार्टी, पत्नी, बेटा-बेटी की पार्टी बन कर रह गई है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार की सरकार को केंद्र से भी पूरा मदद मिल रहा है। इसलिए अब बिहार के विकास को पंख लग गया है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार में (लालूके शासन में) हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा आए दिन हुआ करता था, पर वर्ष 2006 के बाद आपसी भाईचारगी का माहौल बना है। कब्रिस्तानों की घेराबंदी की गई है। वर्ष 2006 में जदयू की सरकार के बाद प्रदेश में शिक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था कराई गई, स्कूल खोला गया, पोशाक योजना चलाई (शेष पृष्ठ 11 पर)

## मतदान के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस की रहेगी नजर : डीजीपी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के लोग अपनी नई सरकार को चुनने के लिए तैयार बैठे हैं। गुरुवार को पहले चरण की वोटिंग के लिए आम जनता, नेताओं के साथ ही पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बुधवार को आदेश जारी किया कि चुनाव के दौरान किसी तरह की हिंसा, उपद्रव या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर तत्काल प्रिवेंटिव डिटेंशन के तहत गिरफ्तारी होगी। डीजीपी ने अपने आदेश में साफ तौर पर कहा कि ऐसे लोगों को चुनाव खत्म होते ही बांड पर रिहा किया जाएगा लेकिन उनके खिलाफ सख्त बांड भरने की बाध्यता भी तय की जाएगी। इससे पहले मीडिया से बात करते हुए डीजीपी ने बताया था कि चुनाव के दौरान हालात पर नजर बनाए रखने के लिए एक बड़ा कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां से राज्यभर की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी टीम 24 घंटे एक्टिव है। डीजीपी विनय कुमार ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से पूरा कराने के लिए बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। उनके अनुसार पहले चरण के लिए कुल 1500 अर्धसैनिक बल तीन चरणों में उपलब्ध कराए गए। पिछले 5 से 6 दिनों में अतिरिक्त 150 अर्धसैनिक बलों ने भी सहयोग दिया है। इन बलों को उन जिलों में तैनात किया गया है जहां दूसरे चरण का चुनाव होगा ताकि सुरक्षा (शेष पृष्ठ 11 पर)

# बिहार को पहले कांग्रेस फिर राजद ने लूटा : योगी आदित्यनाथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** गया की धरती मोक्ष की धरती है। इसी गया में भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था। इसी गया से आचार्य चाणक्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य को अंखण्ड भारत का सम्राट बनाकर स्वर्ण युग का प्रारंभ किया था। यही धरा ज्ञान मुक्ती और आध्यात्म के लिये जाना जाता है। इस बिहार ने देश को पहला राष्ट्रपति दिया, जिस बिहार ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण को दिया हो वह बिहार अपनी पहचान को आज मोहताज है। इस बिहार के गौरवशाली इतिहास को पहले कांग्रेस फिर राजद ने लूटा है। ये बातें बुधवार को वजीरगंज के भिंडस मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। वे एनडीए के समर्थन में स्थानीय विधायक विधायक वीरेन्द्र सिंह के लिये मतदान की अपील करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि गरीबों को योजनाओं का लाभ नहीं दिया, पैसा अपने परिवार के विकास में लगा दिया है। नक्सलवाद फैलता गया और माफिया बढ़ते गया, सत्ता के समानान्तर सरकार चलने लगी। बिहार के नागरिकों के सामने पहचान का संकट पैदा किया, किसानों को आत्महत्या करने के लिये मजबूर किया किया है। ऐसे में युवा परेशान होता है रोजगार के लिये, बहन-बेटी की सुरक्षा के लिये परेशान होती है, व्यापारी अपना व्यापार समेटकर पलायन कर जाता है। हमने यूपी में माफिया के जमीन पर बुलडोजर चलाकर उस जमीन को आज पूर्णिमा के दिन गरीबों को दिया। समाजवादी पार्टी राजद की पार्टनर है। यूपी में इनलोगों को परेशानी होती है। भाजपा ने फैजाबाद को अयोध्या (शेष पृष्ठ 11 पर)



## ट्रक-ऑटो की टक्कर में तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गया-डोभी रोड पर सिमरी फोरलेन के पास बुधवार की सुबह ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो पर सवार करीब 12 लोगों में से तीन की मौत हो गई है। मरने वालों में दो महिलाएं और एक पुरुष है। ये लोग जहानाबाद से गंगा स्नान के लिए पटना आ रहे थे। इन्होंने करीब 22 किमी का सफर पूरा किया था, इसी दौरान एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ऑटो सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में पलट गया जिससे दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने पीएमसीएच में इलाज के दौरान दम तोड़ा है। वहीं, हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इसमें बच्चे भी हैं। मृतकों में जहानाबाद निवासी रामनरेश यादव (55), ललिता देवी (62) और गया के बेलागंज निवासी उषा देवी (44) शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही परसा बाजार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बाइपास जीरो माइल ट्रैफिक थाने को सूचित किया, जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को पीएमसीएच पहुंचाया और मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परसा थाना प्रभारी मेनका रानी ने कहा कि ऑटो में लगभग 12 से अधिक लोग सवार थे। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। सभी घायलों का इलाज पीएमसीएच में जारी है।

### सुरक्षाकर्मी पर हमला कर बाल सुधार गृह से 12 बच्चे फरार

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लहेरियासराय स्थित बाल सुधार गृह में मंगलवार देर रात बड़ा घटनाक्रम सामने आया जब 12 बाल बंदियों ने ड्यूटी पर तैनात रात्रि गार्ड पर हमला कर दीवार फांदकर फरार हो गए। इस घटना से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के मुताबिक गार्ड पर हमला करने के बाद सभी बाल कैदी सुधार गृह की दीवार कूदकर भाग निकले। इस दौरान बाहर मौजूद कुछ लोगों ने पूरी घटना का वीडियो मोबाइल में कैद कर लिया जिसमें सभी बच्चे दीवार फांदते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना (शेष पृष्ठ 11 पर)

## शिक्षकों को दो दिनों के अंदर मिलेगा अक्टूबर का वेतन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकारी स्कूलों के छूटे हुए सभी शिक्षकों को अक्टूबर माह का वेतन भुगतान दो दिनों के अंदर होगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को शिक्षकों के वेतन भुगतान, वेतन निर्धारण और बकाये वेतन के भुगतान का भी निर्देश दिया गया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि वेतन भुगतान नहीं होने की स्थिति में कारण बताते हुए रिपोर्ट विभाग को देना है। जिस जिले में 95 प्रतिशत से कम शिक्षकों को सितंबर माह का वेतन भुगतान किया गया है, वहां कारण बताओ नोटिस देकर कार्रवाई के लिए कहा गया। पटना और पूर्णिया जिलों के 62 प्रतिशत शिक्षकों को ही अक्टूबर माह का वेतन भुगतान किया जा सका है। इन जिलों से संबंधित क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक (आरडीडीई) को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। अपर मुख्य सचिव ने 12 जिलों अररिया, अरवल, औरंगाबाद, जमुई, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, नालंदा, नवादा और शेखपुरा जिले में विशिष्ट शिक्षकों का वेतन निर्धारण पूरा कर भुगतान की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सराहना की। उन्होंने सभी जिलों से कहा कि तीन दिनों के अंदर वेतन निर्धारण कर भुगतान सुनिश्चित करें। इस दौरान कोसी के आरडीडीई अमित कुमार ने सुझाव दिया कि जिन विशिष्ट शिक्षकों को अब तक वेतन संरक्षण का लाभ नहीं मिला है उनके बकाया वेतन की गणना जिले में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर की जाये। इस पर अपर मुख्य सचिव ने सहमति जताते हुए सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि नवंबर माह में ही पिछली अवधि तक का बकाया वेतन पूरी पारदर्शिता के साथ भुगतान करें। अपर मुख्य सचिव ने पिछली राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को वेतन भुगतान के लिए अतिरिक्त राशि की जरूरत है तो मांग भेज दें।




# एनडीए सरकार ने हर क्षेत्र में विकास किया : डॉ. दिलीप जायसवाल

## राजद के शासनकाल में लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरसते थे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने किशनगंज, अररिया और पूर्णिया में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ताबड़तोड़ चुनावी सभाओं को संबोधित किया और एनडीए प्रत्याशियों के लिए वोट मांगकर लोगों से एक बार फिर एनडीए सरकार बनाने की अपील की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में अपनी पहली चुनावी सभा किशनगंज जिले के एन.एच. ट्रक स्टैंड, ग्वालबस्ती, ठाकुरगंज में की। यहां उन्होंने एनडीए समर्थित प्रत्याशियों ठाकुरगंज से जदयू प्रत्याशी गोपाल अग्रवाल एवं कोचाधामन से भाजपा प्रत्याशी बीना देवी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने जो विकास की रफ्तार पकड़ी है, उसे एक-एक जनता जान चुकी है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि जनता ने मन बना लिया है कि फिर से एक बार एनडीए सरकार बनानी है। इसके बाद उन्होंने लालाजी उच्च विद्यालय खेल मैदान, रानीगंज और ठाकुरबाड़ी टोला मैदान, धमदाहा, पूर्णिया में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि 11 नवंबर को भारी से भारी मतों से मतदान कर एनडीए के सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाएं, ताकि बिहार के विकास, सुशासन और स्थिरता का यह सफर निरंतर आगे बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में जब से बिहार में एनडीए सरकार आई है तब से हर क्षेत्र में हर तबके का बिना कोई भेदभाव किए विकास किया गया है। एनडीए की सरकार में सभी तबकों के लोगों के लिए आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक विकास के लिए बहुत काम किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि आज बिजली भी मुफ्त में दी जा रही है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल और सामाजिक तौर पर सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं, चुनाव के बाद दूसरे चरण में दो लाख रुपये की राशि भेजी जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ जायसवाल ने कहा कि पहले जो सरकार थी, उस समय लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरसते थे, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल सहित तमाम आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में काफी काम किया गया है। आज पटना में मेट्रो दौड़ रही है। उन्होंने महागठबंधन में 'बंध-न' को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि हम सभी लोगों ने देखा है कि कैसे महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर विवाद का सिलसिला लंबे समय तक बना रहा। लोगों के बीच में किस तरह से मतभेद उभरकर सामने आए जबकि एनडीए में पांच दल पांडव की तरह एक साथ जनता के बीच आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह सभाओं में लोगों का दिल खोलकर आशीर्वाद मिल रहा है, उससे साफ है कि इस चुनाव में एनडीए न केवल विजयी होगी, बल्कि रिकॉर्ड सीटों के साथ सरकार भी बनाएगी।

# नीतू नवगीत ने लोगों से मतदान करने की अपील की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान को बढ़ावा देने के लिए पटना जिला निर्वाचन स्वीप आइकॉन डॉ. नीतू नवगीत ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 6 नवंबर को बिहार में प्रथम चरण का मतदान है जिसमें पटना जिला के सभी मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। डॉ. नवगीत एक प्रसिद्ध लोक गायिका हैं जिन्हें उनके प्रभावशाली जन-संवाद और सामाजिक योगदान के लिए जाना जाता है। उन्हें पटना जिले के लिए स्वीप आइकॉन के रूप में नामित किया गया है जिसका उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना है। डॉ. नवगीत ने कहा कि मतदान करना न केवल एक अधिकार है, बल्कि एक कर्तव्य भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करके देश और राज्य के भविष्य को आकार देने में भाग लें। डॉ. नवगीत ने अपने लोकगीतों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान दो चरणों में होगा। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर, 2025 को और दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर, 2025 को होगा। मतगणना 14 नवंबर, 2025 को होगी। डॉ. नवगीत ने लोगों से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करके एक मजबूत और समृद्ध बिहार के निर्माण में योगदान करें। उन्होंने कहा कि सब मिलकर प्रयास करें तो पटना जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मतदान करना एक उत्सव की तरह होना चाहिए जहां लोग अपने अधिकार का प्रयोग करते हैं और अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान न करने से बेहतर है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और एक बेहतर भविष्य के निर्माण में योगदान करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले मतदान, तब जलपान का सूत्र अपनाते हुए लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व में भाग लें और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाएं।

# एनएसएस ने चलाया मतदाता जागरूक अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल के निर्देशन में तथा राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर जागरूक मतदाता, विकसित बिहार अभियान के तहत छात्राओं को चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं से परिचित करवाया गया। कार्यक्रम का संयोजन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ शगुफ्ता अंसारी एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने किया। डॉ रश्मि ने बताया कि प्रधानाचार्या के मार्गदर्शन में छात्राओं को अनुभवात्मक अधिगम से जोड़ते हुए विभिन्न चरणों में आयोजित की जाने वाली चुनावी प्रक्रियाओं की बारीकियों को सविस्तार समझाया जा रहा है। 1 नवंबर को वोटिंग की अधिसूचना जारी की गयी तथा छात्राओं को चुनावी विचारधारा के आधार पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों में विभक्त कर दिया गया। 3 नवंबर को सभी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। 4 नवंबर को चुनावी प्रचार के साथ जन जागृति पार्टी से जानवी कुमारी, बिहार एकता पार्टी से करिश्मा कुमारी, लोक कल्याण पार्टी से समरीन परवीन एवं स्वतंत्र भारत पार्टी से शैली पाठक ने प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र भरा।

# लूट के 80 हजार रुपयों के साथ गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** लूटकांड गिरोह का रफीगंज पुलिस ने पर्दाफाश किया है। साथ ही मामले में गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 80 हजार रूपये और घटना में प्रयुक्त 2 बाइक बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान माली थाना क्षेत्र के चरण गांव निवासी 20 वर्षीय प्रिंस कुमार एवं अंबा थाना क्षेत्र के मंगलबिगहा निवासी 24 वर्षीय निरंजन कुमार के रूप में की गई है। इन दोनों का अपराधिक इतिहास रहा है जिनके विरुद्ध कई थानों में अपराधिक मामला दर्ज है। जानकारी के मुताबिक 31 अक्टूबर को रफीगंज थाना क्षेत्र के ठोसीली के पास चैतन्य माइक्रो फाइनेन्स कंपनी के एजेन्ट से बाइक सवार अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा लूट की गई थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के द्वारा मदनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी के द्वारा सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापामारी की जा रही थी इसी क्रम में मंगलवार को निरंजन कुमार को रफीगंज बाजार से एवं प्रिंस कुमार को माली थानान्तर्गत चरण से पकड़ा गया। पकड़ाये आरोपियों के निशानदेही पर लूट किये गए पैसों को प्रिंस कुमार के घर से 70,000 रूपये एवं निरंजन कुमार के घर से 10,000 रूपये बरामद किया गया। बरामद पैसों को विधिवत जब्त करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। प्रिंस कुमार ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि मैं चैतन्य माइक्रो फाइनेन्स कंपनी में काम करता था तभी मेरी दोस्ती निरंजन कुमार से हो गई तथा मेरी लड़ाई कंपनी के मैनेजर से होने के कारण मैं चैतन्य माइक्रो फाइनेन्स कंपनी में काम करना छोड़ दिया जिस कारण मुझे पैसे की कमी होने लगी तब मुझे निरंजन कुमार ने बताया कि कंपनी के फील्ड ऑफिसर पैसा कलेक्शन करने अकेले जाते हैं जिन्हें हमलोग लूट सकते हैं। तत्पश्चात मैं अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लूटकांड मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लूट का 80 हजार रुपया एवं घटना में प्रयुक्त दो बाइक बरामद किया गया है। इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी। पकड़े गए अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ जिले के अंबा थाना में दो, कुटुंबा में एक, मुफ्फसिल थाना में एक एवं रफीगंज थाना में एक कांड दर्ज है। उन्होंने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के उपरांत गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष शंभू कुमार सहित अन्त पुलिस बल शामिल थे।

# 17 लाख नकद और अवैध हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**बिहटा।** बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान कल यानी 6 नवंबर को पटना जिले के 14 विधानसभा में होने हैं जिसमें मनेर विधानसभा के बिहटा इलाके में भी होना है। ऐसे में बिहटा पुलिस और एसटीएफ के तरफ से बड़ी कार्रवाई की गई है जहां पुलिस ने करीब 17 लाख रुपए नगद के साथ कई अवैध हथियार एवं कई जिंदा कारतूस के साथ तीन युवक को गिरफ्तार किया है। वही गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान बिहटा के भगवतीपुर गांव निवासी इंद्रजीत कुमार, कन्हौली गांव निवासी ललित मोहन राय जबकि परेव गांव निवासी बृज कुमार के रूप में हुई है। इधर पूरे मामले पर पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पटना पुलिस की टीम ऑपरेशन जखीरा के तहत कार्रवाई कर रही है इसी के तहत बीते देर रति पटना के बिहटा थाना की पुलिस को सूचना मिली कि बिहटा थाना क्षेत्र के परेव, कन्हौली और भगवतीपुर गांव में अवैध हथियार रखा गया है। इसके बाद स्थानीय पुलिस और एसटीएफ की टीम के द्वारा छापेमारी की गई जहां भगवतीपुर का निवासी इंद्रजीत कुमार के घर से पुलिस ने लगभग 7 लाख 26 हजार नगद रुपया बरामद किया है इसके अलावा कन्हौली गांव निवासी ललित मोहन राय के घर से पुलिस ने दो देसी कट्टा एक देशी पिस्टल, एक दो नाली बंदूक ,27 जिंदा कारतूस, एक गोली का खोखा और एक शराब का बोतल सहित 10लाख नकद रुपया बरामद किया गया। इसके बाद ललित मोहन राय को गिरफ्तार किया गया है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है वहीं तीसरा मामला बिहटा थाना क्षेत्र के परेव गांव का है जहां परेव निवासी बृज कुमार के घर छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो देसी कट्टा, एक राइफल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पूरे मामले में पुलिस ने तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तीनों से पुलिस पूछताछ कर रही है साथ ही 7 लाख से अधिक रुपए नगद बरामद किया गया।

# चुनाव से पहले शेरघाटी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** बिहार विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को शेरघाटी में प्रशासन द्वारा भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च की अगुवाई अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार और एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने की। उनके साथ प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार, सीओ उषा कुमारी, बीडीओ स्नेहिल आनंद, कार्यपालक पदाधिकारी ऋचा प्रियदर्शिनी, इंस्पेक्टर मोहन कुमार, अर्द्धसैनिक बल एवं शेरघाटी थाना पुलिस के जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च शेरघाटी थाना परिसर से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए डाकबंगला मोड़ तक निकाला गया। इस दौरान सुरक्षा बलों की सघन उपस्थिति से पूरे इलाके में चुनावी तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का स्पष्ट संदेश दिया गया। प्रशासन ने आम जनता से शांति बनाए रखने तथा निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह की अव्यवस्था या चुनाव आचार संहिता उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है और संवेदनशील इलाकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकानदारों, स्थानीय नागरिकों से संवाद भी किया और उन्हें सुरक्षित माहौल का भरोसा दिलाया। शेरघाटी में चुनावी सुरक्षा तैयारियों के साथ माहौल में एक तरह की सतर्कता और उत्साह दोनों देखने को मिला।

# जैन धर्मावलंबियों ने मनाया तीसरे तीर्थंकर भगवान संभवनाथजी का जन्म कल्याणक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जैन धर्मावलंबियों ने पटना के मंदिरों में मनाया जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर भगवान संभवनाथजी का जन्म कल्याणक। पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह, गुरारा, दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने तीसरे तीर्थंकर भगवान संभवनाथजी का जन्म कल्याण भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया। प्रातः से ही श्रद्धालुगण मंदिर पहुंचने लगे। सर्वप्रथम भगवान संभवनाथ जी का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। फिर भगवान का अर्घ्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। एमपी जैन ने बताया कि श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जिनेश जैन, कमलदह मंदिर में शांतिधारा पुण्यार्जक चंदा काला एवं सोनू जैन ने शांतिधारा किया। कालीबीबी का कटरा में मुकेश जैन, गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर में धीरज जैन एवं अशोक कासलीवाल तथा मुरादपुर जिनालय में सुबोध जैन फंटी ने भगवान संभवनाथ की पूजा अर्चना की। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि कमिटी के अंतर्गत आने वाले बिहार एवं अन्य राज्य के सभी मंदिरों में तीसरे तीर्थंकर भगवान संभवनाथ जी के जन्मकल्याणक की पूजा अर्चना पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव से की गई। जैन समाज के एमपी जैन ने बताया कि भगवान संभवनाथ जी जैन धर्म के तृतीय तीर्थंकर थे। इनका जन्म कार्तिक पूर्णिमा को हुआ था। इनके पिता का नाम राजा जितारी था तथा माता का नाम सुसेना देवी था, प्रभु का जन्म इच्छवाकु वंशी क्षत्रिय परिवार में हुआ था। संभवनाथ ने अपने जीवन के अंत में सभी संबंधित कर्मों को नष्ट कर दिया और मोक्ष (मुक्ति) प्राप्त किया।

# रेलकर्मी स्व. उपेंद्र प्रसाद के आश्रित को दी गई आर्थिक सहायता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया शाखा द्वारा स्वर्गीय उपेंद्र प्रसाद, सहायक, पावर हाउस, गया के परिवार को कामरेड रवि राज, संगठन मंत्री, इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, गया के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जैसा कि मालूम है कि स्वर्गीय उपेंद्र प्रसाद काफी दिनों से कैंसर रोग से पीड़ित थे जिनका उपचार यशोदा हॉस्पिटल, गाजियाबाद, नई दिल्ली में काफी समय से चल रहा था जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो गई थी। मृत्यु उपरांत इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को जैसे ही उनकी मृत्यु का समाचार मिला तत्काल सहायता के रूप में आर्थिक राशि गाजियाबाद में साथ रहे उनके परिवार को भेजा गया एवं शेष राशि सभी रेल कर्मियों के सहयोग से जो मिला था उनके आवास पर जाकर कॉमरेड रवि राज एवं अन्य यूनियन के सदस्य दाह संस्कार में शामिल हुए एवं आर्थिक सहायता उनके आश्रित को प्रदान किया।

# घोसी विधानसभा सीट पर उलटफेर के आसार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घोसी(जहानाबाद)।** बिहार विधानसभा की 243 सीटों में से घोसी विधानसभा की सीट राज्य की राजनीति में हमेशा से सुर्खियों में रहा है और इस बार भी इस क्षेत्र में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल रहा है। वर्ष 1977 से 2010 तक यहां की राजनीति एक ही परिवार यानि जगदीश शर्मा के इर्द गिर्द घूमती रही है। जगदीश शर्मा ने 1977 से 2009 तक लगातार 8 बार विधायक बनकर यहां एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया है। जहानाबाद जिले का यह इलाका मगध क्षेत्र को कवर करता है। 1951 में हुए पहले चुनाव में निर्दलीय राम चन्द्र यादव यहां के विधायक बने थे। यहां के मतदाता सामान्य तौर पर राजनीतिक दलों की बजाय उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते रहे हैं। इसका उदाहरण जगदीश शर्मा हैं जो 1977 से 2005 तक लगातार आठ बार विधानसभा चुनाव जीते हैं। जगदीश शर्मा जब 2009 में जहानाबाद से लोकसभा चुनाव जीते तब भी उनके परिवार का इस सीट पर कब्जा बरकरार रहा। 2009 में निर्दलीय विधायक के रुप में उनकी पत्नी शांति शर्मा ने उपचुनाव जीता और 2010 के चुनाव में उनके बेटे राहुल शर्मा ने 2010 में जदयू के टिकट से इस पुश्तैनी सीट पर कब्जा बरकरार रखा। इसके बाद पिछले दो चुनावों से यह सीट शर्मा परिवार के खाते से दूर है। घोसी इलाके में मगधी बोली जाती है और कृषि यहां आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है। 2020 यानि पिछले विधानसभा चुनाव में सीपीआई एमएल के रामबली सिंह यादव इस सीट पर 17 हजार से अधिक मतों से विजयी हुए थे और इस बार फिर से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि जदयू ने इस बार जगदीश शर्मा के बेटे राहुल शर्मा को टिकट न देकर पूर्व सांसद अरुण कुमार के बेटे ऋतुराज कुमार पर विश्वास जताया है। ऋतुराज कुमार झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय के दामाद भी हैं। घोसी पूरी तरीके से ग्रामीण इलाका है। यहां अगर जातीय समीकरण पर नजर डालें तो यह काफी उलझा नजर आता है। उम्मीदवारों की जीत-हार में यादव, भूमिहार, रविदास और पासवान समुदाय के वोटर अहम भूमिका निभाते हैं। खास बात यह है कि अनुसूचित जातियों के वोटरों की संख्या करीब 20 प्रतिशत है जो किसी भी चुनाव का परिणाम पलटने की क्षमता रखते हैं, लेकिन इस विधासभा सीट पर अब तक का जो इतिहास है वो कहीं न कहीं भूमिहारों के इर्द-गिर्द घूमता रहा है। भूमिहार जाति से आने वाले ऋतुराज कुमार युवा, पढ़े लिखे और तेज-तर्रार माने जाते हैं। इस चुनाव में उनके लिए दो-दो पूर्व सांसद जमीन तैयार करने में जुटे हैं। पिछले चुनाव में जो उलटफेर यहां देखने को मिला था उस उलटफेर की उम्मीद लगाए ऋतुराज कुमार जनता के बीच पसीना बहा रहे हैं, लेकिन एक बात तो साफ है कि घोसी में चुनावी मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है जिसे रोमांचक बनाने में एनडीए और महागठबंधन खेमा जुटा है। बहरहाल इस सीट पर उलट फेर के आसार दिखाई पड़ रहे हैं।

# टोटो ड्राइवर के साथ गाली-गलौज, महिला सिपाही पर आरोप, वीडियो आया सामने

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र से एक वीडियो सामने आया है जिसमें ड्यूटी पर तैनात एक महिला सिपाही का गुस्सा सातवें आसमान पर दिख रहा है। वीडियो में महिला सिपाही अनिता देवी भद्दी गालियां देती और टोटो चालक पर रौब झाड़ती नजर आ रही हैं। मिली जानकारी के मुताबिक टोटो ड्राइवर ने महिला सिपाही से किराया मांगा था, बस यहीं से विवाद शुरू हो गया। ड्राइवर का आरोप है कि उसने महिला सिपाही को मुफस्सिल मोड़ से बैठाया था। कोतवाली पहुंचने पर जब किराया मांगा तो पैसे देने से साफ मना कर दिया। उल्टा मां-बहन की गालियां देने लगी। सिपाही ने गाड़ी का पेपर दिखाने को कहा जबकि नियम साफ है कि सिपाही को वाहन के कागजात चेक करने का अधिकार नहीं है। फिर भी उसने पेपर दिखाए, लेकिन उसने देखने से इंकार कर दिया। सबक सिखाने की धमकी देने लगी। वीडियो में महिला सिपाही खुद सफाई देती दिख रही है। कहती हैं कि पैसे बीच रास्ते में दिए थे, पर टोटो वाले ने कहा कि चेंज नहीं है। कोतवाली पहुंचने पर वह रौब दिखाने लगा। हमारी बेइज्जती करने लगा तो क्या हम छोड़ देंगे। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। फिलहाल शहर के किसी भी थाने के थानाध्यक्ष नहीं बता पा रहे हैं कि वह महिला कांस्टेबल किस थाने में तैनात हैं। वहीं, इस संबध में कोतवाली इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि वीडियो में दिखने वाली महिला कांस्टेबल हमारे थाने में तैनात नहीं है।

# 10 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 28952 पीडब्ल्यूडीएस मतदाता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** पीडब्ल्यूडीएस मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में सुगम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक न्यूनतम सुविधायें जैसे रैंप, व्हीलचेयर, स्वयंसेवक, पीने का पानी, बिजली, पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोटिंग की सुविधा किया गया है। दिव्यांग मतदाताओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पीडब्ल्यूडीएस कोषांग, गया द्वारा स्वीप कोषांग से समन्वय स्थापित कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित सक्षम एप्प्स में पीडब्ल्यूडीएस मतदाताओं द्वारा मतदान केन्द्रों पर व्हीलचेयर की मांग, पिक एंड ड्रॉप की सुविधा की मांग कर सकते है।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो और प्रसारण मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, पटना की तरफ से आयोजित बिहार के सभी जिलों में मतदाता जागरूकता अभियान 30 अक्टूबर से चलाया जा रहा है। यह अभियान क्षेत्रीय कार्यालय पटना के अपर महानिदेशक शैलेश कुमार मालवीय तथा कार्यालय प्रमुख कुमार सौरभ के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में शिवहर जिला में यह कार्यक्रम 4 नवंबर से 9 नवंबर 2025 तक जन जागरूकता अभियान विभिन्न विधानसभा, विभिन्न प्रखंडों में किया जाएगा। उसी क्रम में 5 नवंबर 2025 को केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के पंजीकृत दल चित्रांश शारदे, शिवहर द्वारा कार्यक्रम पूर्णहियां (रा.म. विद्यालय, बेदौल बाज, शिवहर) में नोडल अधिकारी आरती झा, (विभागीय कलाकार, केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना) के दिशा निर्देश में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य है कि गीत, नाटक और नृत्य के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करना है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने मतदान केंद्र जाए और अपने मताधिकार का प्रयोग करे। मतदान के लिए सरकार की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में लोगों को बताना है।

CMYK

# भाजपा प्रत्याशी भरत बिंद के पक्ष में मनोज तिवारी ने की चुनावी सभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड मुख्यालय स्टेडियम बेलाव में बुधवार को भभुआ विधानसभा (205) के एनडीए प्रत्याशी भरत बिंद के पक्ष में दिल्ली के सांसद और भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने चुनावी सभा को संबोधित किया। तिवारी सुबह 11:56 बजे हेलिकॉप्टर से स्टेडियम पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मनोज तिवारी ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी की सभाओं में शहाबुद्दीन जिंदाबाद के नारे लगाए जाते हैं जबकि शहाबुद्दीन ने बिहार के दो लोगों को जिंदा तेजाब डालकर मार दिया था। तिवारी ने सुझाव दिया कि यदि जिंदाबाद करना ही है तो अब्दुल कलाम आजाद का जिंदाबाद किया जाए। खेसारी लाल यादव का नाम लिए जाने पर मनोज तिवारी ने कहा कि वह उनके भाई हैं, लेकिन रास्ता भटक गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद में शामिल होने से पहले खेसारी लाल राम जी के गाने गाते थे, लेकिन अब वह कह रहे हैं कि राम मंदिर की जगह अस्पताल बनना चाहिए। तिवारी ने दावा किया कि वहां (राजद में) लोगों का ब्रेन वॉश किया जाता है। वही तिवारी ने जनता से कहा कि भरत बिंद जिन्होंने पिछली बार दूसरी पार्टी से जीतकर भी नीतीश मोदी सरकार का समर्थन किया था उन्हें इस बार कमल छाप पर वोट देकर विजई बनाएं। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभय सिंह, भभुआ जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष मनीष पटेल, रामपुर जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश चंद्रवंशी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# पेड़ से टकराई बाइक, एक की मौत, दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चेनारी (रोहतास)।** शिवसागर पथ पर बरताली के समीप बुधवार को बाइक पर सवार तीन युवक सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गए। इस हादसे में बाइक पर सवार युवक विकास कुमार उम्र 18 वर्ष पिता-लाल मोहर, निवासी-बबुरा गांव, कैमूर जिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बादल कुमार, पुत्र शशिकांत पासवान, निवासी केनार खुर्द, थाना-चेनारी तथा एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि सभी युवक केनार खुर्द स्थित अपने मौसी के घर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। स्वजनों ने बताया कि बादल कुमार की स्थिति गंभीर है। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए उसे रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। महिलाओं के करुण चीत्कार से अस्पताल परिसर और आसपास का माहौल गमगीन हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि मृतक युवक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है। पीड़ित स्वजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उपेन्द्र कुशवाहा से मानवाधिकार संगठन ने की औपचारिक भेंट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं वर्तमान में राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा के साथ मानवाधिकार एसोसिएशन के सदस्यों ने औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंगलवार की संध्या में एसोसिएशन की जिला इकाई रोहतास द्वारा आयोजित बुद्धिजीवियों की विशेष बैठक में जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सिन्हा ने उपेन्द्र कुशवाहा को अंगवस्त्र, फूलमाला एवं संगठन का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सासाराम लोकसभा के शिवेश राम को भी अंगवस्त्र और पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में सासाराम 208 विधानसभा क्षेत्र से एन.डी.ए. प्रत्याशी स्नेहलता की उम्मीदवारी पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान उपेन्द्र कुशवाहा ने बुद्धिजीवियों से सासाराम क्षेत्र में एन.डी.ए. प्रत्याशी को पूर्ण समर्थन देने की अपील की। अवसर पर जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सिन्हा ने सांसद श्री कुशवाहा का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में वरीय अधिवक्ता एवं नोटरी संजय कुमार तिवारी, प्रो. डॉ. राकेश बघेल (प्रवक्ता, संगठन), डॉ. उमेश कुमार, अधिवक्ता दीपक कुमार, राजेश कुमार सिंह, प्रो. डॉ. विनोद सिंह उज्जैन, ओमप्रकाश सिंह, डिप्टी मेयर शेखर महतो, शाश्वत श्रीवास्तव, सरोज कुमार, निरंजन कुमार, मनोज कुमार आदि शामिल थे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने सोन नदी में लगाई डुबकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर हजारों लोगों ने बुधवार को एनीकट के विभिन्न घाट पर सोन नद में डूबकी लगाई व झारखंडी महादेव मंदिर में दर्शन पूजन किया। सुबह पांच बजे से ही यहां सोन नदी में श्रद्धालु विभिन्न घाटों पर स्नान कर झारखंडी महादेव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने स्थानीय झारखंडी महादेव, शिव मंदिर के अलावा अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना भी की। महादेव के शिवलिंग पर भक्तों ने जलाभिषेक के साथ दुग्ध स्नान कराया। शहर के सभी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर-हर महादेव व ऊँनमः शिवाय की जयकारे के साथ भक्त पूजा अर्चना करते देखे गए। एनीकट मंदिर के पुजारी आचार्य पुरुषोत्तम ओझा से श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण भगवान की कथा श्रवण किया। उन्होंने कहा हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का बड़ा महत्व है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की कार्तिक पूर्णिमा को गुरू पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा को सोन नद का स्मरण से इस जन्म के पाप नष्ट हो जाते हैं। दर्शन करने से तीन जन्म के और स्नान करने से हजार वर्ष के स्नान करने से विशेष पुण्य मिलता है। पुराणों के अनुसार इस दिन स्नान व्रत व तप की दृष्टि से मोक्ष प्रदान करने वाला बताया गया है। भगवान विष्णु जी का पहला अवतार इसी दिन हुआ था।

# राजद प्रत्याशी वीरेंद्र कुशवाहा के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** भभुआ विधानसभा क्षेत्र के बेलाव बाजार में बुधवार को महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार सिंह के समर्थन में रोड शो किया गया। ऐतिहासिक जनसमर्थन में बदल गया जो दोपहर दो बजे से शुरू हुआ इंडिया गठबंधन कार्यालय से बेलाव बाजार, खरेंदा मोड़, पानापुर मोड़, बेलाव गांव होते हुए सोनरा मोड़ पर समाप्त हुआ। पूरे रास्ते में लोगों ने जोरदार स्वागत किया। महिलाएं घरों से फूल बरसा रही थीं तो युवा झंडा-बैनर लेकर सड़कों पर नारे लगाते आगे बढ़ रहे थे। पूरा इलाका लालटेन छाप जिंदाबाद, वीरेंद्र कुशवाहा को जिताओ, भभुआ बोले अबकी बार महा गठबंधन की सरकार और महागठबंधन जिंदाबाद जैसे नारों से गूंज उठा। मौके पर डॉ जागेश्वर सिंह, धर्मपाल सिंह, घूरा सिंह, डिग्री पासवान, सुनील सिंह, मनोज सिंह, समुख पासवान सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हवन भंडारा के साथ 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के चुन्ना भट्ठा स्थित हनुमान नगर के महावीर मंदिर परिसर में मंगलवार को 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन हवन भंडारा के साथ सम्पन्न हुआ। एन डी ए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने मंदिर में माथा टेका। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु हरे राम हरे राम, राम राम, हरे हरे का भजन गाने में झुमते रहे। मंदिर के कर्ताधर्ता बबन सिंह ने बताया कि पूरे मोहल्ले के लोग मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाते हैं। अखंड 24 घंटे तक गायक खड़े होकर हरे राम हरे राम का भजन गाते हैं जिससे भक्ति का माहौल और भी प्रगाढ़ हो जाता है। इस वर्ष के कीर्तन में लोकनाथ यादव, उमा विश्वनाथ, मंजीत यादव, हरिराम यादव सहित आठ कीर्तन मंडलियों के दर्जनों कलाकारों ने भजन से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मुख्य कार्यकर्ता व्याख्या नारायण सिंह ने बताया कि यह परंपरा पिछले 60-65 वर्षों से लगातार चल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं पिछले सात वर्षों से स्वयं इस अखंड हरि कीर्तन में सक्रिय रूप से भाग ले रहा हूं। कार्यक्रम के दौरान भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर रमाकांत सिंह, केदार सिंह, हरेराम सिंह, विजय सिंह, कृष्णा चौरसिया, जितेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कायस्थ विकास परिषद न्यास के कार्यालय पहुंचे राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** कायस्थ विकास परिषद न्यास के कार्यालय में पहुंचने पर सासाराम कायस्थ समाज द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज सिन्हा ने तथा संचालन राकेश चंद्र सिन्हा उर्फ सीपू ने किया। पूर्व अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष चंदन सिन्हा ने उन्होंने सम्मानित किया। राज्यसभा सांसद ने सासाराम विधानसभा एनडीए प्रत्याशी स्नेहलता के पक्ष में क्रम संख्या 10 गैस सिलेंडर छाप वोट करने की अपील की। उनको फूलों की बड़ी माला डालकर सम्मानित किया गया। उसके पश्चात परिषद के उपाध्यक्ष उमेश प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं फूलों के गुलदस्ता बच्चन श्रीवास्तव ने देकर सम्मानित किया। सांसद अपने वार्ता में सभी को आश्वासन दिया कि हम बराबर सासाराम आते हैं और सर्किट हाउस में रुकते हैं। हम कभी भी आप सभी से दूर नहीं हैं। आप जब चाहे तब हम आप सबके साथ हैं। सासाराम में केंद्रीय विद्यालय बनाने का काम मैंने किया और आगे भी करता रहूंगा। उनकी बातों से सहमत होकर कायस्थ विकास परिषद न्यास के सदस्यों ने तालियों से स्वागत किया।

# डीडीयू मंडल में रेलकर्मियों के लिये स्थायी योग शिविर शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के निर्देश पर रेलकर्मियों में सर्वांगीण स्वास्थ्य हेतु कार्मिक विभाग द्वारा एक स्थायी योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 5 नवम्बर 2025 से मंडल मुख्यालय के यूरोपियन कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में प्रतिदिन प्रातः 6:30 से 7:30 बजे तक संचालित किया जा रहा है। डीडीयू मंडल में विशेषकर कार्यालयीन कार्यों में लगे रेलकर्मियों की दिनचर्या में शारीरिक सक्रियता की अपेक्षाकृत कमी के साथ जीवनशैली जनित अन्य दुष्प्रभावों को ध्यान में रखते हुए योग को उत्तम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य हेतु एक सकारात्मक उपाय के रूप में अपनाया गया है। शिविर में अनुभवी योग प्रशिक्षक द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को योगासन, प्राणायाम एवं मानसिक एकाग्रता से संबंधित अभ्यास कराए जा रहे हैं। पहले दिन विभिन्न विभागों के कर्मचारी, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधि, सेवानिवृत्त रेलकर्मी तथा महिला प्रतिभागियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को कार्य के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक रूप से सक्रिय बनाए रखना है जिससे कार्यस्थल पर एक सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। भविष्य में इस शिविर में प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा हृदयाघात की आपात स्थिति में उपयोगी सीपीआर का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी उज्ज्वल आनंद के नेतृत्व में कार्मिक विभाग द्वारा इस आयोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है जिससे प्रतिभागियों को एक सहज और प्रेरणादायक वातावरण प्राप्त हो सके।

# आरपीएफ डिहरी ने की लावारिस हालत में देशी एवं विदेशी शराब जब्त



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि ड्यूटी में तैनात अधिकारी उप निरीक्षक मनोज कुमार साथ प्रधान आरक्षी बी. बी. मिश्र, आरक्षी अभिमन्यु सिंह व आरक्षी सर्वोदय पासवान सभी डिहरी ऑन सोन स्टेशन में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान डिहरी ऑन-सोन स्टेशन के पूर्वी साइड किलोमीटर संख्या 554/23 के पास एक सफेद रंग के बोरा में लावारिस हालत में दिखाई पड़ा। मौके पर ही बोरा को खोलने पर कुल 120 अदद छबीली देसी शराब एवं 25 अदद टनाका देसी शराब मसाला बरामद हुआ। मौके पर कार्रवाई करते हुए अग्रिम कानूनी कार्रवाई वास्ते रेल थाना डिहरी ऑन-सोन को सुपुर्द किया गया।

# मृदुभाषी व नेक दिल इंसान थे गणेश गुप्ता : राजेश्वर राज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** मृदुभाषी व नेक दिल इंसान थे गणेश गुप्ता। उक्त बातें भाजपा के पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने कही। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता संजय गुप्ता के पिता गणेश गुप्ता के श्राद्ध कर्म में श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि वे अच्छे इंसान थे। इस मौके पर पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, रामेश्वर चरसिया, आनंद सिंह, वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र मिश्रा, मदन कुमार, भाजपा नेता प्रकाश गोस्वामी, निर्दोष पांडेय, मुन्नालाल कसेरा, जोखन चंद्रवंशी, कुंवर सिंह, प्रभात शेखर, मनोज अज्ञानी, उनके पुत्र पत्रकार अनिल कुमार गुप्ता, सुनील गुप्ता, डॉ रवि, डॉ जे एस कश्यप सहित काफी संख्या में विभिन्न दलों के नेता एवं समाजसेवी मौजूद रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2025/23 दानापुर, दि.03.11.2025** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :– **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** दानापुर मंडल के अंतर्गत केसीए–जेएजे सेक्शन के बीकेपी और बीकेपी लिंक स्टेशनों पर डीसी ट्रैक सर्किट को मजबूत करने के साथ–साथ मौजूदा ट्रैक सर्किट के समानांतर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का प्रावधान सम्बंधित कार्य। **2. अनुमानित लागत:** रूपये 54882701.99, **3. बयाना राशि:** 424400.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 24.11.2025 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 24.11.2025 को 15:30 बजे। **6. वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। **नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साइट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

**स० सं० एवं दूर सं० अभि० /दानापुर**
**पीआर/1241/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/25–26/36**


# जिला प्रशासन एवं बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 जिला निर्वाचन, स्वीप योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बुधवार को मुख्यालय सासाराम कनोडिया पंप स्थित संत जोसेफ स्कूल परिसर से फजलगंज स्टेडियम सासाराम तक करीबन 600 की संख्या में सासाराम के सभी प्राइवेट विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निकाली जागरूकता रैली। इस रैली को डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार, ट्रैफिक एसएचओ सुबोध कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली की अध्यक्षता बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने किया। डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षकों की बातों को छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता की बातों से भी अधिक महत्व देते हैं। यदि आप उनको अपने माता-पिता, अभिभावकों एवं पास-पड़ोस के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे तो वे अपने माता-पिता, अभिभावकों एवं पास-पड़ोस के लोगों को मतदान हेतु अवश्य ही अपने बूथ पर जाने हेतु आग्रह करेंगे। प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के प्रति समाज का चिन्तन सकारात्मक होता है। यदि प्रधानचार्य एवं शिक्षक अभिभावकों से मतदान हेतु निवेदन करते है तो इसका मतदान प्रतिशत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और हम लोग शत-प्रतिशत मतदान कराने में सफल होंगे। भारत स्काउट एंड गाइड के बच्चे और विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने हाथों में बैनर और तख्तिया लेकर पहले मतदान, फिर जलपान तथा आपका वोट आपका अधिकार, जैसे नारे लगाते हुए लोगों से मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र पहुंचने की अपील की।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई. निविदा सूचना सं. :** पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–ईटीएन–29–25–26

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**क्र.सं.:** 1, **कार्य का नाम :** यार्ड विस्तार कार्य उदा. मुजफ्फरपुर–सगौली दोहरीकरण परियोजना के संबंध में कपरपुरा–जिवधारा खंड के बीच मिट्टी का कार्य, ब्लैंकेटिंग, छोटे पुलों का निर्माण, रिटेनिंग वॉल, प्लेटफार्म, गेट लॉज, एप्रोच रोड, यार्ड ड्रेन, वारफेज एवं अन्य मिश्रित कार्य के साथ पी.वे. एवं ब्लास्ट कार्य।, **क्र.सं.: 2, कार्य का लगभग मूल्य:** रू. 85,66,99,739.95, **क्र.सं.: 3, बीड सिक्यूरिटी की राशि:** रू. 44,33,500.00, **क्र.सं.: 4, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 25.11.2025, 14.30 बजे। **क्र.सं.:** 5, वेबसाईट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि।: उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना**
पीआर/1247/सीएन/एन/एमएवएक्स/कॉन/टी/25–26/44



**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**
**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**POST GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING [PGMAC (Ayush)]-2025 for MD / MS (Ayurveda)**

***Advt. No.-* BCECEB [PGMAC(Ayush)]-2025/18 Dated : 05.11.2025**

**Notice for Round-3 Online Application & Choice Filling**

Online Application with Choice Filling after Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested All India Ayush Post Graduate Entrance Test (AIAPGET)-2025 [Ayurveda] candidates for appearing in the Round-3 Online Counselling of Post Graduate Medical Admission Counselling [PGMAC (Ayush)]-2025 for MD / MS (Ayurveda), who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/03 & 2025/04 Dated 26.09.2025 and are not admitted in any Ayush Colleges of India, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the First Year PG Ayush Courses (BAMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of PGMAC(Ayush)-2025 prepared on the basis of merit list of AIAPGET-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of PGMAC(Ayush)-2025 Online 2nd round counselling held from 31.10.2025 to 01.11.2025.

(a) MD / MS (Ayurveda) Courses - Aagad Tantra, Ayurveda Sahita, Dravya Guna, Kaya Chikitsa, Rachana Sharir, Ras Shastra, Rog Nidan, Shalakya Eye, Shalakya ENT, Kumarbhritya (Bal rog), Kriya Sharir, Panchakarma, Prasuti evam Strirog, Shalya Tantra, Swasthavritta and Yoga in **Govt. Ayurvedic College, Patna for the session 2025.**

2. Round-3 Counselling will be conducted Online.

3. **Eligibility criteria for counselling, Fee Payment procedure, Instructions, Willingness, Choice Filling and other details are available in the prospectus of PGMAC(Ayush) -2025 for MD / MS (Ayurveda) and the related Advertisement No.- BCECEB [PGMAC(Ayush)]-2025/17 Dated 05.11.2025 respectively, which can be downloaded from the Board's website bceceboard.bihar.gov.in.**

**Controller of Examination**



**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**
**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**POST GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING [PGMAC (Ayush)]-2025 for MD (Homeo)**

***Advt. No.-* BCECEB [PGMAC(Ayush)]-2025/16 Dated : 05.11.2025**

**Notice for Round-3 Online Application & Choice Filling**

Online Application with Choice Filling after Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested All India Ayush Post Graduate Entrance Test (AIAPGET)-2025 [Homeopathic] candidates for appearing in the Round-3 Online Counselling of Post Graduate Medical Admission Counselling [PGMAC (Ayush)]-2025 for MD (Homeo), who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/01 & 2025/02 Dated 26.09.2025 and are not admitted in any Ayush Colleges of India, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the First Year PG Ayush Courses (BHMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of PGMAC(Ayush)-2025 prepared on the basis of merit list of AIAPGET-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of PGMAC(Ayush)-2025 Online 2nd round counselling held from 31.10.2025 to 01.11.2025.

(a) MD (Homeo) Courses (i) Homoeopathic Pharmacy(ii) Materia Medica (iii) Organon of Medicine (iv) Practice of Medica (v) Repertory in R.B.T.S. Govt. Homeopathy Medical College & Hospital, Muzaffarpur for the session 2025.

(b) MD (Homeo) Courses (i) Organon of Medicine (ii) Materia Medica (iii) Repertory (iv) Hom. Pharmacy (v) Practice of Medicine (vi) Paediatrics (vii) Psychiatry in GD Memorial Homoeopathic Medical College & Hospital, Patna (Private) for the session 2025.

2. Round-3 Counselling will be conducted Online.

3. **Eligibility criteria for counselling, Fee Payment procedure, Instructions, Willingness, Choice filling and other details are available in the prospectus of PGMAC(Ayush)-2025 for MD (Homeo) and the related Advertisement No.- BCECEB [PGMAC (Ayush)]-2025/15 dated 05.11.2025 respectively, which can be downloaded from the Board's website bceceboard.bihar.gov.in.**

**Controller of Examination**

# आज 22 लाख 42 हजार मतदाता करेंगे 68 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** 6 नवंबर को जिले के 3364 मतदान केंद्रों में सातो विधानसभा के लिए प्रातः सात बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ होगी। सातों विधानसभा क्षेत्र में 68 प्रत्याशी अपने भाग्य अजमा रहे हैं। इनके भाग्य का फैसला गुरुवार को 22 लाख 42 हजार 867 मतदाता इवीएम का बटन दबाकर करेंगे। वहीं मतगणना स्थानीय नालंदा कालेज में 14 नवंबर को पूरी तरह शांति वातावरण व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाएगा। इसकी सभी तैयारी जिला प्रशासन ने कर लिया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मतगणना समाप्ति के उपरांत 16 नवंबर निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह बिहार में पूरी हो जाएगी।

कुल मतदाता 22 लाख 42 हजार 867 हैं। इसमें पुरुष मतदाता 11 लाख 81 हजार 613, महिला 10 लाख 61 हजार 200 महिला तथा थर्ड जेंडर 54 मतदाता हैं। वहीं 18 से 19 वर्ष आयु के युवा पुरुष मतदाता 24 हजार 920, युवा महिला मतदाता 14 हजार 729 तथा दो थर्ड जेंडर हैं। इस तरह कुल युवा मतदाता 39 हजार 651 हैं। वहीं 85 उम्र की बुजुर्ग पुरुष मतदाता 8865, महिला बुजुर्ग मतदाता 10729 है। इस तरह कुल बुजुर्ग मतदाता जिले में 19 हजार 594 है। इसके अतिरिक्त पीडब्लूडी मतदाता जिले में 20



हजार 676 है। इसमें पुरुष 13718, महिला 6958 तथा थर्ड जेंडर एक मतदाता हैं। वहीं 56 सौ सर्विस वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग विधानसभा चुनाव में करेंगे।

बताया जाता है कि 171 अस्थावां विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवार की संख्या सात है। इसी तरह 172 बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र उम्मीदवार 10, 173 राजगीर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र उम्मीदवार 7, 174 इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र उम्मीदवार 13, 175 हिलसा विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवार 10, 176 नालंदा विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी 10, तथा 177 हरनौत विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी 11 चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह विधानसभावार मतदाता की संख्या में

171 अस्थावां : पुरुष मतदाता एक लाख 59 हजार 726, महिला एक लाख 42 हजार 100 तथा अन्य मतदाता सात, कुल 3,01,833 है।

**172 बिहारशरीफ** : पुरुष दो लाख दो हजार 407, महिला एक लाख 85 हजार 670 अन्य मतदाता 18 कुल मतदाता तीन लाख 88 हजार 95 हैं।

**173 राजगीर सुरक्षित** : पुरुष एक लाख 56 हजार 679, महिला मतदाता एक लाख 41 हजार 346 व अन्य मतदाता तीन। कुल मतदाता दो लाख 98 हजार 30 है।

**174 इस्लामपुर** : पुरुष मतदाता एक लाख 60 हजार 146, महिला मतदाता एक लाख 40 हजार 762 व अन्य मतदाता तीन। कुल मतदाता तीन लाख 911 है।

**175 हिलसा** : पुरुष मतदाता एक लाख 59 हजार 535, महिला मतदाता एक लाख 43 हजार 658 व अन्य मतदाता पांच। कुल मतदाता 3,03,198 है।

**176 नालंदा** : पुरुष मतदाता एक लाख 70 हजार 995, महिला मतदाता एक लाख 52 हजार 957 व अन्य मतदाता नव। कुल मतदाता 3,23,961 है।

**177 हरनौत** : पुरुष मतदाता एक लाख 67 हजार 923, महिला मतदाता एक लाख 50 हजार 42 व अन्य मतदाता छह, इस तरह कुल मतदाता 3,17,971 हैं।

# डीएम ने डिस्पैच सेंटर का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कुंदन कुमार बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु बिहारशरीफ स्थित पैरु महतो सोमरी कॉलेज में अवस्थित 171 अस्थावां डिस्पैच सेंटर एवं सोगरा हाई स्कूल में अवस्थित 172 बिहारशरीफ डिस्पैच सेंटरों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डिस्पैच सेंटर में की जा रही व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मतदानकर्मियों की सुविधा, सामग्री वितरण, सुरक्षा व्यवस्था, लॉजिस्टिक सपोर्ट, वाहन पार्किंग में प्रवेश /



निकास द्वार की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, साफ सफाई की समुचित व्यवस्था, पार्टी मिलान हेतु व्यवस्थाआदि सभी बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा सभी तैयारियों को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने स्वयं मतदान प्रक्रिया के बारे में मतदान कर्मियों से जानकारी प्राप्त की। डिस्पैच सेंटर से पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान केंद्रों तक इवीएम पहुंचाई जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ, भूमि सुधार उप समाहर्ता, बिहारशरीफ सहित जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।


**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **त्रिविक्रम नारायण सिह (ग्राम+पो.- जमुहार, थाना- डिहरी मुफस्सिल, जिला-रोहतास (बिहार) 821305 )**

राजनैतिक दल का नाम : **भारतीय जनता पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **223, औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र**

मैं **त्रिविक्रम नारायण सिंह** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूंः

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | अनुमंडल दंडाधिकारी, डिहरी | परिवाद सं. 58/21-1/24 | लंबित | धारा- 107, भा.द.वि, शांति भंग होने की आशंका |

| क्रम सं० | (ख) **आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


## संवेदनशील घाटों पर प्रशिक्षित तैराकों की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के नदी, तालाब एवं विभिन्न घाटों पर स्नान करने हेतु आगमन को ध्यान में रखते हुए, प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन शाखा, नवादा अमरनाथ कुमार के आदेश के आलोक में सभी संवेदनशील नदी/तालाबों/घाटों पर प्रशिक्षित तैराकों की तैनाती की गई है। जिला प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था इस उद्देश्य से की गई है कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। संबंधित थाना क्षेत्रों एवं अंचल पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित कर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर कोसुक पंचाने नदी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर कोसुक पंचाने नदी में बुधवार की सुबह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह गंगा स्नान का पुण्य प्राप्त करने के उद्देश्य से लोगों ने नदी तट पर पहुंचकर पवित्र जल में डुबकी लगाई। इस दौरान "हर हर महादेव" और "जय गंगे माँ" के जयकारों से पूरा घाट भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने नदी किनारे सूर्य देव को जल अर्पित किया और परिवार व समाज की सुख-समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। नदी तट पर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की अच्छी खासी संख्या दिखी । स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवकों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दीपनगर पुलिस और पारा मिलिट्री फोर्स बिहारशरीफ-राजगीर मुख्य मार्ग जाम न हो जिसको लेकर अलर्ट दिखी। बताया जाता है कि प्रति वर्ष कोसुक में मेला का आयोजन किया जाता था। जिसमे कई तरह के खेल तमासे ,तरह तरह के झूले लगाए जाते थे। वहीं सड़को किनारे दुकाने सजती थी। लेकिन कल बिहार विधानसभा चुनाव होना है। जिसको लेकर मेला इस वार नहीं लगा। शुवह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। कार्तिक पूर्णिमा को हिंदू धर्म में विशेष महत्व प्राप्त है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने से मनुष्य के पापों का क्षय होता है तथा जीवन में शुभ फल की प्राप्ति होती है। आस्था और श्रद्धा से परिपूर्ण यह दृश्य पूरे दिन नदी तट पर बना रहा।

# विधानसभा चुनाव को लेकर डॉ अनुज के सिंह के समर्थकों ने बनाई रणनीति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा विधानसभा क्षेत्र में जनसुराज पार्टी की चुनावी तैयारियों को मजबूती देने के उद्देश्य से प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह की अध्यक्षता में न्यू एरिया स्थित सभागार में एक दिवसीय रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद के सभी वार्ड प्रभारी, पंचायत प्रभारी एवं करीब दो हजार समर्थकों ने अलग-अलग शिफ्टों में भाग लिया। पहले सत्र में सुबह 7 से 11 बजे तक नगर क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता करते हुए एकजुट होकर समर्थन देने का फैसला लिया। दूसरे सत्र में 11 से 3 बजे तक नवादा प्रखंड के पंचायतों से आए प्रतिनिधियों ने 35 वर्षों से चले आ रहे राजनीतिक ढांचे को बदलने का संकल्प लेते हुए समर्थन व्यक्त किया। वहीं अंतिम सत्र में नारदीगंज प्रखंड में आयोजित बैठक में विभिन्न पंचायतों



के लगभग 500 बुद्धिजीवियों ने सभी जाति–धर्म के मतदाताओं के साथ मिलकर बदलाव के पक्ष में अपनी प्रतिबद्धता जताई। बैठक में कोर कमेटी ने संगठन की स्थिति, बूथ स्तर की तैयारी और जमीनी मुद्दों पर विस्तृत फीडबैक लिया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. अनुज सिंह ने 11 नवंबर को "स्कूल का बस्ता" चिन्ह पर मतदान करने की अपील की। समाजसेवी डॉ. शैलेश कुमार ने कहा कि सभा में उमड़ा जनसमर्थन आने वाले परिणामों का संकेत है। अंत में हजारों समर्थकों ने एकजुटता दिखाते हुए डॉ. सिंह को विजयी बनाने का संकल्प दोहराया।

# चुनाव को लेकर जिला नियंत्रण कक्ष पूरी तरह सक्रिय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर प्रशासन ने जमीनी तैयारियों के साथ कंट्रोल रूम स्तर पर भी कड़ी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की है। बिहारशरीफ स्थित हरदेव भवन सभागार में स्थापित जिला नियंत्रण कक्ष पूरी तरह क्रियाशील है। यहां से जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए डिस्पैच सेंटरों से लेकर मतदान केंद्रों तक ईवीएम की आवाजाही पर पल-पल नजर रखी जा रही है। नियंत्रण कक्ष में पदाधिकारी लगातार विभिन्न सेक्टरों से प्राप्त अपडेट की समीक्षा कर रहे हैं। इसके तहत ईवीएम प्रस्थान, सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान कर्मियों की पहुंच और अन्य व्यवस्थाओं का रियल-टाइम मॉनिटरिंग किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर निगरानी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए लाइव वेब-कास्टिंग का ट्रायल भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मतदान के दिन वेब-कास्टिंग के माध्यम से कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील बूथों पर सीधी निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# साइकिल सवार अधेड़ को अज्ञात हाइवा ने कुचला

**रजौली(नवादा।** जिले के रजौली थाना क्षेत्र स्थित बांके मोड़ के समीप बुधवार दोपहर एक दर्दनाक दुर्घटना में साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। अज्ञात हाइवा ट्रक ने अधेड़ को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि शव सड़क पर करीब 200 मीटर तक घसीटता चला गया और कई टुकड़ों में बिखर गया। हादसे में मृतक का शरीर दो भागों में बंट गया, जबकि सिर पूरी तरह कुचल गया। मृतक के हाथ पर "सुनो देवी" लिखा मिला, परंतु खबर लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के टुकड़ों को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल नवादा भेजा। प्रत्यक्षदर्शी दीनदयाल प्रसाद के अनुसार, चौथा गांव की ओर से रजौली की तरफ मुड़ते ही हाइवा ने साइकिल सवार को चपेट में ले लिया और नवादा की ओर फरार हो गया।

# अमर ज्योति बस से 240 बोतल शराब बरामद, तीन गिरफ्तार, बस जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। झारखंड की ओर से बिहार में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की लगातार सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार की सुबह लगभग 4 बजे रांची से पटना जा रही अमर ज्योति बस (संख्या—बीआर06पीइ2551) से 240 पेट बोतल अवैध शराब बरामद की गई। उत्पाद विभाग ने बस को जब्त करते हुए चालक, कंडक्टर और खलासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**छिपाकर ले जाई जा रही थी शराब**

उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि मद्यनिषेध कानून को लागू कराने के लिए चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर वाहनों की कड़ी जांच की जा रही है। कार्रवाई का नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे थे। इसी दौरान अमर ज्योति बस की जांच में लंबे बेलनाकार 12 प्लास्टिक उपकरणों में छिपाकर रखी गई 180 एमएल पैक वाली 8पीएम ब्रांड की 240 पेट बोतलें बरामद हुईं, जिसकी कुल मात्रा 43.200 लीटर है।

**हजारीबाग से बख्तियारपुर भेजी जा रही थी खेप**

गिरफ्तार बस चालक रवि भूषण सिंह (पकड़ीदयाल, पूर्वी चंपारण), कंडक्टर चंदन कुमार (कांटी, मुजफ्फरपुर) और खलासी शंकर कुमार यादव (बासोपट्टी, मधुबनी) ने पूछताछ में बताया कि शराब की खेप हजारीबाग में लोड हुई थी, जिसे बख्तियारपुर में उतारना था। हालांकि, लोड कराने वाले व्यक्ति का नाम-पता उन्हें नहीं मालूम है। बस स्टाफ के मुताबिक, उन्हें केवल बख्तियारपुर में अनलोड कराने वाले का एक मोबाइल नंबर दिया गया था। उत्पाद टीम ने बस की डिक्की में छिपाकर रखे शराब के सभी कंटेनरों को जब्त कर लिया। साथ ही तीनों बस कर्मचारियों को हिरासत में लेकर बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई के दौरान उत्पाद एएसआई पंकज कुमार साव सहित गृह रक्षक के जवान तैनात थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी सूरत में अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **अच्छेलाल प्रसाद (ग्राम-मदिलवा, पो.-रामपुर, थाना -चिरैया, जिला-पूर्वी चम्पारण)**

राजनैतिक दल का नाम : **निर्दलीय**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **20- चिरैया विधानसभा, पूर्वी चम्पारण**

मैं **अच्छेलाल प्रसाद** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूंः

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | विवेक कुमार उपाध्याय न्या० दण्डा० प्रथम श्रेणी सिकरहना ब्राका वाद सं. 1426/2025 | शिकारगंज थाना काण्ड सं. 181/2024 | लंबित | धारा 147, 148, 149, 341, 323, 504, 506 भा० द० वि० मारपीट |
| 2. | ए० सी० जी० एम० 08 मोतिहारी | पताही थाना काण्ड चिरैया सं. 186/2020 | लंबित | धारा 188, 171(F), IPC & SEC 3(I) of the Bihar Prevention of deface-ment Property Act आचार संहिता का उल्लंघन |
| 3. | विवेक कुमार उपाध्याय न्या० दण्डा० प्रथम श्रेणी सिकरहना ढाका वाद सं. 85/2024 | थाना चिरैया सं. काण्ड 28/2005 | लंबित | धारा 147, 148, 149, 323, 341, 504 भा० द० वि० मारपीट |
| 4. | श्री उमेश प्रसाद न्या० दण्डा० प्रथम सिकरहना वाद श्रेणी ब्राका सं. 884/2019 | थाना चिरैया सं. काण्ड 60/2003 | लंबित | धारा 504/34 भा० द० वि० मारपीट |
| 5. | विवेक कुमार उपाध्याय न्या० दण्डा० प्रथम श्रेणी सिकरहना ढाका वाद सं. 35/2024 | थाना चिरैया सं. काण्ड 44/2005 | लंबित | धारा 341, 323, 504, 427/34 भा० वि० द० वि० मारपीट |
| 6. | अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी सिकरहना ढ़ाका वाद सं. 915/2019 C 208/2014 | थाना चिरैया सं. काण्ड 302/2013 | लंबित | धारा 379, 3239 भा० द० वि० चोरी वगैरह |

| क्रम सं० | (ख) **आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# हर हाल में सात नवंबर तक वाहनों को उपलब्ध करवा लें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में डीएम के कार्यालय प्रकोष्ठ में वाहन कोषांग की बैठक सम्पन्न की गई। बैठक में डीएम ने नोडल पदाधिकारी, वाहन प्रबंधन कोषांग सह डीटीओ राजेश कुमार से बस, ट्रक, जीप, ट्रैक्टर, मिनी बस इत्यादि सभी श्रेणी के वाहनों का तैयार सूची तथा अधिग्रहण हेतु नोटिस तामिला कराया गया अथवा नहीं इसकी जानकारी प्राप्त की गई। डीटीओ द्वारा बताया गया कि सभी वाहन मालिकों को अधिग्रहण हेतु नोटिस तामिला करवा दिया गया है साथ ही लॉगबुक खोलते हुए कंप्यूटर तथा पंजी में डाटा संधारित करवाया जा रहा है। वाहन मालिकों को वाहन अधिग्रहण के उपरांत वाहन की राशि उनके खाते में ट्रांसफर करने हेतु वाहन मालिक का नाम मोबाइल नंबर इत्यादि का भी संधारण किया जा रहा है। साथ ही वाहनों के ठहराव स्थल पर लाइट की व्यवस्था एवं माइक की व्यवस्था भी कर दी गई है। वाहनों में ईंधन आपूर्ति हेतु पेट्रोल पंप को चिन्हित कर उनका पेट्रोल पंपों के मालिकों का खाता इत्यादि डाटा का संधारण कर लिया गया है। डीएम ने कहा कि सभी विधानसभा वार वाहन कोषांग में सहायक के रूप में सीओ को नामित किया गया है। हर हाल में 7 नवंबर तक वाहनों को उपलब्ध करवा लें। सभी वाहनों को ऑनलाइन एंट्री भी करवा लें। 7 नवंबर से सभी वाहनों के ड्राइवर को खोराकी देना प्रारंभ करवाये। साथ ही 08 नवंबर को सभी वाहनों में ईंधन भरवा कर रेडी करवायें। शत-प्रतिशत वाहनों को लॉग बुक खोलवाने का कार्य किया जाए। 8 नवंबर को ही सुनिश्चित कर लिया जाए कि कौन सा वाहन किस मतदान केंद्र के लिये जाएंगे, से संबंधित बूथ टैगिंग का कागज वाहनों पर चिपका दिया जाए। सभी वाहनों में निश्चित रूप से जीपीएस लगा हो, इसे सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने डीटीओ को निर्देश दिया है कि ड्राइवर के ठहराव हेतु सभी वाहन पड़ाव स्थलों के समीप टेंट पंडाल, पेयजल, टॉयलेट, स्नानागार, पर्याप्त लाइट, पंखा, मनोरंजन के लिये टीवी इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करवाये। बैठक में वाहन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त कुमार अनुराग, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, डीटीओ सहित वाहन कोषांग के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## व्यय प्रेक्षक ने अभ्यर्थियों एवं प्राधिकृत प्रतिनिधियों से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला परिषद, गया के सभागार में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के अवसर पर गया जिला अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र 229- बोधगया, 230- गया सदर, 232- बेलागंज, 233- अतरी एवं 234- वजीरगंज के लिए निर्धारित द्वितीय व्यय लेखा जांच को व्यय प्रेक्षक, अमन प्रीत, आईआरएस द्वारा निर्वाचन में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों से बुधवार को मुलाकात की गई। इन दौरान उनके साथ निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी, विनायक कुमार राज्य कर अपर आयुक्त गया, अंचल- 01 और ओम कुमार सिन्हा, राज्य कर संयुक्त आयुक्त, गया अंचल- 02 उपस्थित रहे। प्रेक्षक द्वारा उपस्थित अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन में अनुश्रवण पर अनुदेशो के सार संग्रह के अनुसार प्रत्येक अभ्यर्थी को दैनिक निर्वाचन के लेखा का संधारण और प्रचार अवधि के दौरान कम से कम तीन बार निजी रूप से अपने निर्वाचन एजेंट के माध्यम से या अपने द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यय प्रेक्षक, निरीक्षण के लिए पदाभिहित अधिकारी के सम्मुख रजिस्टर प्रस्तुत करने के संबंध में विस्तार से पुनः जानकारी दी गई।

# गया में रेखा गुप्ता का भव्य स्वागत, प्रेम कुमार ने कहा-विकास बनाम अपराध की लड़ाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के तहत बुधवार को गया के आजाद पार्क में दिल्ली प्रदेश की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का व्यवसाय समुदाय की विभिन्न जातियों ने स्वागत किया। महुरी, तेली, अग्रवाल, पटवा, ताती, केसरवानी, हलवाई, कानू, ठठेरा, जैन, रोनियार, मारवाड़ी, पंसारी, सुढ़ी, जायसवाल, कसेरा, सिंदूरीया, स्वर्णकार, कनौजिया हलवाई और मद्धेशिया हलवाई समाज के लोगों ने मिलकर यह आयोजन किया। सभा में बड़ी संख्या में व्यापारी, महिलाएं और युवा मौजूद थे। रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव बिहार के विकास और सुशासन की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला, जन-धन और शौचालय जैसी योजनाओं से गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। उनके अनुसार इन योजनाओं को लागू करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और गया के विधायक डॉ. प्रेम कुमार की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने कहा कि गया की जनता ने 1990 से लगातार डॉ. प्रेम कुमार पर भरोसा जताया है और इस बार की जीत ऐतिहासिक होगी। सभा में एनडीए प्रत्याशी और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज की लड़ाई विकास बनाम अपराध और सुशासन बनाम भ्रष्टाचार की है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी का इतिहास आपराधिक मामलों से जुड़ा रहा है जबकि वे जनता की सेवा के लिए समर्पित हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विकास के पक्ष में मतदान करें और नवमी बार भाजपा की जीत सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में नागमणि, संजय सेठ, डब्लू सिंह, डॉ. जेड खान, रमेश गुप्ता, प्रमोद केसरी, सुमन नगवान और अन्य लोगों ने भी सभा को संबोधित किया।

# मतदाता जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के अवसर पर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु गया जिले के पंचायत भवन, धूसरी, अतरी विधानसभा के अंतर्गत नृत्य-संगीत, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वीप कोषांग, गया तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के अपर महानिदेशक एस. के. मालवीय तथा विभाग प्रमुख कुमार सौरभ के दिशा निर्देश में विभाग के पंजीकृत दल द्वारा किया गया। नुक्कड़ नाटक दल द्वारा प्रस्तुत नाटक में मतदान के महत्व, नैतिक मतदान, आचार संहिता का पालन एवं 'पहले मतदान, फिर जलपान' जैसे संदेशों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र मतदाता का मतदान करना अत्यंत आवश्यक है। कलाकारों ने गीत, संगीत, संवाद और हास्य-प्रसंगों के माध्यम से मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो गया के नोडल अधिकारी अरविन्द कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी धनंजय कुमार, गहलौर थानाध्यक्ष रश्मि कुमारी, महिला पर्यवेक्षक अंजुम वाशाफा एवं काफी ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस पर सभी मतदाताओं को सुगमता एवं सुविधा प्रदान करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। साथ ही युवा, महिला एवं प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं से विशेष रूप से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और महिलाओं ने भाग लिया और नाटक का आनंद लेते हुए मतदान करने का संकल्प लिया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से किया जा रहा है। गया जिला के विभिन्न मतदान क्षेत्र में केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के पंजीकृत दलों द्वारा मतदाता जागरूक कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# नदी में स्नान करने गया 15 वर्षीय किशोर डूबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डोभी /गया।** डोभी के नीलांजना में बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ जहां नदी में स्नान करने गए एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। नदी में डूबे बालक की पहचान प्रिंस कुमार, पिता अखिलेश वर्मा, उम्र लगभग 15 वर्ष के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार प्रिंस कुमार अपने चार साथियों के साथ निलंजना नदी में स्नान करने निकला था। स्नान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत एस डी आर एफ टीम को बुलाया गया। टीम ने नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक किशोर का शव बरामद नहीं हो सका है। इस हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीण बड़ी संख्या में नदी किनारे पहुंच कर तलाश अभियान में सहयोग कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदियों में बिना सुरक्षा उपायों के स्नान करने से परहेज करें।

## कोंच में लोजपा की बैठक, एनडीए उम्मीदवार को जिताने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गया-गोह मुख्य मार्ग स्थित कोंच नहर के समीप एक सभागार में बुधवार को लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गिरजेश शर्मा ने की। इस अवसर पर लोजपा नेता कमलेश शर्मा और औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक में हम प्रत्याशी डॉ. अनिल कुमार को विजयी बनाने पर जोर दिया गया। जानकारी के अनुसार कमलेश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने एनडीए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव में विजय प्राप्त करने का आह्वान किया। वहीं लोजपा नेता कमलेश शर्मा ने कहा कि चिराग पासवान मोदी के हनुमान हैं और हमें इस सीट को जीतकर उन्हें मजबूत बनाना है। मौके पर डॉ. अनिल कुमार समेत पिंटू शर्मा, पवन सिंह, मुन्ना पासवान, नीतीश कुमार, सुनील कुमार व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एनडीए प्रत्याशी को बदनाम करने की साजिश नाकाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** इमामगंज विधानसभा से एनडीए समर्थित हम पार्टी के प्रत्याशी दीपा मांझी सहित एनडीए को बदनाम करने की साजिश का खुलासा एसडीपीओ टेकारी सुशांत कुमार चंचल ने बुधवार को गुरारू थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में किया। श्री चंचल ने बताया कि इस अवैध शराब के धंधे में आमस थाना क्षेत्र का दो पुराने अवैध कारोबारी साकेत कुमार एवं मुन्ना दास को गिरफ्तार किया गया है। इनके शिनाख्त पर दो और अपराधी को पुलिस जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी। इन दोनों पर कई थानों में पूर्व से ही कई मुकदमे दर्ज है। इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर से जब इस वाहन के संबंध में जानकारी लिया गया तो उन्होंने इस वाहन को प्रचार के लिए परमिशन देने से इन्कार किया है। गौरतलब है कि मंगलवार को गुरारू पुलिस ने बाजार के रौना रेलवे फाटक के समीप से इमामगंज क्षेत्र के हम प्रत्याशी दीपा मांझी का पिकअप में बैनर लगाकर अंग्रेजी शराब का परिवहन किया जा रहा था। इस पिकअप से पुलिस ने सतरह कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस संबंध में हम पार्टी के प्रवक्ता राजेश पाण्डेय ने पुलिस पदाधिकारियों से दलित जाति के प्रत्याशी का पोस्टर बैनर लगाकर अंग्रेजी शराब का तस्करी करने वाले अपराधियों एवं गाड़ी मालिक अजय यादव पर अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम में भी मुकदमा दर्ज करने का मांग किया है। इन लोगों के द्वारा दलित प्रत्याशी को बदनाम करने का घिनौना काम किया है। साथ ही साथ आगे बताया कि गुरारू बाजार में राजद के कार्यकर्ताओं के द्वारा ही इस वाहन को पकड़कर विडियो वायरल किया गया था। आरजेडी के कार्यकर्ताओं के द्वारा ही एनडीए का पोस्टर लगा स्वयं के लिए शराब का इस्तेमाल किया जा रहा था। ऐसी स्थिति में विडियो वायरल करने वाले व्यक्ति से पूछताछ करने की आवश्यकता है।

# शांति और धर्म की विजय की प्रतीक देव दीपावली : डॉ. मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** कार्तिक मास की पूर्णिमा के अवसर पर आज विष्णु धाम, गया जी में देव दीपावली का भव्य आयोजन किया गया। इस पवित्र पर्व पर पूरा परिसर दीपों की मनमोहक रौशनी से जगमगा गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने भगवान विष्णु जी की आराधना की और देश एवं समाज के कल्याण की प्रार्थना की। इस दौरान डॉ. मिश्रा ने कहा कि देव दीपावली केवल दीप प्रज्ज्वलन का पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे सनातन धर्म की आध्यात्मिक आस्था, शांति, और धर्म की विजय का प्रतीक है। कार्तिक पूर्णिमा का यह दिन देवताओं के दीपावली मनाने का दिन माना जाता है जब भगवान शिव और भगवान विष्णु की आराधना विशेष फलदायी होती है। उन्होंने कहा कि गया जी की यह पवित्र भूमि मोक्ष और श्रद्धा का केंद्र है जहां देव दीपावली का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है जब हजारों दीप जलाए जाते हैं तो यह केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं होता, बल्कि अंधकार, अज्ञान और अधर्म पर प्रकाश, ज्ञान और सत्य की विजय का संदेश देता है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि 'हम सबका कर्तव्य है कि अपने धर्म, संस्कृति और परंपरा को सहेजें और नई पीढ़ी तक पहुंचाएं।' उन्होंने सनातन धर्मावलंबियों को देव दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और सौहार्द लेकर आए। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु जी की कृपा से गया की यह पवित्र भूमि सदा धर्म, एकता और संस्कार की ज्योति से आलोकित रहे। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड अंतर्गत सरबहदा नवनिर्मित छठघाट में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ पावन अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डूबकी लगा दीप दान किया। नवनिर्मित सरबहदा घाट निर्माण पंचायत मुखिया पूजा कुमारी के हाथों किया गया। साथ ही छठ पूजा के शुभ पावन अवसर पर परवैती के रूप में रहकर इनके कर कमलों द्वारा उद्घाटन भी की गई। नवनिर्मित घाट लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। चारों तरफ चर्चा के साथ खुशी का नजारा देखने को मिल रहा है। छठ से लेकर कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर भी लोग डूबकी लगा रहे हैं। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु कान्हा पूजा, तुलसी पूजा बड़ी धूमधाम से की। इसके उपरांत गंगा स्नान कर वाती विसर्जन का कार्य किया गया। कार्तिक पूर्णिमा अतिमहत्वपूर्ण त्योहरों में सुमार है बड़ी सादगी से त्योहार मनाई जाती है। श्रद्धालु सावित्री कुमारी ने कहा कि श्रद्धालु एकादशी से पूर्णिमा तक पांच दिनों की फलाहारी उपवास व्रत रखा जाता है। कार्तिक माह शुद्ध माह कहलाता है। इस माह में लाल साग, मसूर दाल, लाल समान खाना वर्जित होता है। आज के दिन व्रत तोड़कर दीया दान पुरोहित को की जाती है। मौके पर पिंटू कुमार, गौतम कुमार पांडेय, विनोद कुमार यादव आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का विरोध, आश्वासन के बाद मतदान में लेंगे हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** विधानसभा क्षेत्र के डोभी प्रखंड अंतर्गत केसापी गांव में बुनियादी सुविधा की कमी को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को अनोखा विरोध जताया। गांव के मुख्य सड़क निर्माण में देरी से नाराज ग्रामीणों ने 'रास्ता नहीं तो वोट नहीं' का बैनर लगाकर आगामी चुनाव में मतदान बहिष्कार की घोषणा कर दी। इस कदम से प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई।

सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी मनीष कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल के पास से गुजरने वाला मुख्य रास्ता वर्षों से अधूरा है जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को आवाजाही में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण अर्जुन प्रसाद सहित अन्य लोगों ने कहा कि कई बार शिकायत के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ, इसलिए मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया गया। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि सड़क से जुड़ा भूमि विवाद न्यायालय में लंबित है जिसके चलते कार्य बाधित है। वार्ता के दौरान एसडीओ ने सभी पक्षों की बात सुनी और तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीओ मनीष कुमार ने ग्रामीणों से लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने की अपील की और समस्या जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने मतदान में हिस्सा लेने का निर्णय लिया और बहिष्कार का बैनर हटा दिया।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2025/22**
**दानापुर, दि. 03.11.2025** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :– **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** दानापुर मंडल के अंतर्गत बीकेपी–आरजीडी सेक्शन के वेना (WENA) और बिहारशरीफ (BEHS) यार्ड में डीसी ट्रैक सर्किट को मजबूत करने के साथ–साथ मौजूदा ट्रैक सर्किट के समानांतर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) का प्रावधान सम्बंधित कार्य। **2. अनुमानित लागतः** रूपये 53531149.38, **3. बयाना राशिः** 417700.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 24.11.2025 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 24.11.2025 को 15:30 बजे। **6. वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। **नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

**स० सं० एवं दूर सं० अभि० /दानापुर**
पीआर/1240/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/25–26/36



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2025/21**
**दानापुर, दि. 03.11.2025** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :– **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** दानापुर मंडल के अंतर्गत बीकेपी–आरजीडी सेक्शन के सिलाओ (एसआईएलओ) और राजगीर (आरजीडी) यार्ड में डीसी ट्रैक सर्किट को मजबूत करने के साथ–साथ मौजूदा ट्रैक सर्किट के समानांतर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का प्रावधान सम्बंधित कार्य। **2. अनुमानित लागतः** रूपये 45023891.36, **3. बयाना राशिः** 375100.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 24.11.2025 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 24.11.2025 को 15:30 बजे। **6. वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। **नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

**स० सं० एवं दूर सं० अभि० /दानापुर**
पीआर/1239/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/25–26/36



**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**
**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**POST GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING [PGMAC (Ayush)]-2025 for MD (Unani)**

***Advt. No.*- BCECEB [PGMAC(Ayush)]-2025/20 Dated : 05.11.2025**

**Notice for Round-3 Online Application & Choice Filling**

Online Application with Choice Filling after Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested All India Ayush Post Graduate Entrance Test (AIAPGET)-2025 [Unani] candidates for appearing in the Round-3 Online Counselling of Post Graduate Medical Admission Counselling [PGMAC (Ayush)]-2025 for MD (Unani), who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/05 & 2025/06 Dated 26.09.2025 and are not admitted in any Ayush Colleges of India, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the First Year PG Ayush Courses (BUMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of PGMAC(Ayush)-2025 prepared on the basis of merit list of AIAPGET-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of PGMAC(Ayush)-2025 Online 2nd round counselling held from 31.10.2025 to 01.11.2025.
(a) MD (Unani) Courses ( i) ILmul-Advia (ii) Mahiyatul Amraz (iii) Moalajat (iv) Kulliyat-e-Tib (v) Tahaffuzi wa Samaji Tib in **Govt. Tibbi College, Patna for the session 2025**.
2. Round-3 Counselling will be conducted Online.
3. **Eligibility criteria for counselling, Fee Payment procedure, Instructions, Willingness, Choice Filling and other details are available in the Prospectus of PGMAC (Ayush)-2025 for MD (Unani) and the related Advertisement No.- BCECEB [PGMAC (Ayush)]-2025/19 dated 05.11.2025 respectively, which can be downloaded from the Board's website bceceboard.bihar.gov.in.**

**Controller of Examination**



**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**
**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2025 *for* BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/08 Dated : 05.11.2025**

**Notice for Round-3 Online Application & Choice Filling**

विज्ञापन संख्या- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/06 एवं 2025/07 दिनांक 31.10.2025 के क्रम में UGMAC(Ayush)-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों / सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि UGMAC(Ayush)-2025 की Round-2 Counselling के आधार पर नामांकन पश्चात् रिक्त सीटों पर Online Round-3 Counselling हेतु पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 03.11.2025 से Online Application & Choice Filling ***अथवा*** Consent / Willingness प्राप्त किया जाना था। परन्तु स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार से प्राप्त पत्र संख्या-सं.सं.-16/एम.1-18/2024-1523(आ.चि.) दिनांक 04.11.2025 द्वारा RAC, Patna एवं RAC, Begusarai के BAMS पाठ्यक्रम में क्रमशः 35 एवं 05 अतिरिक्त सीटों की वृद्धि की स्वीकृति देते हुए नामांकन हेतु अनुमति दी गयी है। वृद्धि हुए सीटों को उपलब्ध रिक्तियों में जोड़ दिया गया है।

उपरोक्त के आलोक में Online Application & Choice Filling ***अथवा*** Consent / Willingness करने की तिथि निम्नवत् कार्यक्रम अनुसार विस्तारित की जाती है। Round-3 Counselling हेतु अद्यतन रिक्तियों की संस्थानवार / पाठ्यक्रमवार/ कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं।

2. Round-3 Counselling हेतु उपलब्ध रिक्तियों में सीटों की संख्या बढ़ जाने के कारण Round-1 तथा Round-2 Counselling से नामांकित अभ्यर्थी भी Round-3 Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं। यदि वे Round-3 Counselling में सम्मिलित होना चाहते हैं तो अभ्यर्थी निम्न कार्यक्रम अनुसार Consent / Willingness देंगे तथा यदि अपने Choices में बदलाव करना चाहते हैं तो वे निम्नवत् कार्यक्रम अनुसार अपने भरे गये Choices में बदलाव कर सकते हैं, **परन्तु अपने नामांकित सीट (संस्थान एवं पाठ्यक्रम) को Choice list से हटा नहीं सकते हैं।**

3. Registration and submission of Application-cum-Choice filling तथा Editing / Correction of Application Form Data से सम्बन्धित विवरणी एवं प्रक्रिया विज्ञापन संख्या-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/06 दिनांक 31.10.2025 जो पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध है, से प्राप्त की जा सकती है।

4. **अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे यह ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक विकल्प (Choices) भरें कि सीट आवंटन के क्रम में उन्नयन के कारण रिक्तियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।**

5. Round-3 Seat Allotment/ Document Verification/ Admission से सम्बन्धित पुनर्निर्धारित कार्यक्रम निम्नवत् है;

| Sl. | Programme | Scheduled Date | Re-scheduled Date |
|---|---|---|---|
| i. | Updated Seat matrix posting on Board's website | -- | Already uploaded |
| ii. | **Starting date** of online Registration & submission of Application-cum-Choice Filling / Editing of Application Form data (3rd Round) | 03.11.2025 | 07.11.2025 |
| iii. | **Last date** of online Registration & submission of Application with payment through Debit Card/ Credit Card/ Net Banking/ UPI by Registered candidate / Editing of Application Form data (3rd Round) | 06.11.2025 (10.00 pm) | 10.11.2025 (10.00 pm) |
| iv. | **Consent / Willingness for 3rd Round with Payment** (if any) from such candidates who have already duly submitted the Application Form earlier | 03.11.2025 to 06.11.2025 | 07.11.2025 to 10.11.2025 (10.00 pm) |
| v | Last date of Choice Filling and Locking | 06.11.2025 (11.59 pm) | 10.11.2025 (11.59 pm) |
| vi. | **Publication of Rank Card (3rd Round)** | 08.11.2025 | 12.11.2025 |
| vii. | **3rd Round Provisional Seat Allotment Result publication date** | 11.11.2025 | 15.11.2025 |
| viii. | Downloading of Allotment order (3rd Round) | 11.11.2025 **to** 15.11.2025 | 15.11.2025 **to** 19.11.2025 |
| ix. | **Documents Verification and Admission (3rd Round)** | 13.11.2025 **to** 15.11.2025 | 17.11.2025 **to** 19.11.2025 |

6. पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/06 दिनांक 31.10.2025 की अन्य शर्तें नियम यथावत् रहेंगी।

**परीक्षा नियंत्रक**

संपादकीय

# बिहार विस चुनाव में हिंसा

बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मोकामा विधानसभा क्षेत्र में प्रचार के दौरान एक बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या से राज्य में हिंसा की एंट्री हो गई है। इसी के साथ भाजपा और एनडीए नेताओं द्वारा लालू के समय के जंगलराज की याद दिलाने की रणनीति पर भी बट्टा लगा है। अब तो आरजेडी ही एनडीए राज को महाजंगलराज की संज्ञा देने लगी है। मोकामा की घटना कहीं बिहार चुनाव में 'गेमचेंजर' न बन जाए, इस आशंका से एनडीए ने अपनी रणनीति में कुछ बदलाव किया और इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी और चुनाव में जद यू के बाहुबली नेता अनंत सिंह को जेल भिजवा दिया है। अनंत को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसका मतलब है कि वो चुनाव अब जेल से ही लड़ेंगे। हालांकि अनंत का कहना है कि इस हत्याकांड में उनका हाथ नहीं है, लेकिन अब तक हुई जांच में यही संकेत मिल रहे हैं कि अनंत सिंह इसमें शामिल रहे हैं। गौरतलब है कि कभी लालू प्रसाद यादव के करीबी रहे दुलारचंद यादव की 30 अक्टूबर को चुनाव प्रचार के दौरान कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी। दुलारचंद जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी प्रियदर्शी पीयूष का प्रचार कर रहे थे। बताया जाता है कि दुलारचंद और अनंत सिंह की पुरानी रंजिश है। दुलारचंद इस चुनाव में अनंतसिंह की लगातार पोल खोल रहे थे, जिसका बदला अनंत सिंह ने उन्हें दुनिया से उठवा कर लिया। इस घटना से क्षेत्र में जातीय ध्रुवीकरण और तेज हो गया है। क्योंकि अनंत भूमिहार हैं और दुलारचंद यादव थे। जब विपक्ष के इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया तब चुनाव आयोग सक्रिय हुआ और इस हिंसा के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल हटाया गया। और अनंत सिंह की गिरफ्तारी हुई। वैसे अनंत सिंह के परिवार का इस सीट पर लंबे समय से कब्जा रहा है। गौरतलब है कि दुलारचंद यादव की हत्या से एक दिन पहले गया ज़िले के टिकारी विधानसभा क्षेत्र से हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रत्याशी अनिल कुमार पर भी चुनाव प्रचार के दौरान हमला हुआ था। इसके अलावा राज्य में पिछले दिनों अनिरुद्ध कुमार नाम के एएसआई की हत्या कर दी गई। बिहार चुनाव में हो रही ये हिंसक घटनाएं भाजपा और एनडीए द्वारा राज्य में सुशासन और कानून का राज स्थापित करने के दावों पर पानी फेरती हैं। वैसे भी बिहार में चुनावों के दौरान बाहुबलियों का वर्चस्व नई बात नहीं है। हालांकि पिछले कुछ सालों में राज्य में चुनाव के दौरान हिंसा में काफी कमी आई थी। लेकिन अब यह फिर बढ़ने लगी है। जबकि राज्य में सुशासन बाबू नीतीश कुमार का ही राज है। एसोसिएशन ऑफ़ डेमोक्रेटिक रिफ़ॉर्म्स के बिहार को-आर्डिनेटर राजीव कुमार कहते हैं, इस बार सभी उम्मीदवारों का विश्लेषण होना बाक़ी है, लेकिन जिन विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले लंबित हैं, साल 2015 में उनकी तादाद 40 फ़ीसदी और 2020 में 51 फ़ीसदी थी। इस बार ज़ाहिर तौर पर ये बढ़ेगा। राज्य में बाहुबली उम्मीदवारों की जीतने की संभावना ज़्यादा होती है क्योंकि उनके पास पैसा, पावर और पूरी व्यवस्था में एक तरीके की सामाजिक स्वीकार्यता भी होती है। पहले पॉलिटिकल पार्टी इन बाहुबली उम्मीदवारों को चुनती है और फिर जनता। मोकामा में हुई घटना इसी प्रक्रिया का विस्तार है। सत्तारूढ़ जदयू द्वारा अनंतसिंह को टिकट देने के पीछे भी यही सोच है। हालांकि अनंत सिंह को जेल भिजवाने के पीछे यह रणनीति भी हो सकती है कि उनके प्रति सहानुभूति लहर चल जाए और जेल से ही चुनाव जीत जाएं। अगर ऐसा भी है तो यह स्वस्थ लोकतंत्र की दृष्टि से शुभ नहीं है। बिहार को अतीत में लौटाने की कोशिश को खारिज किया जाना चाहिए।

# जापान की पहली महिला पीएम और एशिया की नई कहानी

**जब जापान के संसद द्वारा साने ताकाइची को प्रधानमंत्री चुना गया तो यह सिर्फ एक व्यक्ति की सफलता नहीं थी, बल्कि एक पूरे राष्ट्र, एक क्षेत्रीय राजनीति के स्वरूप, और एक साझेदारी के नए आयाम के लिए संकेत था। साने ताकाइची की नियुक्ति उस समूचे परिदृश्य का प्रतीक है जिसमें जापान पिछली कई दशकों से है। जापान को विकासशील, तकनीकी रूप से सक्षम तो माना जाता है लेकिन सामाजिक समावेशन और लैंगिक समानता के मामलों में उतना ही पीछे। जापान आज भी महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में बहुत आगे नहीं है। जब किसी महिला को उस समाज में, उस राजनीति में सबसे उच्च पद पर पदस्थ होती है तो यह मैं हो सकती हूँ की कहानी बन जाती है, जिसका असर कई-साल तक भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से महसूस होगा।**

**अंशुमान**



ताकाइची का प्रधानमंत्री बनना जापान की युवतियों के लिए एक सकारात्मक संदेश है। यह उन्हें यह भरोसा दिला सकता है कि जापान की राजनीति और निर्णय लेने के महत्वपूर्ण पदों पर उनके लिए भी अवसर हैं। यह बदलाव दिखाता है कि अब नेतृत्व का अर्थ सिर्फ अनुभव या पारिवारिक पहचान नहीं, बल्कि नई दृष्टि, सुधार की भावना और बदलते समय की चुनौतियों को समझ कर आगे बढ़ने की क्षमता से तय होगा।

इस पूरे वाक्ये को अगर राजनायिक दृष्टि से देखा जाए तो साने ताकाइची का प्रधानमंत्री बनना जापान की वैश्विक छवि एवं उसकी विदेश नीति दोनों के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ है। वह एक ऐसा नेतृत्व शुरु कर रही हैं जिसमें स्थिरता-और-सहयोग पर ज़ोर है, पर साथ ही उनमें पुरानी सोच के साये भी हैं। उदाहरण के लिए, साने ताकाइची चीन के संबंधों में सख्त रुख रखती हैं, और जापान की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहती हैं। विदेश नीति में यह बदलाव कुछ इस तरह देखने को मिलेगाः जापान अब सशक्त मित्र और गठबंधन के रूप में भागीदारी करेगा। जहाँ अमेरिका-जापान रक्षा सहयोग, इंडो-पैसिफिक में भूमिकाएँ, और आपूर्ति-सुरक्षा जैसे विषय पहले से भी ज़्यादा सामने आएँगे। जियोपॉलिटिक्स के संदर्भ में देखें तो यह कहा जा सकता है कि इस मामले में जापान का कूटनीतिक चेहरा संवाद और सहयोग की ओर झुकाव वाला हो सकता है। हालांकि इस पर जापान को सुरक्षा-संकटों के प्रति सजग भी रहना होगा और यह संतुलन बनाना आसान नहीं होगा, क्योंकि आज की वैश्विक राजनीति में संकट नहीं तो पहचान की नहीं की राजनीति बढ़ रही है। एशियाई-प्रशांत क्षेत्र आज बड़े बदलाव से गुज़र रहा है जैसे चीन की तेज़ी, ताइवान विवाद, दक्षिण चीन सागर में तनाव और अर्थव्यवस्थाओं में नए गठजोड़ बन रहे हैं। इस सब में जापान की भूमिका या छवि सिर्फ एक परमाणु शक्ति या आर्थिक दिग्गज देश की नहीं रही बल्कि वह हमेशा स्थिर लोकतांत्रिक शक्ति के रूप में नजर आया है। अब जब महिला प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जापान उस भूमिका को पुनर्विभाजित कर रहा है, तो इससे कुछ नए संकेत मिल सकते हैं।

इन सबमें सबसे पहले जापान के अभी तक की कूटनीति को देखते हुए कहा जा सकता है कि जापान ताकाइची के नेतृत्व में सहयोग-कूटनीति को और प्राथमिकता देगा क्योंकि यह उन तनावों में भी सहायक हो सकता है जहाँ बातचीत कम, टकराव ज़्यादा रहा है। उदाहरण के लिए ताइवान की स्थिति, दक्षिण चीन सागर विवाद, या सीमा-विरोधी गतिविधियों में जापान ने अब तक अमेरिका-सहयोग के माध्यम से भूमिका निभाई है। साने ताकाइची के नेतृत्व में यह भूमिका और स्पष्ट हो सकती है।

दूसरी ओर, उनका रुख 'रक्षा-मजबूती' और आत्म-सुरक्षा की दिशा में भी है जिसमें जापान की संविधान की धारा 9 यानी निष्पक्ष युद्ध न करने की धारा पर पुनर्विचार शामिल हो सकता है। यह विकास क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकता है पड़ोसियों के साथ चुनौतियाँ बढ़ सकती हैं, लेकिन जापान-के-लिए यह एक अवसर है कि वह उत्तरी-एशिया में स्थिरता का स्तंभ बन सके।

इन सब बदलावों के बीच भारत के लिए यह वक्त अवसरों से भरा हुआ है। भारत-जापान का रिश्ता सिर्फ आर्थिक या रक्षा तक सीमित नहीं रहा यह मूल्य-आधारित साझेदारी भी रहा हैः लोकतंत्र, विकास, क्षेत्रीय शांति। अब जब जापान ने अपने नेतृत्व में ऐसा बदलाव किया है, तो भारत के लिए यह कुछ मायनों में तो बेहद खास है। पहला, भारत और जापान मिलकर मानवीय सॉफ्ट-पावर को बढ़ावा दे सकते हैं जैसे कि महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, टेक्नोलॉजी और सामाजिक समावेशन के क्षेत्र में। भारत और जापान के पूर्ववर्ती संबंधों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि जब जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत-जापान सहयोग के नए आयाम खुल सकते हैं विशेष रूप से उस दिशा में जहाँ युवा-महिलाओं को राजनीति, नेतृत्व और टेक्नोलॉजी में बढ़ावा मिले।

दूसरा, सुरक्षा-और-रणनीति के क्षेत्र में भारत-जापान और भी करीब आ सकते हैं। जापान के इंडो-पैसिफिक रणनीति और भारत के 'नी मेघा भारत' दृष्टि में बहुत साम्य है। साने ताकाइची के नेतृत्व में जापान रक्षा सहयोग, समुद्री-सुरक्षा और आपूर्ति-शृंखला सुरक्षा में भारत के साथ साझेदारी को और विस्तार दे सकता है।

तीसरा, इस बदलाव से भारत-जापान कूटनीति में मानवीय चेहरे का आयाम बढ़ सकता है जहाँ सिर्फ व्यापार-मिलाप नहीं, बल्कि विकास-साझेदारी, तकनीकी-मजबूती और सामाजिक-स्थिरता को समान रूप से देखा जाए। यह विशेष रूप से एशिया-प्रशांत में भारत की भूमिका को और गहरा कर सकता है एक ऐसा क्षेत्र जहाँ सहयोग को शक्ति-का भाषा माना जा सके।

हालांकि साने ताकाइची का राजनीतिक सफर बताता है कि वे बहुत पारंपरिक और बहुत सकारात्मक महिला- प्रतीक नहीं हैं ना ही उन्होंने लैंगिक सुधारों पर बहुत तेज़ी नहीं दिखाई थी। उनके नीतिगत रवैये में पुराने एजेंडा भी शामिल हैं। इसलिए भारत-जापान साझेदारी में यह देखना होगा कि देखी गयी 'महिला-प्रधान नेतृत्व' सिर्फ प्रतीकात्मक न बन जाए। साथ ही, दक्षिण कोरिया-चीन-ताइवान जैसे पड़ोसी देशों के साथ जापान-के-रिश्ते तनावपूर्ण हो सकते हैं, जिससे भारत-जापान के बीच रणनीतिक साझेदारी पर असर पड़ सकता है।

जब जापान ने अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी, तो यह सिर्फ एक पद परिवर्तन नहीं था बल्कि यह एक सोच में बदलाव का प्रतीक था। यह उस पल का संकेत था जब एक देश ने अपनी पुरानी परंपराओं और सीमाओं को नए नजरिए से देखना शुरू किया। जियोपॉलिटिकल रूप से यह कयास लगाये जा रहे हैं कि अब जापान सिर्फ ताकत दिखाने वाला देश नहीं रहना चाहता, बल्कि सहयोग, संवाद और आपसी समझ पर आगे बढ़ने की दिशा में कदम रख रहा है। दुनिया के नज़रिए से भी यह बदलाव अहम है क्योंकि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नई संभावनाएं जन्म ले रही हैं, रिश्तों की परिभाषा बदल रही हैं और नए साझेदारी के रास्ते खुल रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि भारत के लिए यह समय सिर्फ देखने का नहीं, बल्कि इस परिवर्तन का हिस्सा बनने का है ताकि हमारी साझेदारी केवल आर्थिक या रणनीतिक न होकर मानवीय मूल्यों, आपसी विश्वास और साझा विकास पर आधारित हो।

अध्यात्म

## तोटकाचार्य कैसे बने शंकराचार्य के प्रिय शिष्य

जब आदिगुरु शंकराचार्य बद्रीनाथ धाम में वेदान्त दर्शन पर अपनी प्रसिद्ध शारीरिक भाष्य की रचना कर रहे थे। वहाँ उस समय वो अपने विद्वान शिष्यों पद्मपादाचार्य , सुरेश्वराचार्य , हस्तामलकाचार्य आदि के साथ रह रहे थे। दिन भर के चिंतन-मनन के बाद शंकराचार्य अपने शिष्यों को ज्ञान देते थे। इन सभी मेधावी छात्रों में शंकराचार्य के एक मंदबुद्धि शिष्य थे जिनका नाम गिरी था। वह भले ही मूर्ख रहे हों पर वो अपने गुरु के प्रति निष्ठा भाव से समर्पित शिष्य थे। गिरी के लिए उनके गुरु ही सर्वस्व थे, जीवन थे। अन्य साथी कई बार गिरी का उपहास भी करते पर गिरी इस सबसे अप्रभावित अपने गुरुसेवा में लीन रहते थे। पर जब वो अन्य साथियों को रचनाएं करते देखते थे तो प्रायः उनसे पूछते थे कि क्या उनका भी कुछ हो सकता है? वह गुरुसेवा में तत्पर हमेशा अपने ज्ञान को लेकर परेशान रहते थे कि उनके मूढ़ मस्तिष्क में क्या काभी कोई ज्ञानाक्षर स्थापित होगा भी या नहीं? वो भले ही अत्यंत मूर्ख थे पर शंकराचार्य उनको अपनी कक्षा में बुलाना काभी नहीं भूलते थे।

इसी तरह एक दिन आचार्य अपनी नियमित कक्षा लेने के लिए अपने आसान पर आसीन थे। पद्मपादाचार्य, सुरेश्वराचार्य, हस्तामलकाचार्य आदि सभी कक्षा के लिए उपस्थित थे पर गिरी अनुपस्थित थे। शंकराचार्य ने विनम्र शब्द में पूछा, गिरी कहाँ है? शिष्यों ने बताया कि वह नदी के तट पर गया हुआ है, शायद वहीं विलंब हो रहा हो उसे। इसपर गुरु ने कहा कि वो गिरी की कक्षा में आने की प्रतीक्षा करेंगे और ध्यान में लीन हो गए। काफी देर हो जाने पर एक शिष्य पद्मपाद ने उनका ध्यान भंग करते हुए कहा कि गुरुवार कक्षा प्रारंभ करें, गिरी का कक्षा में उपस्थित होना या ना होना दोनों बराबर ही है। वह निरा मूढ़ है , जिसकी बुद्धि दीवार के समान है।

पद्मपाद की बातों से आचार्य भगवत्पादशंकर थोड़े आहत हो गए और उनको यह बात स्पष्ट समझ आ गई कि उनके शिष्यों में अपनी विद्वता पर अहंकार आ गया है। यह देखकर शंकराचार्य मुस्कराए और एक क्षण के लिए ध्यानस्थ हो गए। उधर घाट पर गए हुए गिरी अपने गुरु का वस्त्र धुल रहे थे। कपड़े धुलते हुए अचानक गिरी को उनके गुरु की अंतःकरण से आवाज सुनाई पड़ी, %यह लो गिरी, बुद्धि और ज्ञान लो।% गुरु की आवाज सुनते ही वो आश्रम की तरफ दौड़े और अपने गुरु को देखते ही सबसे कठिन कहे जाने वाले तोटक छन्दों में अपने आचार्य की स्तुति करने लगे। यह देखकर सभी आश्चर्यचकित थे। उन्होंने जो स्तुति की थी वह कुछ इस प्रकार थी- विदिताखिलशास्त्र सुधा जलधे, महितोपनिषत्कथितार्थनिधे.. वहाँ अवाक् बैठे सभी शिष्य तब और ज्यादा अवाक् हो गए जब उन्होंने देखा कि गुरु शंकराचार्य ने गिरी को आदेश देते हुए कहा कि आज उनकी जगह पर गिरी ब्रह्मसूत्र पर शंकराचार्य के मन्तव्य को समझाएंगे। और जब उन्होंने अपनी गुरु की आज्ञा का पालन किया तब सभी अन्य शिष्यों को अपने कृत्य पर पछतावा हुआ और उन्होंने गुरु से क्षमा याचना की। आदि शंकराचार्य ने उन्हें क्षमा करते हुए गिरी से कहा कि, चूंकि तुमने अपनी पहली रचना सबसे कठिन तोटक छंद में की है, इसलिए आज से संसार तुम्हें तोटकाचार्य कह कर बुलाएगा।

# दिल्ली में असफल रहे कृत्रिम बारिश के उपाय

**दिल्ली में दीपावली पर पटाखों के विस्फोट, पराली का जलना और ठंड की दस्तक के साथ ही वायु प्रदूषण बढ़ने लगता है, अतएव राजधानी क्षेत्र का जन-जीवन स्वास्थ्य कारणों से प्रभावित हो उठता है। मेडिकल जर्नल लैंसेट में हैरानी में डालने वाले सर्वे में बताया है कि भारत में 2010 की तुलना में 2022 में वायु में पीएम 2.5 कणों की मात्रा 38 प्रतिशत से ज्यादा हो चुकी है, इसलिए 17 लाख से भी ज्यादा लोग असमय मौत की गोद में सो गए। इससे भारी आर्थिक हानि भी देश को उठानी पड़ी है। इसी समस्या से निपटने के लिए दिल्ली में कृत्रिम बारिश (क्लाउड सीडिंग) की गई। परंतु बादलों में पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण कृत्रिम बारिश का प्रयोग सफल नहीं रहा। वस्तुतः परीक्षण रोक दिया गया।**

**प्रमोद भार्गव**

यह क्लाउड सीडिंग पश्चिमी विक्षोभ के कारण बादलों से घिरे आसमान में दिल्ली के बुराड़ी के क्षेत्र में दो परीक्षण के उपाय किए गए थे। इन परीक्षणों में कुल 16 फ्लेयर्स से सिल्वर आयोडायड और सोडियम क्लोराइड योगिकों का मिश्रण चार से छह हजार फीट की ऊंचाई पर बादलों में छोड़ा गया। लेकिन बारिश नहीं हुई। हालांकि थोड़ी बहुत बूंदें नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जरूर धरती को भिगो गईं। कृत्रिम बारिश कराने की कोशिश में लगे कानपुर आईआईटी के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने दावा किया है कि क्लाउड सीडिंग के असर से ही यह बारिश हुई है। इसी कारण राजधानी के कुछ स्थलों पर कणीय पदार्थ (पीएम) 2.5 और पीएम 10 में कमी दर्ज की गई है। अतएव यह अभियान पूरी तरह सफल रहा। हालांकि कृत्रिम बारिस नहीं होने की नाकामी को बादलों में पर्याप्त नमी नहीं होने का बहाना बनाया जा रहा है। हकीकत यह है कि कृत्रिम बारिश का उपाय पूरी तरह असफल रहा है। यह बारिश दिल्ली सरकार करा रही है। इस अभियान के अंतर्गत कानपुर की हवाई पट्टी से सेना के विमान ने उड़ान भरी और एक बहुत बड़े हिस्से में वर्षा कराने वाले मिश्रण का छिड़काव किया। यह छिड़काव लंबाई में 25 नाटिकल मील और चौड़ाई में चार नाटिकल मील क्षेत्र में किया गया। पहले चरण में विमान ने करीब 4 हजार फीट की ऊंचाई पर उद्देश्य को पूरा किया। इसमें आठ फ्लेयर्स दागे गए। लगभग 18.5 मिनट के इस अभियान के बाद विमान नीचे लाया गया और दूसरा चरण शाम 3 बजकर 55 मिनट पर शुरू हुआ। इस बार 5 से 6 हजार फीट की ऊंचाई से बादलों में रसायन का छिड़काव आठ फ्लेयर्स से किया गया। आईआईटी की रिपोर्ट के मुताबिक बादलों में नमी की मात्रा 15 से 20 प्रतिशत तक ही थी, जो कृत्रिम बारिश के लिए उपयुक्त स्थिति नहीं थी। जब इस स्थिति का आकलन कर लिया गया था, फिर विपरीत वायुमंडल में प्रयोग किए ही क्यों गए ? इस बावत आईआईटी ने बहाना बनाया कि यह स्थिति कम नमी वाली स्थितियों में सीडिंग की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए उचित थी। इसलिए ये परीक्षण किए गए। दिल्ली राज्य के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ऐसे प्रयोग राजधानी क्षेत्र में फरवरी 2026 तक किए जाते रहेंगे। अब मौसम विज्ञानी रिपोर्ट के आंकड़ों का गंभीर अध्ययन करने के बाद कृत्रिम बारिश के आगे के उपाय करेंगे। कृत्रिम बारिश की तकनीक अत्यंत महंगी होने के साथ गारंटी से बारिश कराने वाली नहीं है। इसमें संदेह बना रहता है कि पर्याप्त धन खर्च करने के बावजूद कृत्रिम बारिश होगी अथवा नहीं ? इसीलिए मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा है कि इस उपाय की कुल लागत करीब 60 लाख रुपए आई है। यह मोटे तौर पर प्रति वर्ग किमी लगभग 20,000 रुपए बैठती है। यदि यह परीक्षण 1000 वर्ग किमी क्षेत्र में किया जाता है तो इसकी लागत 2 करोड़ रुपए होगी। यदि यह परीक्षण पूरे शीतकाल में जारी रखा जाए तो इसकी लागत लगभग 25 से 30 करोड़ रुपए आएगी। हालांकि यह धनराशि इसलिए बहुत बड़ी धनराशि नहीं है, क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण पर खर्च की जाने वाली कुल धनराशि इससे कहीं ज्यादा है। विशेषज्ञों का मानना है कि कृत्रिम बारिश कराना धन की बार्बादी के अलावा कुछ नहीं है। एक बार बारिश के बाद दो-तीन दिन के भीतर प्रदूषण फिर बढ़ जाता है। अतएव प्रदूषण की स्थायी रोकथाम जमीनी स्तर पर हो जाती है तो कहीं बेहतर है।

श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार तेज गर्मी या प्रलय आने पर सांवर्तक सूर्य अपनी प्रचंड किरणों से पृथ्वी, प्राणी के शरीर, समुद्र और जल के अन्य स्रोतों से रस यानी नमी खींचकर सोख लेता है। नतीजतन उम्मीद से ज्यादा तापमान बढ़ता है, जो गर्म हवाएं चलने का कारण बनता है। यही हवाएं लू कहलाती हैं। परंतु अब यही हवाएं देश के पचास से ज्यादा शहरों को 'उष्मा-द्वीप' (हीट आइलैंड), धुंध और वायु प्रदूषण में बदल रही हैं। आमतौर से गर्म हवाएं तीन से आठ दिन चलती हैं और एक-दो दिन में बारिश हो जाने से तीन-चार दिन राहत रहती है, लेकिन गर्म हवाएं चलने की निरंतरता बनी रहती है। जिसने कई शहरों को ऊष्मा-द्वीप में बदलकर रहने लायक नहीं रहने दिया है। इसके प्रमुख कारणों में शहरीकरण का बढ़ना और हरियाली का क्षेत्र घटना माना जा रहा है। अतएव हमें अपने महानगर जलवायु के अनुरूप बनाने होंगे। उसके लिए बहुमंजिली इमारतों पर वर्टिकल स्थिति में खेती करनी होगी। इससे तात्कालिक छुटकारे के लिए कृत्रिम बारिश के उपाय भी किये जा सकते हैं। लेकिन महंगे होने के कारण इन उपायों को एक साथ कई महानगरों में अमल में लाना आसान नहीं है।

कुछ समय पहले गर्मी से तपते दुबई में ड्रोन के जरिए बादलों को बिजली के झटके देकर बारिश कराई गई थी। बारिश कराने की यह नई तकनीक है। इसमें बादलों में बिजली के झटके देकर बारिश कराई जाती है। इसके प्रभाव से बादलों में घर्षण होता है और बारिश होने लगती है। लेकिन दुबई के बादलों को बिजली का कुछ ज्यादा झटका लग गया, नतीजतन दुबई और आसपास के शहरों में ऐसी जमकर बारिश हुई कि बाढ़ का सामना करना पड़ गया। अतएव कृत्रिम बारिश खतरनाक भी साबित हो सकती है, यह पहली बार पता चला! गर्मी से तपते संयुक्त अरब अमीरात ने द्रोण के जरिए बादलों को पहले कृत्रिम मेधा से इलेक्ट्रिक चार्ज किया गया था। दरअसल यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के वैज्ञानिक इस पर पिछले कुछ समय से काम कर रहे थे।

इस तरह से बारिश कराना बेहद महंगा है। कृत्रिम बारिश के अन्य तरीकों में पहले कृत्रिम बादल बनाए जाते हैं और फिर उनसे बारिश कराई जाती है। चीन ने इस तकनीक से बारिश कराने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है।

पांचवें दशक में वैज्ञानिकों ने प्रयोग करते हुए महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कृत्रिम बारिश कराई थी। दिल्ली में पिछले साल शीत-ऋतु में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम बारिश की तैयारी कर ली गई थी,लेकिन संभव नहीं हुई। भारत में कृत्रिम बारिश की शुरुआत 70 साल पहले हुई थी। तब कृत्रिम बारिश के जाने-माने मौसम विज्ञानी एसके चटर्जी की अगुवाई में गैस के गुब्बारों से बारिश कराई गई थी। कृत्रिम बारिश करना एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। इसके लिए पहले कृत्रिम बादल बनाए जाते हैं। पुरानी और सबसे ज्यादा प्रचलित तकनीक में विमान या रॉकेट के जरिए ऊपर पहुंचकर बादलों में सिल्वर आयोडाइड मिला दिया जाता है। सिल्वर आयोडाइड प्राकृतिक बर्फ की तरह होती है। इसकी वजह से बादलों का पानी भारी हो जाता है और बरसात हो जाती है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि कृत्रिम बारिश के लिए बादल का होना जरूरी है। बिना बादल के क्लाउड सीडिंग नहीं की जा सकती है। बादल बनने पर सिल्वर आयोडाइड का छिड़काव किया जाता है। इसकी वजह से भाप पानी की बूंदों में बदल जाती है और इनमें भारीपन आ जाता है। फिर गुरुत्वाकर्षण बल की वजह से ये धरती पर गिरने लगती हैं। वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल ऑर्गेनाइजेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के 56 देश क्लाउड सीडिंग का प्रयोग कर रहे हैं। इस तरह की बारिश का पहला प्रयोग फरवरी 1947 में ऑस्ट्रेलिया के बाथुर्स्ट में किया गया था। इसे जनरल इलेक्ट्रिक लैब ने अंजाम दिया था। छठे और सातवें दशक में अमेरिका में कई बार कृत्रिम बारिश करवाई गई। ज्यादातार मामलों में कृत्रिम बारिश सूखे की समस्या से बचने या फिर गर्मी से राहत के लिए की जाती है। चीन ने 2008 में ओलंपिक खेलों के लिए बारिश के खतरे को टालने हेतु कृत्रिम बारिश कराई थी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

कार्यक्षेत्र में आपको अत्यधिक व्यस्त रहना पड़ेगा। आप अपनी स्किल्स बढ़ाने का प्रयास करेंगे। विवाह योग्य सन्तान का विवाह तय हो सकता है।

**वृषभ**

जल्दबाजी में किये गये कार्यों का यथोचित परिणाम मिलने में समस्या होगी। पारिवारिक सदस्यों के बीच सौहाद्र का भाव बढ़ेगा।

**मिथुन**

छात्रों को अपने सहपाठियों और शिक्षकों से सहायता मिलेगी। प्रेमी जन के साथ अच्छा समय बितायेंगे। सोशल मीडिया पर आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

**कर्क**

आज कोई महत्वपूर्ण कार्य आरम्भ न करें। करियर में अनेक अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। घरेलू समस्याओं को बाहर के लोगों से शेयर न करें।

**सिंह**

आपके सभी काम समय पर और निर्बाध होंगे। किसी परिजन के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे।

**कन्या**

नौकरीपेशा लोगों को बोनस मिल सकता है। साइटिका के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। अधूरे पड़े सरकारी कार्यों को पूरा करने में सफलता मिलेगी।

**तुला**

कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। छात्रों को पढ़ाई में बड़ी सफलता मिल सकती है। महिला वर्ग अपने करियर को लेकर अत्यन्त सक्रिय रहेंगे।

**वृश्चिक**

पैतृक सम्पदा की प्राप्ति हो सकती है। लेकिन रियल एस्टेट कारोबारियों के लिये दिन अच्छा नहीं है। फूड इण्डस्ट्री से जुड़े लोगों के कारोबार में वृद्धि होगी।

**धनु**

नया प्रोजेक्ट शुरू कर सकते हैं जिनमें आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपने लक्ष्य को लेकर आप पूरे जुनून से काम करेंगे।

**मकर**

कारोबार में मित्रों का सहयोग ले सकते हैं। करियर में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। अनुसन्धान और शोध कार्यों में सफलता मिल सकती है। दिखावे की प्रवृत्ति से बचें।

**कुंभ**

आज आप अत्यन्त सकारात्मक महसूस करेंगे। दिन की शुरूआत बहुत खुशनुमा रहने वाली है। आप अपने लक्ष्य को सरलता से प्राप्त कर लेंगे।

**मीन**

जीवनसाथी के साथ संवादहीनता परेशानी का कारण बनेगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। अपने खानपान और दवाइयों का ध्यान रखें।

# ऑटो व हाइवा की टक्कर, तीन की मौत

## परसा बाजार थाना के पटना गया डोभी नेशनल हाईवे पर सिमरा गांव के पास सुबह साढ़े चार बजे हुआ हादसा






**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए पटना आ रहे श्रद्धालुओं से भरे ऑटो को सोमवार तड़के 4:30 बजे पटना-डोभी गया नेशनल हाईवे पर सिमरा गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही श्रद्धालुओं से भरा ऑटो सड़क किनारे गहरे पानी भरे गड्ढे में पलट गई.वही हाईवा लेकर चालक फरार हो गया.मौके पर अफरातफरी मच गई. घायल चीखते-रोते सड़क पर तड़पते रहे, वहीं उनके परिजन और साथी दहाड़ मारकर रोने लगे. कुछ ही देर में पूरा इलाका चीख-पुकार से गूंज उठा. इसी बीच परसा बाजार थाना पुलिस और जीरोमाइल ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव शुरू किया.हादसा सुबह करीब 4:30 बजे हुआ. टक्कर के बाद दो महिलाओं की मौके पर ही दबकर मौत हो गई, जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया. जहाँ इलाज के दौरान एक और व्यक्ति की मौत हो गई.सभी मृतक और घायल आपस में परिचित व रिश्तेदार बताए जाते हैं और कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए जहानाबाद के काको क्षेत्र से पटना जा रहे थे. ऑटो में महिलाएं, पुरुष और बच्चे समेत कुल 14 लोग सवार थे.हादसे के बाद एनएच-22 पर कुछ देर तक अफरातफरी का माहौल रहा. घटनास्थल पर जान गंवाने वालों में ललीता देवी (62 वर्ष), पति स्व. रामरतन मालाकार, ग्राम करनौथ, थाना मखदुमपुर, जिला जहानाबाद और लता देवी (44 वर्ष), पति संजय यादव, ग्राम अमरविगहा, थाना वेलागंज, जिला गया शामिल हैं. वहीं तीसरे मृतक रामनरेश यादव (55 वर्ष), पिता स्व. बाबू चांद यादव, ग्राम केयाम चक, थाना मखदुमपुर, जिला जहानाबाद ने पटना पीएमसीएच में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. परसा बाजार थाना अध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि हाइवा चालक टक्कर मारकर फरार हो गया. दो महिलाओं की मौत पानी में औटो के नीचे दबने से हो गई. जीरोमाइल ट्रैफिक प्रभारी नीरज कुमार झा ने पुष्टि की कि दो लोगों की मौत घटनास्थल पर हुई थी जबकि एक की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई है. घायलों को पीएमसीएच में उपचार कराया गया है. पुलिस ने ऑटो को जब्त कर लिया है और फरार हाइवा चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. उधर इस हादसे की जानकारी जैसे ही जहानाबाद में मृतक के परिवार वालों को मिली परिजनों में कोहराम मच गया . रोते बिलखते हुए परिजन पटना के लिए रवाना हो गए. सभी शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए हैं.

# बीएस कॉलेज डिस्पैच सेंटर पर चुनाव सामग्री का हुआ वितरण

**ईवीएम के साथ मतदानकर्मी पोलिंग बूथ के लिए रवाना, संवेदनशील केंद्रों पर अर्धसैनिक बल तैनात रहेंगे**






**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीएस कॉलेज परिसर में बने ईवीएम डिस्पैच केंद्र से बुधवार को दानापुर व मनेर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले गुरूवार चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को ईवीएम व अन्य सामग्री का वितरण किया गया. निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ दिव्या शक्ति व एएसपी शिवम धाकड ने बताया कि कडी सुरक्षा के साथ पीठसीन पदाधिकारी ने ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट व सीलिंग से संबंधित सामग्री के साथ मदान केंद्रों के लिए रवाना हुए. एसडीओ ने बताया कि दानापुर विधानसभा में 411 बूथों में करीब 33 बूथों पर वेव कास्टिंग की व्यवस्था की गई है और जिसमें 20 चलंत मतदान केंद्र बनाया गया है. 41 सेक्टर बनाया गया है और 6 जोन बनाया गया है और एक जोन और एक सुपर जोन दंडाधिकारी को तैनात किया गया है. दियारा में 56 बूथ है और करीब 60 हजार मतदाता है और तीन क्यूआरटी और एक कंट्रोल रूम बनाया गया है. दानापुर विधानसभा में कुल मतदाता की संख्या 3,75, 448 है. जिसमें पुरुष 1,77, 324 और महिला 1,98,114 मतदाता और 10 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं. मतदान केंद्र 86 छावनी परिषद कार्यालय परिसर को आदर्श मॉडल मदान केंद्र बनाया गया है. जबकि 60 पिंक मतदान केंद्र और चुल्हाईचक प्राथमिक विद्यालय में पीडब्लूडी मतदान केंद्र बनाया गया है.एसडीओ ने बताया कि सभी मतदान कर्मियों से कहा कि वे सुबह 5.30बजे अपने -अपने बूथ पर मॉक पोल कराएंगे ओर 7 बजे से मतदान आरंभ करेंगे. एसडीओ व एएसपी शिवम धाकड ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में आम लोगों से सहयोग की भी अपील की है. दानापुर व मनेर विस निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक के ने भी डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया और कुछ देर तक अपनी निगरानी में ईवीएम को डिस्पैच कराया . वही सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रवीण चंदन कुमार ने बताया कि बीएस कॉलेज डिस्पैच केंद्र से पीठसीन पदाधिकारी व मतदान कर्मियों के बीच ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट व सीलिंग से संबंधित सामग्री का वितरण किया गया है . उन्होंने बताया कि मतदानकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्थ के साथ ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट व सीलिंग से संबंधित सामग्री लेकर बूथों के लिए रवाना हो गये है. उन्होंने बताया कि 187 मनेर विधानसभा क्षेत्र में कुल 406 मतदान केंद्र हैं. जिसमें 3 चलंत मतदान केंद्र हैं. 48 सेक्टर बनाया गया है और सुपर जोन 5 बनाया गया है. कुल मतदाता की संख्या 3,32, 896 है. जिसमें पुरुष 1,76,196 और महिला 1,56,690 मतदाता और 11 ट्रांसजेंडर मतदाता है. उन्होंने बताया कि तीन मॉडल मतदान केंद्र बनाया गया है और तीन पिंक मतदान केंद्र बनाया गया है. मनेर विस क्षेत्र में 48 मतदान केंद्र दियारा में है.

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव को लेकर खानकाह मुजीबिया के सज्जादा नशी की अपील, मुसलमान सोच-समझकर करें मतदान

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खानकाह मुजीबिया फुलवारी शरीफ के सज्जादा नशी हजरत मौलाना अयातुल्लाह कादरी ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मुसलमानों के नाम एक अहम पैगाम जारी किया है. उन्होंने कहा कि वोट मुसलमानों की ताकत और आवाज है, इसलिए इसे जज्बात में नहीं बल्कि होशमंदी और दूरअंदेशी के साथ इस्तेमाल किया जाए. उन्होंने मुसलमान समाज से अपील की कि वे ऐसे उम्मीदवार और पार्टी को वोट दें जो उनके दीन, तालीम, अमन, रोजगार और संवैधानिक हकों की हिफाजत के लिए ईमानदारी से काम करती हो. मौलाना कादरी ने कहा कि वक़्त की मांग है कि मुसलमान एकजुट होकर समझदारी के साथ फैसला लें, ताकि उनका वोट सही मायनों में उनकी मिल्ली और सामाजिक मजबूती का जरिया बन सके.

### चुनाव को लेकर गंगा नदी में नाव के परिचालन पर प्रतिबंध

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ दिव्या शक्ति ने बताया कि दानापुर विधानसभा चुनाव को देखते हुए गंगा नदी में नाव का परिचालन पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. उन्होने बताया कि दियारा के मतदाताओं को पहचान पत्र देखने के बाद ही दियारा में मत देने के लिए जाने दिया जायेगा. उन्होंने बताया कि सुरक्षा दृष्टिकोण को देखते हुए गंगा नदी में मोटरवोट और नाव का परिचालन पर रोक लगाया दिया गया है और क्यूपीओएम फेरी टीम ही गंगा नदी में गश्ती करेंगा.

### कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों ने लगाई डुबकी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को कार्तिक पुर्णिमा के अवसर पर मनेर के हल्दी छपरा स्थित पवित्र संगमस्थली पर हजारो महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर भगवान भास्कर को नमस्कार किया। हालांकि के स्थानीय प्रशासन की ओर से संगम और गंगा घाट पर किसी तरह की सुविधा या व्यवस्था नहीं थी। जबकि मनेर नकदी छपरा सहित कई जगहों में अधिकांश घाट खतरनाक थी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने महावीर टोला, ब्यापुर, दरवेशपुर, शेरपुर, छितनावा, ब्रह्मचारी गंगा घाट सहित आदि घाटो पर लोगो ने डुबकी लगाई। इस दौरान अरवल, बिक्रम, मसौढ़ी, भोजपुर, औरंगाबाद, बिहटा, दानापुर, पालीगंज, दुल्हिन बाजार सहित कई जगहों के हजारों लोगों ने गंगा नदी में स्नान की। श्रद्धालुओं ने संगम पर ब्राह्मणों के बीच अनाज, पैसा सहित अन्य चीजों को दान किया। वही हल्दी छपरा मार्ग पर सुबह से ही लेकर शाम तक जाम की स्थिति बनी रही। जिसे लेकर लोग पैदल दूरी तय कर गंगा घाट और संगम स्थल तक पहुंचे।



### अर्धसैनिक बलों की निगरानी में फुलवारी विधानसभा क्षेत्रों में आज होगा मतदान

**461 बूथों पर वोटिंग आज, फुलवारी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम.**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान होगा. इस सुरक्षित (एससी) सीट पर कुल 3 लाख 51 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. 2020 में यहां 3 लाख 47 हजार 816 मतदाता पंजीकृत थे,



जिनमें से 2 लाख 05 हजार 876 मतदाताओं ने वोट डाला था और मतदान प्रतिशत 59.2 दर्ज हुआ था. इस बार भी प्रशासन ने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए व्यापक तैयारी की है. फुलवारी क्षेत्र में कुल 461 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 323 बूथ फुलवारी प्रखंड और शेष बूथ पुनपुन प्रखंड में स्थित हैं. हर मतदान केंद्र पर चार मतदान कर्मी तैनात किए गए हैं, जबकि रिजर्व कर्मियों की भी अलग व्यवस्था है. मतदान दलों को बुधवार को फुलवारी शरीफ प्लस टू हाई स्कूल परिसर से ईवीएम और अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई. सामग्री वितरण के दौरान पूरे परिसर में मतदान कर्मियों की भारी भीड़ उमड़ी और फुलवारी शरीफ-पटना मुख्य मार्ग पर करीब चार घंटे तक जाम लग गया. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती है. हर बूथ पर अर्धसैनिक बलों के साथ जिला पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं. संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त बल और चौकसी की व्यवस्था रखी गई है.

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई 17 लाख रुपए नगद सहित कई अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ तीन व्यक्ति गिरफ्तार




**बिहटा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान कल यानी 6 नवंबर को पटना जिले के 14 विधानसभा में होने हैं जिसमें मनेर विधानसभा के बिहटा इलाके में भी होना है।ऐसे में बिहटा पुलिस और एसटीएफ के तरफ से बड़ी कार्रवाई की गई है जहां पुलिस ने करीब 17 लाख रुपए नगद के साथ।कई अवैध हथियार एवं कई जिंदा कारतूस के साथ तीन युवक को गिरफ्तार किया है। वही गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान बिहटा के भगवतीपुर गांव निवासी इंद्रजीत कुमार, कन्हौली गांव निवासी ललित मोहन राय जबकि परेव गांव निवासी बृज कुमार के रूप में हुई है। इधर पूरे मामले पर पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पटना पुलिस की टीम ऑपरेशन जखीरा तक के तहत कार्रवाई कर रही है इसी के तहत बीते देर रति पटना के बिहटा थाना की पुलिस को सूचना मिली कि बिहटा थानाक्षेत्र के परेव, कन्हौली और भगवतीपुर गांव में अवैध हथियार रखा गया है। इसके बाद स्थानीय पुलिस और एसटीएफ की टीम के द्वारा छापेमारी की गई जहां भगवतीपुर का निवासी इंद्रजीत कुमार के घर से पुलिस ने लगभग 7 लाख 26हजार नगद रुपया बरामद किया है इसके अलावा कन्हौली गांव निवासी ललित मोहन राय के घर से पुलिस ने दो देसी कट्टा एक देशी पिस्टल,एक दो नाली बंदूक ,27 जिंदा कारतूस ,एक गोली का खोखा और एक शराब का बोतल सहित ₹10लाख नगर रुपया बरामद किया गया। इसके बाद ललित मोहन राय को गिरफ्तार किया गया है जिससे पुलिस पूछताछ करि है वहीं तीसरा मामला बिहटा थानाक्षेत्र के परेव गांव का है जहां परेव निवासी बृज कुमार के घर छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो देसी कट्टा एक राइफल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पूरे मामले में पुलिस ने तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तीनों से पुलिस पूछताछ कर रही है साथी 7 लाख से अधिक रुपए नगद बरामद किया गया इस संबंध में इंद्रजीत कुमार से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2025 का हुआ समापन

**अपर समाहर्ता , विभागीय जांच ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

**प्रतियोगिता में मगध प्रमंडल बना ओवरऑल चैंपियन।**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो जहानाबाद।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ,खेल विभाग, बिहार एवं जिला प्रशासन ,जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता( भारोत्तोलन ) बालक / बालिका अंडर 17 /अंडर-19 का समापन बुधवार को खेल भवन में हुआ। जैसा कि ज्ञात हो विगत 03 एवं 04 नवंबर को बालकों के श्रेणी में अंडर 17 /अंडर19 का विभिन्न भार वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित हुई थी एवं 04 एवं 05 नवंबर को बालिकाओं की अंडर 17/ अंडर-19 की प्रतियोगिता आयोजित हुई।



बालिकाओं के अंडर 17 श्रेणी में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में 44 किलो वर्ग में, लक्ष्मी कुमारी ,एकलव्य केंद्र 48 किलो वर्ग में,संजना कुमारी( पटना प्रमंडल),53 किलो वर्ग में रिया सिंह (सारण प्रमंडल ),58 किलो वर्ग में वैष्णवी श्रीवास्तव (सारण प्रमंडल),63 किलो वर्ग में, शांभवी श्रीवास्तव (सारण प्रमंडल),69 किलो वर्ग में लकी कुमारी (पटना प्रमंडल ),77 किलो वर्ग में निधि कुमारी (एकलव्य केंद्र), 77 किलो वर्ग से ज्यादा भार वर्ग में ,साई सिमरन( तिरहुत प्रमंडल) अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं बालिका अंडर 19 श्रेणी में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में 48 किलोग्राम भार वर्ग में पायल कुमारी (सारण मंडल ),53 किलोग्राम भार वर्ग में श्रेय श्री (भागलपुर प्रमंडल ),58 किलो वर्ग में रूबी कुमारी (सारण प्रमंडल), 63 किलो वर्ग में अंशु कुमारी( मगध प्रमंडल ),69 किलो वर्ग में स्नेहा कुमारी (सारण प्रमंडल ),77 किलो वर्ग में मोनिका शर्मा (मगध प्रमंडल ),86 किलो वर्ग में मिताली राज सिंह (तिरहुत प्रमंडल) एवं 86 किलोग्राम से ज्यादा के भाग वर्ग में आस्था कुमारी (सारण प्रमंडल ) शामिल रही।

# 71 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के अच्छे कार्यों की ग्रामीणों ने की सराहना

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को एफ संवाय जमुनिया के आउट पोस्ट झरोखर में ड्यूटी पे कार्यरत आरक्षी/ सामान्य शैलेश कुमार निषाद. द्वारा तीन मासूम बच्ची को बिना माता पिता के भटकते देख उनको रोका और वहां के पोस्ट कमांडर सहायक उप नि हरेंद्र. कुमार..को बताया, उसके बाद पोस्ट कमांडर द्वारा बच्चों से पूछताछ करने के दौरान तीनों में से एक बच्ची ने अपना नाम .रुचि कुमारू उम्र 7 साल.. बताई। क्योंकि उस वक्त संवाय भ्रमण के दौरान श्री शतीश कुमार, उप कमांडेंट बीओपी झरोखर में मौजूद थे तो तीनों बच्ची को बीओपी में लाया गया, और बिशनपुर पंचायत के मुखिया श्री मनोज जायसवाल को बुलवाया गया, फिर बच्चों से बात करने पर उसने अपने पिता का नाम. गौरी शंकर साह.. और घर लेन कस्बा बताया।

# मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्टेट स्वीप आईकॉन नीतू चंद्रा द्वारा की गई अपील



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो जहानाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर स्वीप गतिविधि के तहत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु बुधवार को अनेको गतिविधियां आयोजित की गई। सर्वप्रथम स्टेट स्विफ्ट आईकॉन सुश्री नीतू चंद्रा को स्काउट एंड गाइड के वॉलिंटियरों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत स्टेट स्वीप आईकॉन के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार तथा उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति द्वारा मतदाता जागरूकता मानव श्रृंखला में शामिल होकर हाथ से हाथ जोड़कर संकल्प लिया गया कि जिले के सभी मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में शामिल करने की प्रयास की जाएगी। इस दौरान आँगनबाडी सेविका एवं सहायिका द्वारा व्यापक स्तर पर "वोट करेगा जहानाबाद" का रंगोली बनाया गया, जिससे अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश जिला वासीयों को दिया गया। इसके उपरांत स्टेट स्वीप आईकॉन तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त द्वारा गुब्बारा उड़ाकर शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त वातावरण में मतदान करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के उपरांत स्टेट स्वीप आईकॉन तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त के साथ साथ अन्य पदाधिकारी तथा मतदाताओं द्वारा सेल्फी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी एवं स्टेट स्वीप आईकॉन द्वारा दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाताओं से मिलकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसके पूर्व स्टेट स्वीप आईकॉन तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त द्वारा मतदाता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन विधिवत किया गया तथा आगत अतिथियों को पौधा, शॉल एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम मे जहानाबाद जिले के संगीत शिक्षक द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु गीत की प्रस्तुति की गई, जिसके बाद द. विंड्स फाउंडेशन स्कूल जहानाबाद एवं एन. बी. किड्स स्कूल, जहानाबाद के छात्रों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदान पर आधारित नाटक एवं संगीत की प्रस्तुति की गई। साथ ही गायक श्री रंजीत मिश्रा द्वारा भी अपने गायन से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा भी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई। मतदाता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टेट स्वीप आईकॉन सुश्री नीतू चंद्रा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाया तथा सत प्रतिशत मतदान जहानाबाद जिला वासियों से करने की अपील किया साथ ही मतदान के महत्व के बारे में बताया।

# फुलवारी सीट पर 12 प्रत्याशी मैदान में, 3.51 लाख मतदाता आज करेंगे फैसला

## महागठबंधन के गोपाल रविदास बनाम एनडीए के श्याम रजक के बीच कांटे का मुकाबला



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी विधानसभा सीट पर इस बार मुख्य मुकाबला महागठबंधन समर्थित सीपीआई-एमएल प्रत्याशी गोपाल रविदास और एनडीए की ओर से जेडीयू उम्मीदवार श्याम रजक के बीच माना जा रहा है. यह सीट अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित है और यहां दलित, यादव तथा मुस्लिम मतदाता नतीजे तय करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं. 2020 के चुनाव में गोपाल रविदास ने जेडीयू उम्मीदवार अरुण मांझी को 13,857 वोटों के अंतर से हराया था. पिछले चुनाव में अरुण मांझी एनडीए प्रत्याशी थे, लेकिन इस बार जेडीयू ने उन्हें टिकट नहीं दिया और उन्हें मसौढ़ी विधानसभा से उतारा गया. पार्टी ने फुलवारी से सात बार के पूर्व विधायक श्याम रजक को मैदान में उतारा है, जो इस बार आठवीं बार विधानसभा पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं. इस सीट पर कुल 3 लाख 51 हजार मतदाता हैं, जिनके बीच 12 प्रत्याशी चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं. दलित समाज में पासवान और रविदास मतदाताओं का बड़ा आधार है, जबकि यादव और मुस्लिम समाज भी निर्णायक स्थिति में है. मतदान के बाद यह तय होगा कि क्या फुलवारी एक बार फिर वाम दल को मौका देती है या जेडीयू के श्याम रजक पुराने प्रभाव को दोबारा स्थापित कर पाते हैं.

**चुनाव मैदान में उतरे 12 उम्मीदवारों में**

श्याम रजक (जेडीयू-एनडीए).
गोपाल रविदास (सीपीआई-एमएल-महागठबंधन).
अरुण कुमार रजक (आप).
महेश पासवान.
अनिल दास.( निर्दलीय)
युवराज कुमार.( निर्दलीय)
सुकेश कुमार.( निर्दलीय)
पूजा कुमारी.(निर्दलीय)
शशिकांत प्रसाद (जन सुराज).
श्री राज पासवान (प्रबल भारत पार्टी).
सुनील पासवान (राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी).
मुकेश कुमार


**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 53, ठाकुर गंज | सउद आलम | | | ACJM 1st Kishanganj, GR Case No. 425/2024 Thakurganj P.S. Case No.64/2022, 23.09.2025 | U/s 131 of RP Act. 19151, सम्यक भर्तसना पर मुक्त किया गया | सम्यक भर्तसना पर मुक्त किया गया |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

## संक्षिप्त समाचार

### ईवीएम का पूरक रेंडमाइजेशन कार्य संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा नियुक्त 13 - हरसिद्धि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक मोहित बिंदास एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल



की उपस्थिति में ईवीएम के पूरक रेंडमाइजेशन का कार्य आज संपन्न कर लिया गया । ईवीएम कमिश्निंग के दौरान पाई गई कमियों को देखते हुए ईवीएम को रिप्लेस किया जाना था, जिसके लिए आज पूरक रेंडमाइजेशन कर दिया गया। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधि एवं निर्वाचन लड़ रहे प्रत्याशी/ उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे। रेंडमाइजेशन का कार्य मोतिहारी समाहरणालय स्थित एनआईसी में संपन्न कराई गई। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।

### केंद्रीय गृहमंत्री आज मोतिहारी में

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मोतीहारी में गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह पूर्वाह्न 11 बजे मोतिहारी के जिला स्कूल के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। चुनावी जनसभा में एनडीए के घटक दलों के नेताओं के साथ सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह मौजूद रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### सामान्य प्रेक्षक ने किया बूथों का निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ वेबकास्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर 03 नरकटियागंज विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक नेहा जैन लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रही है। इस कड़ी में उन्होंने हरदीटेढ़ा पंचायत अंतर्गत पकड़ी गाव में बूथ संख्या 51, 52 और 53 का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने बूथों पर पर्याप्त मूलभूत सुविधाओं के साथ वेबकास्टिंग के लिए टू पीन सॉकेट आदि व्यवस्था की जानकारी ली। उक्त क्रिटिकल बूथों पर सभी आवश्यक व्यवस्था रखने को लेकर बीईओ राजेश कुमार यादव ने विद्यालय के एचएम को कड़ा निर्देश दिया। प्रेक्षक ने कहा कि हर हाल में बूथों पर मूलभूत सुविधा और वेबकास्टिंग की व्यवस्था दुरुस्त रखनी है। बता दें कि नरकटियागंज विधानसभा अंतर्गत 15 वेल्नरेबल और 48 क्रिटिकल बूथ चिन्हित किया गया है।

### भले ही मेरी उम्र कच्ची, लेकिन मेरी जुबान पक्की है : तेजस्वी यादव

**पूर्वी चंपारण में तेजस्वी यादव ने की जनसभा में महागठबंधन के उम्मीदवारों के लिए मांगा जनता से समर्थन**

**•**

**दो गुजराती देश चला रहा है, हमारे चाचा अचेत अवस्था में है**

**कल्याणपुर ( पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अब अपने चरम पर है। इसी क्रम में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बुधवार को पूर्वी चंपारण पहुंचे। उन्होंने जिले के कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के बाकरपुर हाई स्कूल के खेल मैदान में बुधवार को चुनावी सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से महागठबंधन के प्रत्याशी मनोज कुमार यादव को भारी मतों से जीतने की अपील की। इसके अलावा हरसिद्धि, कल्याणपुर, मोतिहारी और ढाका विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं कीं, जहां महागठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में जनता से वोट की अपील की।कल्याणपुर में आयोजित सभा में तेजस्वी यादव के साथ राजद प्रत्याशी मनोज




यादव, हरसिद्धि से राजेंद्र राम और मोतिहारी से देवा गुप्ता सहित अन्य महागठबंधन प्रत्याशी मौजूद थे। सभा स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी और 'तेजस्वी यादव जिंदाबाद' के नारों से पूरा मैदान गूंज उठा। जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, "भले ही मेरी उम्र कच्ची है, लेकिन मेरी जुबान पक्की है। हम जो कहते हैं, उसे पूरा करने का काम करते हैं।" उन्होंने वादा किया कि राजद की सरकार बनने पर बिहार में 'दवाई, कमाई, सिंचाई और पढ़ाई' पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। तेजस्वी ने यह भी कहा कि सरकार बनने के बाद हर घर के युवाओं को रोजगार दिया जाएगा, ताकि बिहार के नौजवानों को दूसरे राज्यों में पलायन न करना पड़े। तेजस्वी यादव ने अपने भाषण में केंद्र और राज्य सरकार दोनों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि "दो गुजराती देश चला रहे हैं और बिहार में रिमोट से सरकार चल रही है।" मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, "हमारे चाचा जी अब अचेत अवस्था में हैं, लेकिन हमें उनकी चिंता है। तेजस्वी ने जनता से अपील की कि इस बार बिहार को नई दिशा देने के लिए बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनता अगर मौका देगी तो वे बिहार को बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से मुक्त कर एक विकसित राज्य बनाएंगे। जनसभा में उपस्थित भीड़ ने तालियों और नारों से उनका जोरदार स्वागत किया। पूर्वी चंपारण में तेजस्वी यादव का यह दौरा महागठबंधन के चुनाव प्रचार को नई ऊर्जा देने वाला माना जा रहा है।

# अब बिहार में ही पढ़ाई, दवाई और कमाई होगी : तेजस्वी

**तेजस्वी ने किया एनडीए पर किया तिखा हमला, महागठबंधन को वोट देने की अपील**



**बेतिया/नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सूबे के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को नरकटियागंज एवं लौरिया विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने एनडीए पर करारा चोट करते हुए कड़ी आलोचना की। कहा कि सरकार बनते हीं इस बार मकर संक्रांति के पूर्व माई बहिन योजना के तहत महिलाओं के खाते में 30 हजार दिया जायेगा। नरकटियागंज चीनी मिल के हजारी में पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान महागठबंधन के कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो वह बिहार के हर परिवार को सरकारी नौकरी देने का काम करेंगे, विशेष रूप से उन परिवारों को जिनके पास कोई सरकारी नौकरी नहीं है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि मकर संक्रांति के अवसर पर माई बहिन मान योजना के तहत महिलाओं के खातों में 30,000 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा, किसानों के लिए मुफ्त सिचाई बिजली और हर माह 1500 रुपये पेंशन देने का वादा किया। तेजस्वी ने सभा में कहा कि अगर महागठबंधन सत्ता में आया तो बिहार के युवाओं को अब राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि रोजगार के अवसर बिहार में ही मिलेंगे। तेजस्वी ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि 37 साल के नौजवान को रोकने के लिए भाजपा ने 30-30 हेलीकॉप्टर लगा रखे हैं। उन्होंने जनसभा से दीपक यादव के पक्ष में वोट करने की अपील की और लौरिया विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन समर्थित भीआईपी प्रत्याशी रणकौशल प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू पटेल के समर्थन में भी वोट मांगे। जनसभा के अंत में तेजस्वी ने लोगों से सवाल पूछा, क्या मैं विजयश्री का माला पहनाऊँ? भीड़ से जोरदार हाँ की आवाज आने पर उन्होंने गुड्डू पटेल को विजयश्री का माला पहनाकर जीत का आशीर्वाद दिया।सभा की अध्यक्षता भीआईपी के लाल बाबू चौधरी ने की, जबकि संचालन मुंशी ठाकुर ने किया।मंच से संबोधित करने वालों में पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी, जिला राजद अध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी, विजय चौधरी, नीलम सिंह, अशोक सहनी, संतन यादव, अब्दुल हसनैन, सुब्बा यादव, मुकेश यादव, महमूद आलम, विजय यादव, मनोहर ठाकुर, रीतेश गोंड, मुलायम सुमन, देवी यादव, रंभु प्रसाद यादव, मैनेजर यादव, सुनील सेठी, मनोहर यादव, कृष्ण मोहन यादव सहित कई कार्यकर्ता व नेता उपस्थित रहे।

### हमें एक मौका दीजिये, हम 20 माह में कर के दिखाएंगे : तेजस्वी

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हमें एक मौका दीजिये। जो नितीश जी 20 वर्षो में करके नहीं दिखाया है उसे हम 20 माह में करके दिखायेंगे`उक्त बातें नरकटिया विधानसभा क्षेत्र के राम मनोहर लोहिया मैदान मे बुधवार को बनकटवा में नेता प्रति पक्ष तेजस्वी यादव ने कही। उन्होंने कहा हम हर घर में नौकरी देंगे उसने कहा इस बइमान सरकार में सभी तबाह है किसान परेशान है नौजवान तबाह है घूसखोरी बढ़ गया हैं.कहा माता बहन भी परेशान है मजदूर तबाह है अपराध बढ़ गया है उसने कहा इस सरकार को ही बदल देना है। उन्होंने कहा हम शमीम के लिए वोट मांगने आए हैं`वे राजद प्रत्यासी डॉ शमीम को माला पहना कर उपस्थित भीड़ से उन्हें जिताने की अपील की`तेजस्वी के मंच पर आते ही उत्साहित युवाओं की भीड़ अनियंत्रित हो गयी और मंच के आगे लगे सारे बैरिकेटिंग टूट गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड राजद अध्यक्ष सीताराम यादव तथा मंच संचालन सपा नेता जयप्रकाश नारायण यादव ने किया`कार्यक्रम को सम्बोधित करने वालों में शिवशंकर यादव, ध्रुव यादव, सज्जाद आलम मुखिया प्रेम किशोर यादव, निप्पू सिंह, राम किशोर सिंह, वकील साह, रामविश्वास यादव, राम एकबाल यादव,बच्चा यादव, धर्म जीत प्रसाद के अलावे कई अन्य थे ।

### चिरैया में तेजस्वी ने राजद प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय जगन्नाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में बुधवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेरी सरकार बनने के बाद जिस घर में कोई सरकारी नौकरी नहीं है, उस परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देगें। श्री यादव ने चिरैया विधानसभा के राजद प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए कहा कि बिहार की जनता पूरी तरह से बदलाव और परिवर्तन के पक्ष में है। बताया कि माई-बहन मान योजना को लेकर बिहार की महिलाओं में काफी उत्साह है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव बाद महागठबंधन सरकार बनने पर मकर संक्रांति के दिन यानी 14 जनवरी को माई-बहन मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में एक मुश्त बारह महीने की राशि तीस हजार रुपये डाल दिया जायेगा। किसानों के सिचाई के लिए फ्री में बिजली दी जायेगी। आगे कहा कि मोदी व नीतीश बिहार के लिए कुछ नहीं किये हैं। बिहार में बेरोजगारी चरम पर है। बिना घूस दिये बिहार में कोई काम नहीं हो सकता है। सरकार बनी तो यह सब सुधार हो जायेगा। मंच की अध्यक्षता माकपा नेता हरेन्द्र प्रसाद सिंह व संचालन राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष बच्चा प्रसाद यादव ने किया। मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद यादव, मुखिया सुमंत यादव, मनोज यादव, उपेन्द्र प्रसाद यादव, सुरेश यादव, शंभू यादव, नवल सिंह, संतोष सहनी, कैलाश ठाकुर, दिनेश प्रसाद, विजय यादव, मनीष कुमार सिंह उर्फ भुलावन सिंह, पूर्व प्रमुख उमाशंकर प्रसाद, यादव, लालू यादव, वोसी अख्तर सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बिहार में चीनी मिल चालू कराने को लेकर झूठ बोल रहे हैं मोदी और शाह : प्रियंका



चनपटिया में सभा को संबोधित करती प्रियंका गांधी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह बिहार में चीनी मिल चालू कराने को लेकर झूठ बोल रहे हैं। वे बुधवार को चनपटिया के एफसीआई के मैदान में महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थी। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूर्व में बिहार में बंद पड़े चीनी मिलों में बनी चीनी की चाय पीने का वादा किया था। चुनाव बाद वादा भूल गए। चुनाव आया तो फिर झूठी वादा कर रहे हैं। पीएम जब बिहार में आते हैं तो पूछते हैं कि कितने पैसे दूं। अगर सचमुच में रुपये दिए होते तो आज चीनी मिल बंद नहीं रहता। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि आज बिहार में किसानों की हालत खराब है। किसान दिन भर खेतों में काम करता है, आंसू-पसीना बहाता है, लेकिन मोदी के राज में उसके उपज का उचित दाम नहीं मिलता है। किसान मजबूरी में कर्ज लेता है और कर्ज का ब्याज देते-देते उसका जीवन बीत जाता है, कमर टूट जाती है, लेकिन किसानों की सुनवाई नहीं हो रही है। जबकि मोदी की सरकार बड़े-बड़े धन्ना सेठों, अडानी, अंबानी का लाखों करोड़ों का कर्ज माफ कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी के शासन में शिक्षा व्यवस्था ठप हो चुकी है, जनता की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। बंदरगाह, बड़े-बड़े सरकारी कारखाने सेठों को सौंप दिए गए हैं। गांवों में चलने के लिए रास्ता नहीं है, बच्चों की पढ़ाई के लिए पाठशाला नहीं है। अडानी को एक रुपये प्रति एकड़ जमीन सौंपा जा रहा है। प्रियंका गांधी ने पीएम पर तंज कसते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी महागठबंधन की पोस्टर देखते हैं। उन्हें राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के भविष्य की चिंता तो है, लेकिन नीतीश की नहीं सुनते हैं। बिहार के सीएम की केंद्र में सुनवाई नहीं होती। उन्होंने बिहार के युवकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां की युवक काफी संघर्षशील है। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक हर जगह बिहार के युवक संघर्ष करते दिखते हैं। महिलाएं भी संघर्षशील है। लेकिन महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए वर्तमान सरकार ने कुछ नहीं किया। चुनाव आया तो उनके वोट की शक्ति को देखकर दस हजार रुपये दिए। प्रियंका गांधी ने कहा कि आजादी की लड़ाई से हमें संविधान, रोजगार, शिक्षा और वोट का अधिकार मिला। लेकिन आज वोट का अधिकार फिर खतरे में है। जनता के साथ मिलकर कांग्रेस और महागठबंधन यह लड़ाई लड़ रहा है। देश बचाना है, भविष्य बनाना है तो हमें यह सरकार हटानी पड़ेगी। बदलाव के बाद ही बिहार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। मंच संचालन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह चनपटिया विधानसभा प्रभारी गोपाल कृष्ण तिवारी ने किया। मौके पर महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता मौजूद रहे।

### काउंटर केस में 10 नामजद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा थाना के घोडपकडी गांव में आपसी विवाद में काउंटर केस दर्ज की गई है। जिसमें कुल दस लोगों को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि सीताराम यादव के फर्दबयान पर सात लोगों पर केस दर्ज की गई है।

## हिंदुत्व की हुंकार और सुशासन का भरोसा : हेमंता




**मझौलिया/रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरिसवा एवं रामनगर में आयोजित एनडीए की चुनावी सभा में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने जोशपूर्ण भाषण से माहौल गर्मा दिया। उन्होंने मंच से हुंकार भरी कृ 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं', यह केवल नारा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान है। सरमा ने कहा कि बिहार में एसआईआर के माध्यम से करीब 70 लाख घुसपैठियों को मतदान से बाहर किया गया, जो राष्ट्रहित की बड़ी पहल है।उन्होंने कहा कि देश अब बाबर और औरंगजेब की गुलामी के प्रतीकों से मुक्त होना चाहता है। असम की तरह उन्होंने बिहार में भी कट्टरपंथ के खिलाफ एकजुटता की अपील की। उन्होंने कहा कि हम मुसलमानों का ठेका नहीं लिए हैं, यह देश प्रभु श्रीराम का है। सरमा ने दावा किया कि बिहार में इस बार भाजपा की आंधी नहीं, बल्कि सुनामी चल रही है, और एनडीए की सरकार भारी बहुमत से बनेगी। उन्होंने मोदी-नीतीश के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों और 1 करोड़ 20 लाख जीविका दीदियों को लखपति बनाने की योजना को सुशासन की बड़ी उपलब्धि बताया। सभा में एनडीए प्रत्याशी उमाकांत सिंह, सांसद डॉ. संजय जायसवाल सहित कई भाजपा नेताओं ने जनता से एनडीए के पक्ष में वोट देने की अपील की।रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा शर्मा ने कहा कि घुसपैठियों के बदौलत देश में सरकार बनाना चाहते हैं राहुल गाँधी तो उन्हें बांग्लादेश चले जाना चाहिए। घुसपैठ के मुद्दे पर राहुल गाँधी को बंगला देश जाने की सलाह दिया । सभा को केन्द्रीय राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे, भाजपा प्रत्याशी नन्द किशोर राम, अजय साहु, विधायक भागीरथी देवी, पंकज झून झून वाला, अजय राय, प्रमोद साह, चंन्द्र भुषण तिवारी, अविनाश मिश्र, राकेश अग्रवाल, आशिष अग्रवाल, उमेश राम समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभा को संबोधित किया।

## रंगदारी, जंगलराज, दादागिरी है आरजेडी का फुल फॉर्म : जेपी नड्डा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नडडा (जेपी नडडा) बुधवार को नरकटियागंज में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आपका उत्साह हमे संतोष दिला रहा है की यह चुनाव संजय पांडे और समृद्ध वर्मा के लिए नही है। यह चुनाव बिहार के विकास के लिए है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए 2005 से पहले के राजद सरकार के जंगलराज,चारा घोटाला, वर्ष 2003 में पटना में तेल पिलावन लाठिया भाजन रैली आदि का जिक्र करते हुए जमकर हमला बोला। वही कोंग्रेस के राहुल गांधी को देशद्रोही विचारधारा वाला कहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एनडीए की सरकार में रोड और ओवरब्रिज, रेलवे आदि योजनाओ का जिक्र करते हुए विकास की गति पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीण सड़क योजना के तहत हर गाँव को जोड़ने की बात भी कही। उन्होंने बिहार में रेलवे, एयरपोर्ट, सड़को के क्षेत्र में विकास कार्यो को गिनाया। 125 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओ के खाते में 10 हजार के बाद सरकार बनने के बाद रोजगार के लिए सरकार द्वारा दो दो लाख रुपये देने की घोषणा की। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का फ्री इलाज, किसान सम्मान निधी को छह हजार के बदले नौ हजार, पीएम आवास ने 37 लाख नया मकान बनेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नरकटियागंज से एनडीए प्रत्याशी संजय पांडेय को कमल के फूल ने सिकटा से समृद्ध वर्मा को तीर पर बटन दबाकर एनडीए के हाथों को मजबूत करने की अपील की।वही सभा को भोजपुरी में संबोधित करते हुए केंद्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि वर्ष 2020 में चंपारण के 9 में से आठ पर जीत हुई थी इस बार 9 के 9 सीट पर जीत हासिल करना है। मंत्री ने विपक्ष के प्रत्याशियो पर हमला बोलते हुए कहा कि तुम तो ठहरे परदेशी साथ क्या निभाओगे। कार्यक्रम के दौरान बेतिया सांसद संजय जायसवाल, एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी संजय पांडे, सिकटा प्रत्याशी समृद्ध वर्मा, जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, सभापति रीना देवी समेत एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर मांझी के रामघाट में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**छपरा/मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को मांझी के प्रसिद्ध रामघाट पर आस्था का विशाल सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू नदी में स्नान कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही घाट पर जुटती रही और धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल भी परिवार सहित रामघाट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सरयू में पवित्र स्नान किया और हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में आयोजित अखंड अष्टयाम की आरती में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन अलर्ट रहा। पुलिसकर्मियों को जगह-जगह तैनात किया गया और जाम से निपटने में दलों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नगर



पंचायत द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के तहत बैरिकेडिंग की गई थी, जबकि गोताखोर नौका से नदी के किनारों पर लगातार निगरानी करते रहे। कार्तिक पूर्णिमा को लेकर मांझी चट्टी से घाट तक सड़क किनारे मेला लगा रहा, जहां श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ दिखी। इस अवसर पर हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में चल रहे अखंड अष्टयाम में गायक सचिता मिश्रा की टीम ने भक्ति संगीत से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## युवा संवाद से गूंजा बेतियाः क्रांति प्रकाश झा ने जगाया शत-प्रतिशत मतदान का जज्बा




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के मद्देनजर पश्चिम चंपारण जिले में मतदाता जागरूकता को बल देने के लिए बड़ा रमना के गांधी सभागार में 'युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम धर्मेन्द्र कुमार के निर्देश पर स्वीप कोषांग ने इसे सफल बनाया।कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे भव्य रोड शो से हुई, जिसे डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य स्वीप आइकॉन एवं अभिनेता क्रांति प्रकाश झा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते रोड शो में श्मतदान करें, शत मतदान करें के नारे लगवाए। रोड शो का संचालन मेरी एडलीन ने किया। सभागार में मुख्य समारोह दीप प्रज्वलन से शुरू हुआ। छात्रों ने स्वागत नृत्य, स्वीप गीत, जागरूकता नाटक, पॉडकास्ट और चंपारण इतिहास पर प्रस्तुति दी। क्रांति प्रकाश झा का संदेश हर वोट लोकतंत्र की आत्मा है। युवा परिवार-समाज को प्रेरित कर 100ः मतदान सुनिश्चित करें। 11 नवंबर को वोट डालें, भविष्य गढ़ें।ष्डीएम धर्मेन्द्र कुमाररू ष्मतदान राष्ट्र सेवा है, फैशन नहीं। स्वीप से कोई मतदाता वंचित न रहे। एक वोट भविष्य तय करता है। स्वीप नोडल अधिकारी नगमा तबस्सुम युवा लोकतंत्र की मजबूत कड़ी। शत-प्रतिशत मतदान आसान अगर वे आगे आएं।मीडिया नोडल राकेश कुमार युवाओं का जोश जिले को टॉप मतदान जिलों में ले जाएगा। पहले मतदान, फिर जलपान।अंत में नगमा तबस्सुम ने झा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, उप समाहर्ता अहमद अली, ज्योति रानी, मासूम अंसारी, स्वीप टीम, छात्र-शिक्षक और नागरिकों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। संचालन मेरी एडलीन व आदित्य कुमार मधुकर ने किया।

## जिला के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें : डीएम

**पूर्वी चंपारण जिला में मतदान 11 नवंबर को**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के अवसर पर पूर्वी चंपारण जिला के सभी 12 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 11 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है। जिला के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसको लेकर संपूर्ण जिला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान की इसी कड़ी में आज जिला स्तर पर जिला स्वीप कोषांग के माध्यम से मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य मैच के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए संदेश दिया जा सके। फुटबॉल मैच का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, सहायक समाहर्ता सुश्री प्रिया रानी, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, सुश्री निधि कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी, बड़ी संख्या में गणमान्य एवं नए मतदाता (फर्स्ट टाइम वोटर) उपस्थित थे। फुटबॉल मैच के उद्घाटन से पहले जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त सहित अन्य पदाधिकारीगण के द्वारा सभी खिलाड़ी, टीम के मैनेजर एवं रेफ्रीगण का परिचय प्राप्त किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस फुटबॉल मैच के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को एक नया आयाम प्रदान किया जा रहा है जिसके माध्यम से संपूर्ण जिला वासियों को यह संदेश जाएगा कि सभी मतदाताओं को आगामी 11 नवंबर को अपना मतदान करना है। जिलाधिकारी ने जिला के सभी मतदाताओं से इस अवसर पर अपील की- लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने कर्तव्य का पालन करें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदान का सर्वाधिक महत्व है। इसके माध्यम से मतदाता अपनी सरकार का चयन करते हैं। यह अवसर 5 वर्षों में एक बार मिलता है। लोगों को बढ़-चढ़कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।जिलाधिकारी ने कहा कि आज जो लोग फुटबॉल मैच में हिस्सा ले रहे हैं वे सभी लोग मतदाता जागरूकता एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे एवं अपने माध्यम से भी लोगों को जागरूक करेंगे। मैच स्पोर्ट्स क्लब मोतिहारी और किड्स स्पोर्ट्स एकेडमी लखौरा के बीच खेला गया। जिसमें स्पोर्ट्स क्लब ने किड्स स्पोर्ट्स एकेडमी लखौरा को 2-0 से पराजित कर विजेता बनी।

CMYK

# कार्तिक पूर्णिमा पर भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। श्रद्धा, आस्था व विश्वास का त्योहार कार्तिक पूर्णिमा बुधवार को भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। गांव से शहर तक लोग उत्साहित दिखे। श्रद्धालु बुधवार की अहले सुबह से ही नदी, तालाब सहित में स्नान कर मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए पहुंचने लगे। सदर प्रखंड के जम्होर रढ़ुआ धाम, दोमुहान संगम, देव सूर्यकुंड तालाब व पातालगंगा, पुनपुन नदी आदि में स्नान-पूजन व दान के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। जम्होर रढ़ुआ धाम में श्रद्धालुओं ने पहले आस्था की डुबकी लगायी और फिर पूजा-अर्चना की। कुटुंबा प्रखंड के श्रीकृष्ण पुरी ठाकुरबाड़ी कल्पवृक्ष धाम परता में श्रद्धालुओं की अच्छी भीड़ लगी रही। यहां हजारों श्रद्धालुओं ने बटाने नदी में स्नान कर कल्पवक्ष की परिक्रमा किया। इसके साथ धाम परिसर में स्थापित देवी-देवताओं का पूजन किया। पूजन व दर्शन का दौर सुबह से देर शाम तक जारी रहा। मान्यताओं के अनुसार कल्प



वृक्ष धरा की अलौकिक है। वृक्ष की परिक्रमा करने से भक्तों को सुख शांति व मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। वहीं श्रद्धालुओं ने बतरे-बटाने के संगम स्थल दोमुहान में डुबकी लगाकर सूर्य मंदिर में पूजन किया। सूर्य मंदिर समिति के सदस्य श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधा मुहैया कराने में जुटे रहे। वहीं प्रसिद्ध सतबहिनी मंदिर, पंचदेव धाम चपरा, सूर्य मंदिर पिपरा बगाही आदि धार्मिक स्थलों पर भी दर्शन पूजन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। कई जगह श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण भगवान की कथा सुनकर मिष्ठान भोजन किया। वहीं जम्होर के विष्णु धाम पुनपुन-बटाने संगम तट पर लाखों श्रद्धालुओं स्नान-दान व पूजन किया। यहां कार्तिक पूर्णिमा मेला का भी आयोजन किया गया। सुबह से ही भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। लाखों भक्तों ने संगम तट में स्नान व विष्णु धाम में पूजा पाठ किया। मेले का परिभ्रमण किया व कार्तिक पूर्णिमा के निमित धार्मिक कार्यों को मूर्त रूप प्रदान किया। लोग विष्णु धाम दर्शन के लिए हर्षान्वित दिखे। शास्त्रों में वर्णित है कि कार्तिक माह में भगवान विष्णु पवित्र नदियों के जल में अपने सूक्ष्म स्वरूप को प्रवेश कर लेते हैं। कार्तिक माह में गंगा स्नान, पुनपुन स्नान का बड़ा ही महत्व है। यदि पुनपुन का प्रथम संगम तट हो तो उस तट पर स्नान करने का और भी महत्व बढ़ जाता है। विष्णु धाम के महंत ने बताया कि पिछले 30 दिनों से लगातार लोग कार्तिक स्नान करते आ रहे थे और पूर्णिमा के दिन इसकी पूर्णाहुति हुई। लोग परिसर में सत्यनारायण भगवान की कथा सुनते हुए भी नजर आए।

कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने सोन नदी काली घाट पर आस्था की डुबकी लगायी। जमालपुर घाट पर भी श्रद्धालु पहुंचे। अहले सुबह से ही सोन नदी काली घाट पर श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सूर्य की पहली किरण धरती पर आने से पहले सोन नदी में श्रद्धालुओं ने स्नान करना शुरू करदिया। सोन नदी के लगभग सभी घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान करने के बाद पूजा अर्चना की। कार्तिक पूर्णिमा का स्नान करने के लिए काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंचे हुए दिखे। सोन नदी काली घाट तक आवागमन करते श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गयी। पूर्णिमा का स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने काली घाट सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद बाबा भूतनाथ मंदिर के पास पहुंचे। यहां स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की।

# बच्चों ने खत लिखकर की परिजनों से वोट देने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र के बभना में स्थित मानस विद्यालय में बुधवार को विद्यालय प्रांगन में विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों को प्रेषित पत्र के माध्यम से जहानाबाद के निवासियों को शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। छात्रों ने "मेरा वोट, मेरी पहचान", "न जाति पर न धर्म पर बटन दबायेंगे कर्म पर" , 'बहकावे में मत आना, सोच-समझकर बटन दबाना' जैसी पंक्तियों के साथ आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तख्तियों एवं रंगोली के माध्यम से भी जिलेवासियों को सफल लोकतंत्र के लिए एक मजबूत संदेश दिया ।बच्चों द्वारा मेहंदी, स्लोगन, कविताएं एवं पोस्टर की कलाकृतियां अत्यंत सराहनीय प्रतीत हुई। बच्चों ने कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट मशीन के माध्यम से पूरे मतदान प्रक्रिया को समझाया। इस




दौरान बच्चों ने अपने अभिभावकों को खत के माध्यम से इस मतदान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। "जिद है, मतदान करें" के अंतर्गत माता-पिता ने भी बकायदा यह संकल्प लिया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन डॉ. नवल किशोर ने भी बच्चों, अभिभावकों एवं सभी मौजूद सदस्यों से यह आह्वान किया कि बिना किसी प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग निर्भीक एवं स्वतंत्र होकर करें एवं अपने जिले को समृद्ध, सशक्त एवं गौरवशाली बनाने के लिए 11 नवम्बर को अवश्य मतदान करें। विद्यालय के निदेशक अभिषेक आनंद एवं प्राचार्या खुशबू कुमारी ने "आपकी समझदारी काम आएगी, जहानाबाद को खुशहाल बनाएगी" का संदेश दिया जिससे की समाज में एक मौलिकता का संदेश जिलेवासियों तक प्रेषित हो। इस अवसर पर प्राचार्य नीरज कुमार ने भी इस जीवंत आयोजन के लिए सभी को साधुवाद दिया। मतदाता जागरूकता अभियान के सफल संचालन में शिक्षिका चित्रा सिन्हा, दयानन्द, आशुतोष, सुप्रिया, शशांक रंजन, मनीषा कुमारी, मनीष कुमार, चन्दन कुमार , सुषमा कुमारी एवं अन्य शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही।

# तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कहीं नहीं दिख रहा स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के सभी 3 विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव मैदान में जहानाबाद और घोसी विधानसभा सीट के लिए ग्यारह - ग्यारह उम्मीदवार चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वही मखदुमपुर विधानसभा सीट के लिए 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। देखा जाए तो इस बार के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी कम ही चुनावी मैदान में दिख रहे हैं। घोसी विधानसभा सीट पर 11 प्रत्याशियों में से तीन निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं बाकी अलग-अलग दलों से टिकट लेकर चुनाव मैदान में हैं। वहीं मखदुमपुर (सुरक्षित) विधानसभा सीट के लिए दो निर्दलीय




सहित 7 प्रत्याशी विभिन्न राजनीतिक दलों से टिकट लेकर चुनाव मैदान में खड़े हैं। जहानाबाद सदर विधानसभा सीट पर 9 प्रत्याशी राजनीतिक दलों से संबद्ध हैं ,वहीं यहां से दो निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। इस बार के चुनाव में कहीं भी स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा जहानाबाद के इन सभी विधानसभा सीटों में देखने को नहीं मिल रहा है। अगर हम बात करें स्थानीय उम्मीदवार बनाम बाहरी उम्मीदवार की तो तीनों विधानसभा सीट में एक-एक उम्मीदवार जिले से बाहर के हैं, बाकी सभी 28 उम्मीदवार इसी जिले के निवासी चुनाव में खड़े हैं। घोसी विधानसभा सीट से भाकपा माले के प्रत्याशी रामबली सिंह यादव औरंगाबाद जिले के खुदवा थाना के बिछहा गांव के निवासी बताए जाते हैं। वहीं मखदुमपुर विधानसभा सीट में जन सुराज के प्रत्याशी शंकर स्वरूप गया जिले के बेलागंज थाना के सिंघौल के रहने वाले हैं, जिन्हें बाहरी प्रत्याशी कहा जा सकता है। जहानाबाद विधानसभा सीट पर जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जिले के बाहर के हैं, जिनका स्थाई पता पटना के कंकड़बाग में है। मखदुमपुर विधानसभा सीट के लिए चुनाव में एक ही गांव सुगांव से दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े हैं। जिनमें लोक जनशक्ति पार्टी (आर) से रानी कुमारी एवं भारतीय लोक चेतना पार्टी से प्रेम किशोर पासवान शामिल हैं। इसी तरह जहानाबाद विधानसभा सीट के लिए मांदिल गांव से छोटेलाल पासवान एवं बगल के टोला सलेमपुर से निर्दलीय प्रत्याशी बबलू कुमार चुनाव मैदान में खड़े हैं। ऐसी स्थिति में प्रत्याशियों के ग्रामीणों के सामने भी यह संकट है कि वह किन के पक्ष में मतदान करें। हालांकि चुनावी मुकाबला में जिसका पक्ष मजबूत पहले से दिखाई दे रहा है उसके पक्ष में संभव है कि प्रत्याशी के गांव के लोग भी मतदान करें।

# पहले चरण के चुनाव प्रचार की समाप्ति के बाद जहानाबाद में स्टार प्रचारकों का दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। पहले चरण के लिए मंगलवार को चुनाव प्रचार कार्य समाप्त होने के साथ ही पूरा ध्यान राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों का दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के प्रचार पर टिक गया है इसी क्रम में 9 नवंबर तक जहानाबाद के अलग-अलग जगह पर दोनों ही गठबंधन की ओर से कई बड़े स्टार प्रचारकों की सभा होना तय है। एनडीए गठबंधन की ओर से स्टार प्रचारक को में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, जीतन राम मांझी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, ललन सिंह, चिराग पासवान के कार्यक्रम तय हो गए हैं वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य बड़े स्टार प्रचारकों की मौजूदगी भी चुनाव प्रचार में जहानाबाद जिले के अलग-अलग क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में देख सकती है। वहीं महागठबंधन की बात करें तो तेजस्वी यादव राबड़ी देवी दीपांकर भट्टाचार्य सहित कई बड़े स्टार प्रचारकों की मौजूदगी अगले एक-दो दिनों में जहानाबाद जिले के अलग-अलग स्थान पर जनसभाओं के माध्यम से देखने को मिल सकती है। जैन स्वराज की ओर से भी प्रशांत किशोर का कार्यक्रम होना लगभग तय माना जा रहा है ऐसे में स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम के बाद जहानाबाद जिले के राजनीति में सर गर्मी अगले एक दो दिनों में काफी तेज होने के प्रयास भी लगाया जा रहे हैं बताया जा रहा है कि मतदाताओं को गुलबंद करने के लिए अगले एक-दो दिनों का समय प्रत्याशियों और उनके गठबंधनों के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। मंगलवार को मखदुमपुर में लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान की रैली आयोजित हो चुकी है। वहीं बुधवार को जहानाबाद विधानसभा सीट के भूमिहार मतदाताओं को साधने के लिए केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह चुनावी दौरा पर दिखे। इन्होंने जहानाबाद शहर के राजा बाजार, झुनाठी और सरता गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जदयू के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष में मतदान करने की अपील लोगों से किया।

## सड़क जर्जर होने से ग्रामीण परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। फेसर से रफीगंज जाने वाली सड़क इन दिनों जर्जर अवस्था में है। करीब 18 किलोमीटर की सड़क जर्जर होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण के प्रति गंभीर नहीं हो रहे हैं। बता दें कि करीब 19 वर्ष पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सड़क का निर्माण कराई गई थी। सड़क से होकर जाखिम, रफीगंज, बाकन, बघोई कुशा, गम्हारी सहित के ग्रामीण आवागमन करते है। सड़क अब पूरी तरह से जर्जर हो गई है। सड़क से होकर आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# मखदुमपुर विधानसभा सीट पर आजादी के बाद से नहीं मिला आधी आबादी को प्रतिनिधित्व का मौका

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले में विधानसभा के तीन सीट है, जिसमें घोसी, जहानाबाद और मखदुमपुर (सुरक्षित) सीट शामिल है। आधी आबादी के प्रतिनिधित्व के लिहाज से देखा जाए तो अब तक इन तीनों विधानसभा सीटों पर महिलाओं की उपेक्षा साफ-साफ दिखाई देती है। वर्तमान चुनाव में मखदुमपुर विधानसभा सीट पर लोजपा (आर) प्रत्याशी रानी कुमारी एवं निर्दलीय मिंता देवी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं घोसी विधानसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी से अनुराधा सिन्हा तथा सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) पार्टी से इंदु कुमारी चुनाव मैदान में आधी आबादी के वोट की उम्मीद लगाए चुनावी समर में डटे हुए हैं। जहानाबाद सदर विधानसभा सीट के लिए किसी भी दल के द्वारा महिला प्रत्याशी को चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया है। यहां से आधी आबादी यानी महिलाओं को अगले 5 वर्षों तक अपने प्रतिनिधित्व का इंतजार करना पड़ेगा। वहीं अगर अतीत के चुनाव की बात करें तो जहानाबाद के इन तीनों विधानसभा सीट के चुनाव में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग नगण्य रही है। घोसी विधानसभा सीट पर एक बार वर्ष 2009 के उपचुनाव में 1 वर्ष के लिए शांति शर्मा को महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। यहां घोसी के विधायक रहे जगदीश शर्मा के सांसद बनने के बाद खाली हुए सीट पर उनकी पत्नी शांति शर्मा ने निर्दलीय चुनाव लड़कर यहां से जीत हासिल की थी। इसके बाद यहां से आज तक कभी भी महिलाओं को प्रतिनिधित्व का मौका कभी नहीं मिला। जहानाबाद विधानसभा सीट की बात करें तो वर्ष 1980 में तारा गुप्ता यहां से एक बार विधायक चुनी गई थी।इसके बाद से कभी भी इस सीट पर महिला उम्मीदवार को जीत हासिल नहीं हुई। हालांकि इसके पहले वर्ष 2020 के चुनाव में लोजपा से इंदु कश्यप यहां से चुनाव लड़कर तीसरे नंबर पर जरूर रही थी। सबसे दिलचस्प मखदुमपुर विधानसभा सीट का है जहां से आजादी के बाद आज तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिला है। कहा जाए तो यहां से कोई भी महिला प्रत्याशी आज तक विजयी नहीं हुई है। ऐसे में देखना होगा कि इस सीट पर आमने-सामने की लड़ाई में खड़ी वर्तमान जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी क्या इस तिलस्म को तोड़ने में सफल होती है? या अभी महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का मौके के लिए यहां और इंतजार करना पड़ेगा। वैसे देखा जाए तो जिले के राजनीति में कई महिलाएं अलग-अलग दलों में काफी सक्रिय जरूर रही हैं, लेकिन जब लोकसभा या विधानसभा चुनाव की बात आती है, तो यहां पुरुषों का ही दावेदारी देखने को मिलता है। यही कारण है कि 1952 के आम चुनाव के बाद से घोसी और जहानाबाद विधानसभा से एक- एक बार का छोड़ दें तो जिले से महिला प्रत्याशी को विधानसभा के लिए प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिला है। मतदान में पुरुषों से महिलाएं यहां आगे रहती हों लेकिन चुनाव के दौरान प्रतिनिधित्व करने में पुरुषों का दबदबा ही रहा है। हालांकि देखा जाए तो कानूनी रूप से महिलाओं के लिए संसद और विधानमंडलों के एक तिहाई सीट सुरक्षित की गई है। इसके लिए संसद ने वर्ष 2023 में 128 वें संविधान संशोधन विधेयक लाकर महिलाओं को उचित भागीदारी देने का प्रयास किया है, लेकिन अभी भी विधानसभा चुनाव में महिलाओं की उचित भागीदारी बनती दिख नहीं रही है।


**Format C-1**

**(for candidate to publish in Newspapers, TV)**

***Declaration about criminal cases***

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name & address of candidate : Amod Kumar Singh, AT+PO : Chandragarh, PS : Nabinagar, District : Aurangabad (Bihar)**

**Name of Political Party : Rashtriya Janta Dal**

***Name of the Election : BIHAR LEGISLATIVE ASSEMBLY 2025**

**(1) Name of Constituency : 221, Nabinagar**

**I, Amod Kumar Singh, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :**

| Pending Criminal Cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S. N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed |
| 1 | ACJM - I Aurangabad | Nabinagar PS, : Case No. 226/21 | U/s. 143, 188, 171 (E) IPC – Assault and use of abusive language - Charge Framed | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | ACJM - I Aurangabad | Nabinagar PS, : Case No. 39/23 | U/s. 406, 409, 420 IPC – misappropriation of entrusted property- Pending | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | ACJM - VII Aurangabad | Tandwa PS, : Case No. 63/18 | U/s. 149, 147, 323, 324, 307, 504 IPC – Violation of the Model Code of Conduct- Pending | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | ADS - VIII Aurangabad | Nabinagar PS, Case No. 76/16 | U/s. 147, 148, 149, 323, 307, 427, 504, 506 IPC – Unlawful assembly and -Charge Framed | Not Applicable | Not Applicable |
| 5 | CJM Aurangabad | Nagar PS, Case No. 663/24 | U/s. 323, 504 IPC – Disturbance of public peace - Charge Framed | Not Applicable | Not Applicable |
| 6 | ACJM - I, Aurangabad | Nabinagar PS, Case No. 411/23 | U/s. 341, 323, 324, 504, 506/34 IPC – Voluntarily causing hurt - Charge Framed | Not Applicable | Not Applicable |
| 7 | ACJM - I, Aurangabad | Nabinagar PS, Case No. 381/23 | U/s. 153(A), 295, 295(A), 447, 427, 504, 120(B) IPC – Theft of property - Pending | Not Applicable | Not Applicable |

***In the case of election to Council of States or Election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.**

फार्मेट सी-2

(राजनैतिक दलों के लिए वेबसाइट, समाचार-पत्रों/ टी वी में प्रकाशन हेतु)

**दल द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी

* निर्वाचन का नाम : बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025

राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम : 223 औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (क) लंबित आपराधिक मामले न्यायालय का नाम, मामले की सं. एवं मामला (मामलों) की स्थिति | (ख) संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध (धों) का संक्षिप्त विवरण | (ग) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के विषय के संबंध में विवरण | | |
| | | | | | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (तारीखें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | 223 औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र | त्रिविक्रम नारायण सिंह (ग्राम+पो.-जमुहार, थाना-डिहरी मुफस्सिल, जिला-रोहतास (बिहार)821305) | अनुमंडल दंडाधिकारी डिहरी, परिवाद सं. 58/21-1/24 लंबित | धारा-107, भा.द.वि. शांति भंग होने की आशंका | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

'राज्य सभा के निर्वाचन अथवा विधान सभा सदस्यों द्वारा, विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **शिवशंकर राय (ग्राम- मधुबन, पोस्ट- गुलवारा (मधुबन), जिला- पूर्वी चम्पारण 845420)**

राजनैतिक दल का नाम : **जनशक्ति जनता दल**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **18, मधुबन विधानसभा क्षेत्र**

मैं **शिवशंकर राय** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | सबजज 06 सिविल कोर्ट मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) | थाना-मधुबन, पूवी चम्पारण, प्राथमिकी सं. 551/022, दिनांक- 24/12/2022 जीआर 7834/022 | साक्ष्य | 147,148,149,341,342,323,385,365,427 आइपीसी, मारपीट करते हुए अपहरण का आरोप |

| क्रम सं० | **(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# बूथों के लिए मतदानकर्मी रवाना

## विधानसभा क्षेत्रवार जारी किये गए नंबर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** विधानसभा चुनाव में सुचारू पारदर्शी एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा दो महत्वपूर्ण इकाइयों हंटिंग कॉल सेंटर एवं लेखा एवं व्यय अनुश्रवण कोषांग की स्थापना की गई है। गुरुवार को होने वाले मतदान को लेकर हंटिंग कल सेंटर की स्थापना कारगिल विजय सभा भवन में की गई है। यह कॉल सेंटर जिले के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित शिकायतों, सुझावों एवं जानकारी के लिए कार्य करेगा। मतदाता एवं नागरिक निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत, सूचना या सुझाव हेतु संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित दूरभाष संख्याओं पर संपर्क कर सकते हैं। विधानसभा क्षेत्र-वार संपर्क करने के लिए अलग अलग नंबर जारी किया गया है। जिसमे 141-चेरियाबरियारपुर के लिए 06243-221141, 142-बछवाड़ा के लिए 06243-221142, 143-तेघड़ा के लिए 06243-221143, 144-मटिहानी के लिए 06243-220144, 145-साहेबपुर कमाल के लिए 06243-220145, 146-बेगूसराय के लिए 06243-220146 तथा 147-बखरी के लिए 06243-220147।इसी क्रम में निर्वाचन अवधि के दौरान व्यय की निगरानी एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लेखा एवं व्यय अनुश्रवण कोषांग की स्थापना वाणिज्य-कर उपायुक्त कार्यालय में की गई है। इस कोषांग से संपर्क हेतु दुर्भाष संख्याएँ 06243-291535, 06243-291536, 06243-291537 तथा 06243-291538 निर्धारित की गई हैं।साथ ही, मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन 1950 भी सक्रिय है। मतदाता इस नंबर पर कल कर अपने मतदान केंद्र, मतदाता सूची में नाम की स्थिति एवं एपिक नंबर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# निष्पक्ष, निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ होगा मतदान : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** जिले के सभी सात विधान सभा के डिस्पैच सेंटर से बुधवार को ईवीएम एवं वीवी पैट मशीन सभी पीठासीन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी को उपलब्ध करा दिया गया है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा जी. डी. कलेज के डिस्पैच सेंटर पर 144-मटिहानी विधानसभा एवं 146-बेगूसराय विधानसभा के सेक्टर पदाधिकारियों एवं पीठासीन पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं पीठासीन पदाधिकारियों को पूर्ण निष्पक्षता, निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पीठासीन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी इवीएम एवं वीवीपैट प्राप्त कर सीधे अपने मतदान केन्द्र पर जायेंगे। उन्होने बताया कि सभी गाड़ियों में ट्रैकिंग डिवाईस लगायी गयी है। सभी पीठासीन पदाधिकारी को समय पर मक पोल करने तथा मतदान प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। ब्रीफिंग के उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा 145-साहेबपुर कमाल विधानसभा के पीडीएसके कॉलेज, सदानंदपुर, बलिया डिस्पैच सेंटर 141-चेरियाबरियारपुर विधान सभा के आर.सी.एस कलेज, मंझौल डिस्पैच सेंटर एवं 147-बखरी (अ ज) विधानसभा के लक्ष्मी उदित नारायण उच्च विद्यालय, शकरपुरा, बखरी स्थित डिस्पैच सेंटर सहित अन्य का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, सामान्य प्रेक्षक सहित निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जीविका दीदियों ने लिया मतदान का संकल्प

**औरंगाबाद (नबिटा संवाददाता)।** स्वीप कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद जिले के सभी प्रखंडों में आज जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए संकल्प सभा आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने एकजुट होकर मतदान के महत्व को रेखांकित किया और यह शपथ ली कि वे स्वयं मतदान करेंगी तथा अपने आसपास के प्रत्येक मतदाता को 11 नवंबर 2025 को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करेंगी। दीदियों ने शपथ के माध्यम से संदेश दिया कि हम सबका एक ही लक्ष्य, 100 प्रतिशत मतदान लोकतंत्र की मज़बूत पहचान। इस अवसर पर जीविका दीदियों ने कहा कि वे घर-घर जाकर महिलाओं और युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगी और बैलट बिटिया अभियान के तहत समाज के हर वर्ग तक लोकतंत्र का संदेश पहुंचाएगी।

# जिले में बनाये गये 36 विशेष मतदान केंद्र

- 22 पिंक मतदान केंद्र जो पूर्णतः महिला कर्मियों द्वारा होंगे संचालित
- सात पीडब्लूडी संचालित मतदान केंद्र और सात यूथ मतदान होंगे संचालित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** गुरुवार को विधानसभा के लिए मतदान के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू निर्वाचन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिले में 36 विशेष मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें 22 पिंक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जो पूर्णतः महिला कर्मियों द्वारा संचालित की जाएगी एवं 07 पीडब्लूडी संचालित मतदान केंद्र और 7 यूथ संचालित मतदान केंद्र बनाये गये है। 141-चेरिया बरियारपुर विधानसभा में मध्य विद्यालय, मंझौल बाजार उत्तर भाग (बूथ संख्या 302, महिला), पूरब भाग (303, महिला), दक्षिण भाग (304, युवा), कन्या मध्य विद्यालय मंझौल दक्षिण भाग (312, पीडब्लूडी) को विशेष मतदान केंद्र के रूप में चिह्नित किया गया है। 142-बछवाड़ा विधानसभा में मध्य विद्यालय नारेपुर उत्तरी भाग (148, महिला) एवं पूर्वी भाग (149, महिला), मध्य विद्यालय नारेपुर दक्षिणी भाग (152, पीडब्लूडी) एवं दक्षिणी भाग का बायाँ भाग (153, युवा) को चयनित किया गया है।143-तेघरा विधानसभा में ओमर उच्च विद्यालय तेघरा के उत्तरी भाग (43, पीडब्लूडी), दक्षिणी भाग (44, महिला), पूर्वी भाग (45, महिला), नया भवन पश्चिमी भाग (46, महिला), आर.के.सी. उच्च विद्यालय शोखरा मध्य भाग (205, युवा) विशेष केंद्र के रूप में निर्धारित किए गए हैं। इसी तरह अन्य सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने सभी संबंधित निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी को उपरोक्त विशेष बूथ पर सभी आवयश्क तैयारी का जायजा लेने का निर्देश दिया गया।

# गंगा स्नान करने जा रहे ऑटो में ट्रक ने मारी टक्कर, 11 जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बिहटा सरमेरा फोरलेन पर स्थित पुनपुन के घुड़दौड़ के समीप बुधवार की सुबह एक ऑटो में ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे ऑटो पर सवार लोग सड़क किनारे फेंका गऐ ।? जिसमे सवार 11 लोग जख्मी हो गए। सभी अपने घर से गंगा स्नान करने पटना जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते पुलिस पहुंची और उन्हें इलाज के लिए पुनपुन स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जहां से गंभीर रूप से जख्मी चार लोगों को बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच भेज दिया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। ऑटो पर सवार लोग तारणपुर के रहने वाले थे। जिनमें महिलाएं और कुछ बच्चे भी शामिल थे। सभी सुबह तीन बजे घर से पटना गंगा स्नान के लिए निकलें। ऑटो जैसे ही घुड़दौड़ गांव के समीप पहुंचीं तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। सभी सड़क पर रगड़ खाते गिर पड़े और जख्मी हो गए। यह सब देख ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। कुछ राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और उन्हें इलाज के लिए पुनपुन स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। पुनपुन थाना थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि घटना में तक़रीबन 11 लोग जख्मी हुए। जिनमें चार गंभीर रूप से जख्मी लोगों को बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस कम रहने के कारण आनन-फानन में मसौढ़ी से दो एम्बुलेंस मंगवाया गया जिससे पीएमसीएच भेजा गया।

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों से अपील

**औरंगाबाद (नबिटा संवाददाता)।** स्वीप अभियान के अंतर्गत आज औरंगाबाद जिले के दाउदनगर प्रखंड के पटवा टोली (वार्ड संख्या 19) में मतदाता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारती कला मंच, बक्सर की टीम ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने नागरिकों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व से अवगत कराया और आगामी 11 नवंबर को होने वाले बिहार विधानसभा आम निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। यह आयोजन ओबरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं में जागरूकता फैलाने और लोकतांत्रिक भागीदारी को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी 11 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान से पहले जिले में मतदाता जागरूकता अभियान को गति दी गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), पटना तथा स्वीप कोषांग, औरंगाबाद की संयुक्त पहल पर कुटुंबा और ओबरा विधानसभा क्षेत्रों में पाँच दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 4 नवंबर से प्रारंभ किया गया है। बुधवार को आयोजित दूसरे दिन के कार्यक्रम में सीबीसी, पटना से पंजीकृत सांस्कृतिक दल पल्लवी आर्ट्स सोसायटी, मधुबनी ने कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के काला पहाड़ में आकर्षक गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। वहीं भारती कला मंच, बक्सर ने ओबरा विधानसभा क्षेत्र के दाउदनगर स्थित पटवा टोली में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग जुटे और मतदान के महत्व को समझते हुए कार्यक्रम का हिस्सा बने। कलाकारों ने विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजन और प्रथम बार मतदान करने वालों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पहले मतदान, फिर जलपान का संदेश दिया गया और यह भी बताया गया कि जिन मतदाताओं के पास पहचान पत्र नहीं है, वे आधार कार्ड, राशन कार्ड या अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर मतदान कर सकते हैं। जनता के सवाल–हम मतदान क्यों करें एक वोट से क्या फर्क पड़ेगा का विस्तार से उत्तर देते हुए कलाकारों ने बताया कि हर वोट अगले पाँच वर्षों के भविष्य को तय करता है।

## बैलट बिटिया के संग लोगों को किया डोर-टू-डोर जागरूक

**औरंगाबाद (नबिटा संवाददाता)।** औरंगाबाद जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकंात शास्त्री के निर्देशन में व्यापक डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस पहल में विकास मित्रों, आंगनवाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों तथा टोला सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए मतदान के महत्व को रेखांकित किया और सभी से 11 नवंबर 2025 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। अभियान के दौरान बैलट बिटिया स्टीकर और बैज घरों, दीवारों तथा सड़कों के आसपास लगाए गए ताकि जब लोग अपने घरों से बाहर निकलें, तो उन्हें मतदान की तिथि और उसके महत्व की याद रहे।

# सर्प दंश से गर्भवती की मौत, तीन बच्चों के सिर से उठा मां का साया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सर्प दंश से 35 वर्षीय एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। मामला रिसियप थाना क्षेत्र के बभंडीह गांव का है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी आशीष डोम की पत्नी रिंकी देवी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि महिला अपने घर के बगल स्थित दलान में जलावन उठाने गई थी। जलावन में पहले से ही एक विषैला सांप छिपकर बैठा हुआ था, जिसे महिला देख नहीं सकी। जलावन उठाने के दौरान जलावन में पहले से छिपकर बैठे विषैले सांप ने महिला को काट लिया। हालांकि रिंकी ने घंटो देर तक सांप काटने की जानकारी परिजनों को नहीं दी। कुछ देर बाद जब उसे चक्कर आने लगा तो घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन काफी देर तक उसका झाड़ फूंक कराते रहे। झाड़ फूंक के बाद जब उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन बेहतर इलाज हेतु मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गयाजी लेकर जा रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर सदर अस्पताल पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाया। परिजनों ने बताया कि मृतका रिंकी के दो बेटा व एक बेटी है। वह सात महीने की गर्भवती भी थी। उसकी मौत के बाद से अन्य परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उसका पति आशीष डोम मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता हैं। महिला की मौत के बाद तीन बच्चों के सिर से माता का साया उठ गया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक महिला को विषैले सांप ने काटा था, अगर उसे समय से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जाता तो उसकी जान बच सकती थी। काफी देर बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जिसके कारण उसकी जान नही बचाया जा सका। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सांप के काटने के बाद महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सेवानिवृत्त सैनिकों ने संभाला मोर्चा

## अग्निवीर योजना लाकर युवाओं को बनाया बंधुआ मजदूर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सेवानिवृत्त सैनिकों ने बिहार विधानसभा चुनाव में डबल इंजन की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दिल्ली और तमिलनाडु से कुटुंबा विधानसभा पहुंचे। सैनिकों के दल ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर कर महागठबंधन के उम्मीदवार राजेश राम के पक्ष में वोट करने तथा बिहार में चल रहे गुंडा राज को खत्म करने के लिए तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। दल में शामिल सेवानिवृत्त सैनिक सुरेंद्र पहलवान ने केंद्र सरकार की नीतियों को देश और लोकतंत्र के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि हमने राजनीति में लालू यादव का दौर भी देखा है। जब वे रेल मंत्री थे तो रेलवे हमेशा फायदे में रहती थी लेकिन जब से एनडीए की सरकार बनी है तब से रेलवे को घाटे में दिखाया जा रहा है ताकि नरेंद्र मोदी इंडियन रेलवे को अपने मित्रों के हाथों बेच सके। आगे उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना लाकर सरकार ने युवाओं के देश सेवा और परिवार के भरण-पोषण के सपने को उजाड़ दिया है। नरेंद्र मोदी जर्मनी के तानाशाह हिटलर की तरह अग्निवीर योजना की आड़ में देश के अंदर नाज़ी सेना तैयार करना चाहते हैं। वर्ष 2026 से अग्निवीर सेवानिवृत्त होने लगेंगे। केंद्र सरकार ने चार दिन पहले नोटिफिकेशन जारी किया है कि सेवानिवृत्त अग्निवीर अडानी और अंबानी की सिक्योरिटी में चले जाएंगे। देश के पैसों से तैयार अग्निवीर अडानी- अंबानी के निजी फौज की तरह काम करेंगे। दल में शामिल अन्य सैनिकों ने बताया कि केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं को चार साल के लिए बंधुआ मजदूर बना दिया है। अग्निवीर योजना योजना इतनी जरुरी थी तो उसे पुलिस विभाग में लागू करना चाहिए था। इस योजना से सैनिकों का मनोबल टूट गया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी देश को मजबूत करना चाहते तो सेवानिवृत्त अग्निवीर को अपनी सिक्योरिटी में लगाते ताकि दुनिया को पता चल सके कि वे अग्निवीर को कितना पसंद करते हैं। इस प्रयोग को देख कर अग्निवीर भी गर्वान्वित महसूस करते लेकिन सरकार ने चार साल की नौकरी के बाद उन्हें चौक-चौराहों पर खड़े होने और गार्ड की नौकरी करने के लिए मजबुर कर दिया। जब देश का जवान सरहद पर सीना तान कर खड़ा होता है तभी नरेंद्र मोदी दुनिया को छप्पन इंच का दिखा पाते हैं। हिन्दुस्तानी फौज दुनिया की सबसे बड़ी योद्धा है उन्होंने उस योद्धा को समाप्त कर दिया। नरेंद्र मोदी ने देश के सैनिकों के साथ अन्याय किया है ।


फार्मेट सी-1

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **अनुज सिंह- मो.-श्रीकृष्णापुरी, न्यू एरिया, नवादा,पो+थाना+जिला-नवादा, 805110**

राजनैतिक दल का नाम : **जन सुराज पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **237, नवादा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र**

मैं **अनुज सिंह** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | न्यायिक दंडाधिकारी ( प्रथम श्रेणी) नवादा | जीआर नं-2533/2012 सीआइएस नं.9772/2015 | लंबित | धारा 341 & 354 आइपीसी |

| क्रम सं० | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।



फार्मेट सी-1

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **अभिराम सिंह (प्रोफेसर कॉलोनी, वार्ड-2, जहानाबाद(बिहार) 804408)**

राजनैतिक दल का नाम : **जन सुराज पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **216, जहानाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र**

मैं **अभिराम सिंह** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | सुलगम कुमारी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, जहानाबाद | कांड सं. 260/13 | लंबित | धारा 420 & 467, 468, 471/34 धोखाधड़ी और जालसाजी |
| 2. | मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, जहानाबाद | कांड सं. 421/19 | लंबित | धारा 341 & 323, 504/34 झगड़ा और मारपीट |

| क्रम सं० | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# इवीएम लेकर बूथों पर रवाना हुए मतदानकर्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** 6 नवंबर यानि गुरुवार को प्रथम चरण को लेकर वोटिंग होनी है। ऐसे में मसौढ़ी विधानसभा के 443 बूथों के लिए ईवीएम लेकर मतदान कर्मी बूथों की ओर कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना हो गए हैं। मसौढी विधानसभा के लिए श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल में बने डिस्पैच सेंटर से सभी पोलिंग पार्टी अपने-अपने मतदान केंद्रो तक ईवीएम लेकर रवाना हो चुकी है। बुधवार की रात में सभी पुलिस और सेक्टर पदाधिकारी बूथ पर ही रहेंगे और सुबह सात बजे से छह बजे तक वोटिंग होगी। मसौढ़ी विधानसभा में गुरुवार को मतदान होना है, जिसको लेकर तैयारियां अंतिम चरण पर है। सभी पोलिंग पार्टी अपने सेक्टर पदाधिकारी और मजिस्ट्रेट के साथ ईवीएम लेकर बूथों की ओर रवाना हो चुके हैं। पुलिसकर्मियों को चुनावी तौर तरीके भी समझाये गये हैं। उन्हें सख्त हिदायत दी गई है कि ईवीएम की सुरक्षा करें लेकिन उसे छूए नहीं। इसके साथ ही मतदान कक्ष में कोई पुलिसकर्मी नहीं जायेगा। अतिसंवेदनशील बूथों पर एक दिन पहले से ही पुलिस फोर्स की तैनाती हो चुकी है। मसौढी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव हर हाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण होंगे. इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सक्रिय एवं तत्पर होकर पूरी जवाबदेही से विधि व्यवस्था संधारित रखने और स्वच्छ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया है। मसौढी विधानसभा में सुरक्षा को लेकर आठ कंपनियां फोर्स की तैनाती की गई है जिसमें सीएपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी अन्य पुलिस फोर्स है। 42 सेक्टर प्राधिकारी प्रतिनियुक्ति किए गए हैं, जिसमें 6 जोनल दंडाधिकारी, एक सुपर जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा बाइक पेट्रोलिंग भी बुथों तक पेट्रोलिंग करेगी, मसौढी विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 3,26,293 हैं जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,71,109 है वहीं महिला मतदाता 1,54,983 हैं शहर में कुल बुथों की संख्या 75 है जबकि गांव में बुथों की संख्या 368 है। वहीं पांच महिला बूथ बनाए गए हैं, एक यूथ बुथ एक पीडब्ल्यूडी और एक मॉडल बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा पूरे मसौढी विधानसभा क्षेत्र में 55 संवेदनशील मतदान केंद्र बनाए गए हैं। एवं 11 अति संवेदनशील बूथ बनाए गए हैं जबकि 222 अत्यंत मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

## देसी कट्टा और दो कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के सिंगरामपुर गांव में दो दिन पहले आपसी विवाद में गोली मारकर एक युवक को जख्मी कर दिया था, उसे मामले में दिए गए आवेदन के आलोक में पुलिसिया कार्रवाई के बाद आरोपी को एक देसी कट्टा दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगरामपुर ग्राम के बाल योगेश्वर प्रसाद कुमार करीब 45 वर्ष पिता लेखा प्रसाद को उनके पड़ोसी धीरज कुमार पिता सीमन प्रसाद के द्वारा आपसी विवाद को लेकर गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था, घटना के महज 24 घंटा के अंदर एक देसी कट्टा एवं दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कल लिया गया है। इसके अलावा आरोपी के पास एक मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया है बताया जाता है की मोटरसाइकिल में नंबर के साथ छेड़छाड़ भी किया गया था ऐसे में संदेह को लेकर इस जांच की जा रही हैं।

**फार्मेट सी–1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **विगन पासवान (ग्राम-रौसा, पोस्ट+प्र.- इमामगंज, जिला-गया)**

राजनैतिक दल का नाम : **न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **227, इमामगंज (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र**

मैं **विगन पासवान** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूंः

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | शेरघाटी | कोठी थाना कांड सं. 15/2023 | विचाराधीन | 147,149,323,385,379,435,436 |

| क्रम सं० | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार में एनडीए...

दिनेश प्रताप सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सलभमणि त्रिपाठी, प्रत्याशी श्रेयसी सिंह के अलावा अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। मंच की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष शैलेंद्र महतो ने जबकि संचालन की जिम्मेवारी भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा केसरी संभाल रहे थे। इस मौके पर जदयू नेता शांतनु सिंह, भाजपा नेता निर्भय प्रताप सिंह,लोजपा के जिलाध्यक्ष जीवन सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण मंडल तथा हम पार्टी के जिला अध्यक्ष दामोदर मांझी सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

### परिवार की पार्टी...

गई नियोजित शिक्षकों की बहाली की गई। बीपीएससी से 2,58,000 सरकारी शिक्षकों की बहाली की गई। 28, 976 नियोजित शिक्षकों को भी इसमें शामिल किया गया। आगे एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। 2016 से महिलाओं को नौकरी में 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया स्वयं सहायता समूह जीविका दीदी की संख्या एक करोड़ 40 लाख हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राजद की सरकार सिर्फ परिवार को बढ़ावा दिया है लेकिन जदयू की सरकार में सभी समुदाय के लोगों का विकास किया गया है। मदरसा के मौलवी को सरकारी शिक्षक के जितना वेतन देने का काम किया है। पेंशन योजना को 400 से बढ़कर1100 किया गयाञ पहले पटना राजधानी में भी 8 घंटे बिजली गायब रहती थी लेकिन हमारी सरकार ने घर-घर तक बिजली पहुंचाने का काम किया है।

### सुरक्षाकर्मी पर हमला ...

की सूचना मिलते ही पुलिस ने देर रात सर्च ऑपरेशन चलाया और 12 में से 5 बाल बंदियों को फिर से पकड़ लिया जबकि सात अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। दरभंगा के एसएसपी जगन्नाथ रेड्डी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बीती रात बाल सुधार गृह से 12 कैदी फरार हुए थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पांच को गिरफ्तार कर लिया है जबकि बाकी सात की तलाश जारी है। सभी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### बिहार को पहले कांग्रेस...

एवं इलाहाबाद को प्रयागराज कर दिया। यहां भी लोगों को परेशानी होगी कि वीरेन्द्र सिंह वजीरगंज का नाम बदल देंगे। हम विरासत का सम्मान करते हुए राम को अपना पूर्वज मानते हैं। जो लोग राम को नकारते हैं, भगवान विष्णु को नकारते हैं, राजद ने रथ को रोक दिया था। जो राम के नहीं वो हमारे किसी काम के नहीं है। जब भी हम बंटेंगे तो कटेंगे।

### मतदान के दौरान...

व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रह जाए। सभी जिलों में सख्त चेकिंग जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि डायल 112 पूरी तरह फंक्शनल रहेगा और सभी पदाधिकारियों के नंबर सक्रिय रखे गए हैं ताकि किसी भी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो सके। डीजीपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि गुरुवार को मतदान के दौरान राज्य के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। कट्टा लहराने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पर जो लोग गाली-गलौज या भड़काऊ पोस्ट कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही उन्हें कानून के दायरे में लाया जाएगा।

## युवती ने रेलवे ब्रिज से लगाई छलांग, गोताखोर ने बचाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन नदी में रेलवे ब्रिज से बुधवार की दोपहर एक युवती ने आत्महत्या करने को लेकर छलांग लगा दी है। हालांकि गोताखोर ने समय रहते उसे डूबने से बचा लिया है। लगातार कभी रेलवे ब्रिज तो कभी लक्ष्मण झूला ब्रिज से आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आ रही है। यह तीसरी घटना है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुनपुन नदी पर बने रेलवे ब्रिज से एक लड़की जिसका नाम सुजाता कुमारी उम्र करीब 18 वर्ष जहानाबाद जिला जहानाबाद आत्महत्या करने के लिए पुनपुन रेलवे ब्रिज से छलांग लगा दी जो नदी में गिरे हुए सेंटरिंग में जाकर फंस गई स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू कर से सही सलामत बाहर निकल गया है, घटना का कारण कुछ पारिवारिक तनाव बताया जा रहा है।

## हलो उज्जीवन ऐप ने नए कर्जदारों को डिजिटल बैंकिंग से जोड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के माइक्रोबैंकिंग ग्राहकों के लिए विशेष रूप से समर्पित मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म, हेलो उज्जीवन ऐप ने अपनी शुरुआत के बाद से अब तक 690 करोड़ रुपए से अधिक के वित्तीय लेन-देन की सुविधा प्रदान की है। यह ऐप मुख्य रूप से समूह तथा व्यक्तिगत ऋण लेने वाले माइक्रोफाइनेंस ग्राहकों के लिए बनाया गया है, जिनमें से अधिकांश पहली बार डिजिटल बैंकिंग का उपयोग कर रहे हैं और यह वित्तीय बहिष्करण तथा आर्थिक सशक्तिकरण के बीच उल्लेखनीय कड़ी बन गया है। हेलो उज्जीवन ने 13 लाख से अधिक डाउनलोड के साथ अपने माइक्रोबैंकिंग उपयोगकर्ताओं के बीच गहरी भागीदारी हासिल की है, जिनमें से 98 प्रतिशत महिलाएँ हैं और उपयोगकर्ताओं की औसत आयु 35 वर्ष है। इस ऐप ने 277 करोड़ रुपए के ऋण भुगतान, सावधि और आवर्ती जमा खातों के माध्यम से 358 करोड़ रुपए जमा, व्यक्तिगत ऋण वितरण में 34 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की है और2.4 करोड़ रुपए मूल्य की 36,000 से अधिक हॉस्पिकेयर बीमा खरीदारी को सुगम बनाया है। इसके अलावा, पाँच लाख से अधिक ऋण वितरण पावती पूरी तरह से डिजिटल रूप से प्राप्त की गई है, जिससे बैंक जाने की आवश्यकता कम हो गई है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में सूक्ष्म बैंकिंग और स्वर्ण ऋण के प्रमुख, विभास चंद्रा ने ऐप के प्रभाव पर अपनी टिप्पणी में कहा, हेलो उज्जीवन को अपनाना हमारे माइक्रोबैंकिंग ग्राहकों के लिए वास्तविक वित्तीय सशक्तिकरण का प्रतीक है।

## मछली पकड़ने गए युवक की करंट की चपेट में आने से मौत

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के माधोचक गांव में मछली मारने गए एक युवक की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान माधोचक गांव के सूरज कुमार उम्र 17 वर्ष पिता पप्पू बिंद के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सूरज माधोचक गांव के पास में ही मछली मारने के लिए गया हुआ था और उसी दौरान खेत नंगी तार की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल है। पप्पू बिंद एक संवेदक हैं जो नाली गली का काम करते हैं उसके दो बेटे हैं मृतक सूरज कुमार बड़ा बेटा था।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: : **MD.EKLAKH S/O-MD.SHAHABUDDIN KHAN R/O-VILL+P.S-HASPURA DISTRICT-AURANGABAD**

Name of political party : **AZAD SAMAJ PARTY (KANSHIRAM)**

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : Genral Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

*Name of Constituency : **219 – GOH**

I MD.EKLAKH (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| (A) Pending criminal cases | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
| 1 | ASHISH KUMAR J.M. FIRST CLASS DAUDNAGAR | HASPURA P.S CASE NO-151/21 | APPERANCE | Section(s) 188,283,353,504/34 IPC |

| (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | | |
|---|---|---|---|
| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# देव दीपावली : 10 हजार दीपों से रोशन हुए मंदिर घाट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली मनायी जाती है. मसौढ़ी में माहौल भक्तिमय हो गया. इस मौके पर मसौढी के श्री राम जानकी ठाकुरवाडी मंदिर एवं मणीचक घाट पर भव्य आयोजन किया गया। जहाँ गंगा आरती पर लोगों की भीड़ जुटी। दीप जलाये गये, दरअसल धार्मिक आस्था और परंपरा के प्रतीक देव दीपावली का पर्व मसौढ़ी में धूमधाम से मनाया गया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर में कुल 6 हजार से अधिक दीपों की जगमगाहट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया जबकि मनीचक मंदिर घाट पर 5,551 दीपों के प्रकाश के साथ भव्य गंगा आरती ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। हजारों श्रद्धालु इस आलौकिक दृश्य के साक्षी बने पुराणों के अनुसार देव दीपावली की रात सभी देवी देवता पृथ्वी पर आते हैं। इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था। इस उपलक्ष्य में लोग दीपदान करते हैं और इसे देवताओं की दिवाली कहते हैं। कार्यक्रम में मौके पर श्री राम जानकी ठाकुरवाडी मंदिर के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे जिसमें डॉ सुधीर, डॉ राम जयपाल सिंह, अभय कुमार, चंद्रकेत सिंह चंदेल, कुमारी खुशबू रानी, पंकज कुमार सिंह मनोज मनोज गोस्वामी, लखन सिंह, के अलावा ठाकुरवाडी मंदिर के पुजारी गोपाल पांडे हरि बाबा सोनू उर्फ मृत्युंजय, मुरारी सिंह, मणिचक में नवल भारती आदी समेत कई लोग शामिल रहे हैं।

## एसडीआरएफ की तैनाती नहीं रहने के कारण हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** गंगा स्नान को लेकर पुनपुन नदी स्थित जाहिदपुर घाट पर स्नान करने के दौरान दो युवक एकाएक गहरे पानी में चले गये जिसे गोताखोर की मदद से बाहर निकाला गया। जहां दोनों के इलाज के दौरान पटना निजी नर्सिंग होम में मौत हो गई। आसपास के लोगों ने सीओ के द्वारा एसडीआरएफ टीम की तैनाती नहीं करने को लेकर लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। लोगों का कहना था कि पुनपुन नदी में हर वर्ष हजारो की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के मौके पर पहुंचते हैं मगर यहां सीओ के द्वारा सिर्फ खानापूर्ति के लिए नदी में बेरिकेटिंग कर दी गई। एसडीआरएफ टीम की और न ही गोताखोर की तैनाती की गई थी। बता दें कि बुधवार की सुबह रितिक जाहिदपुर पुनपुन के जाहिद-पुर के 18 वर्षीय रितिक कुमार और पुनपुन पकड़ी निवासी 19 वर्षीय आयुष दोनो अपने घर से पुनपुन नदी में स्नान करने जाहिदपुर घाट पहुंचे। दोनो नदी में उतरे। स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगे। आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो उनके द्वारा शोर मचाया गया लेकिन उनतक मदद पहुंचने के पूर्व ही दोनों डूब गए। सूचना अंचल सीओ को दी गई। एसडीआरएफ टीम की बुलाने का आग्रह किया गया। घंटों बीत जाने के बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची तो ग्रामीणों ने अपने स्तर से कुछ गोताखोरों को बुलाया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। दो बजे के बाद एसडीआरएफ टीम पहुंची और खोजबीन शुरू हुईं। इस दौरान दोनों का युवकों को नदी से बाहर निकाला गया। दोनों युवकों को परिजनों ने पटना निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में इस संबंध में पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि दोनों को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी में जुट गई है।

## विभिन्न घटनाओ में दो की मौत

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर ओरीयारा एवं नदपुरा अलीपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हुई है। जहां पुलिस ने शव को बरामद करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पहली घटना धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर ओरीयारा गांव की हैं जहां पर करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है मृतक का नाम अनिल कुमार पिता स्वर्गीय बलम यादव है। दूसरी घटना धनरूआ थाना क्षेत्र के नंदपुर अलीपुर गांव की है जहां पर पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई है मृतक का नाम सुरेंद्र मांझी पिता स्वर्गीय सीता मांझी बताया जाता है।

**फार्मेट सी-2**

*(राजनैतिक दलों के लिए वेबसाइट, समाचार-पत्रों/टी वी में प्रकाशन हेतु)*

***दल द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा***

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)*

राजनैतिक दल का नाम : **जन सुराज पार्टी**

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम : **बिहार**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (क) लंबित आपराधिक मामले | | (ख). आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के विषय के संबंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, मामले की सं. एवं मामला मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध (धों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (तारीखें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | 237, नवादा | अनुज सिंह | न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा जीआर नं-2533/2012 सीआइएस नं.9772/2015 लंबित | धारा 341 & 354 आइपीसी | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# औरंगाबाद में भाजपा के समक्ष कोई चुनौती नहीं : गोपाल नारायण

## जिले की सभी छह सीटों पर एनडीए की स्थिति मजबूत होने का दावा, सुरेश मेहता भाजपा में हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह ने बुधवार को औरंगाबाद जिला मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि औरंगाबाद में भाजपा के समक्ष कोई चुनौती नहीं है और जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर एनडीए की स्थिति मजबूत है। एनडीए यहां बड़े अंतर से जीत दर्ज करने की स्थिति में है। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधायक सुरेश मेहता भी मौजूद थे, जिन्होंने हाल ही में राष्ट्रीय जनता दल छोड़कर भाजपा का दामन थामा। गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि वे जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में रहे हैं और शुरुआत से ही समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की राजनीति करते आए हैं। उनके अनुसार, समय के साथ बिहार में जातिगत राजनीति हावी हो गई जिससे विकास की रफ्तार रुक गई और गरीबी बढ़ी। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब बिहार को फिर से विकास और सहयोग के रास्ते पर लाना होगा। पूर्व सांसद ने यह भी कहा कि भाजपा नेतृत्व ने उनके सुपुत्र त्रिविक्रम नारायण सिंह को औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है और वे जनता के सहयोग और आशीर्वाद के बल पर मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मानना है कि जनता में इस बार एनडीए के प्रति व्यापक समर्थन दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद के विकास को लेकर भाजपा प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। उनके अनुसार, पातालगंगा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष ने हाल में यह घोषणा की है कि पातालगंगा मठ अपनी जमीन मेडिकल कॉलेज के लिए देने को तैयार है जिससे एक बड़ी बाधा दूर हो गई है। गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों और जातियों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है और विकास की राजनीति में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करती। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले समय में औरंगाबाद में अपने निजी प्रयासों से किसी बड़े शैक्षणिक या औद्योगिक संस्थान की स्थापना पर विचार किया जा रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। कार्यक्रम में मौजूद सुरेश मेहता ने कहा कि वे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से लंबे समय से प्रभावित रहे हैं और गोपाल नारायण सिंह, शकुनी चौधरी तथा सम्राट चौधरी उनके राजनीतिक प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं की प्रेरणा से उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उनका मानना है कि औरंगाबाद जिले की सभी छह सीटों औरंगाबाद, देव, ओबरा, रफीगंज, गोह और नवीनगर पर एनडीए की जीत तय है और इस बार गठबंधन नया इतिहास रचने जा रहा है।

# पीएम मोदी के दौरे को लेकर प्रशासन सतर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 7 नवंबर को औरंगाबाद आगमन और प्रस्तावित चुनावी सभा के मद्देनज़र प्रशासनिक और पुलिस महकमा पूरी तरह सक्रिय हो गया है। बुधवार को मगध प्रमंडल के कमिश्नर और पुलिस महानिरीक्षक ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के साथ देव मोड़ स्थित हेलीपैड का निरीक्षण किया। इस दौरान हेलीपैड परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, जनसभा स्थल तक आने-जाने वाले मार्गों की स्थिति, वीवीआईपी मूवमेंट के रूट और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का विस्तृत आकलन किया गया। निरीक्षण के क्रम में कमिश्नर और पुलिस महानिरीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान किसी भी प्रकार की चूक की संभावना नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी को आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभा स्थल तक पहुंचने वाले सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग, संकेतक बोर्ड और ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा बलों की तैनाती, पार्किंग स्थलों के निर्धारण तथा वाहनों की आवागमन व्यवस्था की रूपरेखा की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि सभा स्थल के निकट वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान चिन्हित कर लिया गया है और भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल की विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री की सभा के दौरान सुरक्षा के साथ-साथ नागरिकों की सुविधा और यातायात की सुगमता सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

# औरंगाबाद में कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शंकर सिंह का सघन जनसंपर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक आनंद शंकर सिंह ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। दिनभर चले इस अभियान के दौरान वे क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचे, जहां लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और समर्थन देने का आश्वासन दिया। जनसंपर्क के दौरान आनंद शंकर सिंह ने लोगों से कहा कि वे औरंगाबाद के बेटे हैं और क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा जनता के बीच उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में औरंगाबाद को शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। सिंह ने एनडीए पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस बार एनडीए ने पराशूट से उम्मीदवार उतारा है, जिसका औरंगाबाद से कोई नाता नहीं है और जो जनता की भावनाओं से पूरी तरह अनभिज्ञ है। उन्होंने आरोप लगाया कि औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना में इन्हीं लोगों ने बाधा उत्पन्न की थी और पटना-औरंगाबाद हाइवे के निर्माण में भी रुकावटें डाली थीं। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद के लोग समझदार हैं और वे पैसे या बाहरी प्रभावों के खेल में नहीं फंसने वाले। जनता ने मन बना लिया है और इस बार भी क्षेत्र की सभी सीटें महागठबंधन को मिलने जा रही हैं। श्री सिंह ने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं और उनकी प्राथमिकता औरंगाबाद को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि आगामी 11 नवंबर को हाथ के पंजा चुनाव चिह्न पर बटन दबाकर विकास और न्याय की आवाज़ को मजबूत करें।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने औरंगाबाद में किया रोड शो

## एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह के पक्ष में मांगा वोट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री रेखा गुप्ता ने आज बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर औरंगाबाद शहर में रोड शो किया और मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह के पक्ष में समर्थन की अपील की। रोड शो कर्मा रोड के पुलिस लाइन के पास से प्रारंभ हुआ जो धर्मशाला चौक के पास समाप्त हुआ। इस दौरान सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में खड़े स्त्री-पुरुष नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ रोड शो में भाजपा प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व विधायक सुरेश मेहता समेत सैकड़ों की संख्या में एनडीए समर्थक शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि औरंगाबाद की जनता ने मुझे काफी प्यार दिया है। अब यही प्यार जनता एक बार फिर से अपने प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह को देकर उन्हें चुनाव में विजय बनाएं। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि एनडीए सरकार ने पिछले 20 सालों में बिहार में अभूतपूर्व विकास किया है जबकि महागठबंधन के नेता वोट की राजनीति के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में चौतरफा विकास हुआ है और आवागमन के साधन बढ़े हैं। एनडीए में कोई दरार नहीं है। इस चुनाव में सभी पांचों घटक दलों के कार्यकर्ता मिलकर पार्टी का परचम लहराएंगे और अपनी जीत सुनिश्चित करेंगे। प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि इस चुनाव को जीतकर केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार को और मजबूत करना है। इसके लिए किसी के बहकावे में न आएं। क्षेत्र में एकजुटता और समन्वय बनाए रखना आवश्यक है तभी सफलता मिलेगी। श्री सिंह ने कहा कि औरंगाबाद को रोजगार, सिंचाई और उद्योग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का समर्थन एवं आशीर्वाद मिलना उनके लिए गर्व की बात है। इस क्रम में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, शिवम सिंह, महिला प्रकोष्ठ की पूर्व जिलाध्यक्ष अनिता सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रमोद सिंह के पक्ष में पवन सिंह की चुनावी सभा में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## राजनीति सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम : प्रमोद



**रफीगंज।** रफीगंज के आरबीआर खेल मैदान में एनडीए के चुनावी सभा में भोजपुरी गायक पवन सिंह एवं प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह सिंह ने चुनावी सभा की। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चन्द्रवंशी एवं संचालन जदयू के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने किया। पवन सिंह ने सभास्थल से 'हम बिहारी सब पर भारी' के गानों की प्रस्तुति दी। उपस्थित सभी लोग झूमते हुए तालियों से स्वागत किया। पवन सिंह ने कहा कि बिहार में एनडीए की लहर है। पवन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि अबकी बार फिर एनडीए सरकार बनाकर प्रदेश को आगे बढ़ाने का मौका दें। सभा के दौरान पवन सिंह के मंच पर पहुँचते ही अप्रत्याशित भीड़ में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पवन सिंह ज़िंदाबाद, जय मोदी-जय नीतीश और प्रमोद भैया विजयी हों जैसे नारों से पूरा मैदान गूंज उठा। रफीगंज से प्रमोद सिंह को विजयी बनाने का अपील की और कहा कि इनके विजय जूलूस मे आयेगे। एनडीए के जदयू प्रत्याशी प्रमोद सिंह ने सम्बोधित करते हुये कहा कि यह विधानसभा विकास के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है यहां जो भी नेता आए सिर्फ जनता को लूटने का काम किया है मैं राजनीति को सेवा का माध्यम मानता हूं, सत्ता का साधन नहीं। रफीगंज विधानसभा की हर पंचायत के हर गांव तक विकास की धारा पहुंचाना मेरा संकल्प है। हमारी सरकार ने गरीबों, किसानों, नौजवानों और महिलाओं के लिए कई योजनाएं चलाई हैं, अब जरूरत है उन योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने की। यह चुनाव विकास बनाम भ्रष्टाचार का है। जनता इस बार फिर एनडीए पर भरोसा जताकर नया इतिहास लिखेगी। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसे बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना है। हर गांव तक बिजली, पानी और सड़क पहुंचे यही मेरा सपना है। मैं जनता से वादा करता हूं कि आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद पंकज पासवान, भाजपा नेता दीनानाथ विश्वकर्मा, विनय सिंह, शुभम सिंह, संतोष साव, रामकुमार सिंह, अवधेश कुमार सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, मनोज यादव, शिवदयाल गुप्ता, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान, हम के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव सहित एनडीए के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## त्रिविक्रम नारायण सिंह के समर्थन में आशीर्वाद यात्रा, जनता ने दिखाया उत्साह

# विकास व विश्वास की नई कहानी लिख रहा एनडीए : त्रिविक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के तहत बुधवार को एनडीए समर्थित प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह के समर्थन में आशीर्वाद यात्रा निकाली गई। यह यात्रा औरंगाबाद प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों रामनगर, भास्कर नगर, कुशी, धवकल विगहा, तेतरिया, बेला, जरमा खाप और तेंदुआ से होकर गुजरी। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता ने व्यापक समर्थन और उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत किया। पूरे मार्ग में लोगों की भारी उपस्थिति और कार्यकर्ताओं की सक्रियता ने यह संकेत दिया कि औरंगाबाद की जनता इस बार विकास, सुशासन और एनडीए सरकार के साथ खड़ी है। जगह-जगह त्रिविक्रम नारायण सिंह का फूलमालाओं से स्वागत किया गया और स्थानीय लोगों ने उनके प्रति समर्थन जताया। त्रिविक्रम नारायण सिंह ने जनसंपर्क के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) बिहार में विकास और विश्वास की नई कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने हर वर्ग के लोगों के जीवन में सुधार लाने का कार्य किया है और आगे भी विकास की यह यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान में ईवीएम के क्रमांक दो पर कमल निशान के सामने वाले बटन को दबाकर एनडीए को विजयी बनाएं, ताकि औरंगाबाद के विकास की गति को और तेज किया जा सके।

# महागठबंधन की कमाई, पढ़ाई व दवाई वाली बनेगी सरकार : राजेश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने बुधवार को जनसंपर्क अभियान के तहत राजपुर गांव में नुक्कड़ सभा की। उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा और बैलेट नंबर 2 पर समर्थन देने की अपील की। सभा में उपस्थित बड़े-बुजुर्गों, माताओं-बहनों और युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता महागठबंधन की नीतियों पर भरोसा जताएगी। राजेश कुमार ने कहा कि कुटुंबा की जनता जिस तरह से उनका आशीर्वाद और स्नेह दे रही है, उससे उन्हें पूरा विश्वास है कि 14 नवंबर को मतगणना शुरू होने पर कुटुंबा विधानसभा सीट शीर्ष स्थान पर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार बिहार में महागठबंधन की कमाई, पढ़ाई और दवाई वाली सरकार बनेगी, जो आम लोगों के जीवन में स्थायी सुधार लाएगी। राजपुर गांव में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान स्थानीय नागरिकों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। लोगों ने नारे लगाकर राजेश कुमार का स्वागत किया और चुनाव प्रचार के दौरान उत्साह का माहौल देखा गया। राजेश कुमार ने मतदाताओं से अपील की कि 11 नवंबर को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर महागठबंधन को विजयी बनाएं।

# औरंगाबाद, कुटुंबा व नवीनगर विस क्षेत्रों के अभ्यर्थियों के व्यय लेखा की दूसरी जांच पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्राधिकृत व्यय प्रेक्षक ईशान रीमान खड़कोगर के द्वारा बुधवार को औरंगाबाद, कुटुंबा और नवीनगर विधानसभा क्षेत्रों के सभी अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा की दूसरी जांच (सेकंड स्क्रूटिनी ऑफ इलेक्शन एक्सपेंडिचर अकाउंट्स) का कार्य विधिवत रूप से संपन्न किया गया। यह जांच वाणिज्य कर कार्यालय, औरंगाबाद स्थित निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग में आयोजित की गई, जिसमें संबंधित अभ्यर्थी, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, व्यय लेखा सहायक और निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जांच के क्रम में व्यय प्रेक्षक ने प्रत्येक अभ्यर्थी के शैडो रजिस्टर, कैश बुक, व्यय रजिस्टर, रसीद बुक, भुगतान वाउचर, प्रचार सामग्री व्यय विवरण, वाहन व्यय विवरण, सभा और जुलूस से संबंधित खर्चों का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित व्यय सीमा, आचार संहिता और निर्वाचन व्यय संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि सभी उम्मीदवार प्रत्येक व्यय का अभिलेख दैनिक रूप से शुद्ध, सटीक और पारदर्शी तरीके से दर्ज करें, ताकि आगामी जांच के समय किसी प्रकार की त्रुटि या असंगति न पाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग की मंशा स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने की है, जिसके लिए सभी अभ्यर्थियों का पूर्ण सहयोग आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, अपारदर्शिता या गलत विवरण पाए जाने पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सहायक व्यय प्रेक्षक और फ्लाइंग स्क्वाड टीमों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी टीमें लगातार विधानसभा क्षेत्रों में अभ्यर्थियों के प्रचार-प्रसार से संबंधित व्ययों की निगरानी करें, प्रत्येक रिपोर्ट का विधिवत संधारण करें और समय पर अद्यतन सुनिश्चित करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# ग्रामीण खेल प्रतिभा को नई पहचान दे रहा एनटीपीसी : बेहेरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नबीनगर (औरंगाबाद)।** जिले के बारून एवं नवीनगर की सीमा पर स्थित नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट में बुधवार को ग्रामीण खेल महोत्सव 2025 की भव्य और उल्लासपूर्ण शुरुआत की गई। एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एल के बेहेरा द्वारा इस खेल महोत्सव का उद्घाटन खेल मशाल जलाकर किया गया। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन विभाग द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय खेल महोत्सव में परियोजना के निकटतम 22 गांवों के 17 सरकारी विद्यालयों से कुल 350 छात्र एवं छात्रा भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत एल के बेहेरा ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना, अनुशासन और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा हेतु खेल शपथ दिला कर की। इसके बाद एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं द्वारा महोत्सव की मशाल मैदान में स्थापित की गई। इस खेल महोत्सव में 5 से 7 नवम्बर तक कुल 9 खेल, ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिताएं जैसे फुटबॉल, शॉटपुट, डिस्क थ्रो, लंबी कूद तथा विभिन्न स्प्रिंट (दौड़) स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। खेल महोत्सव का समापन एनटीपीसी के 51वें स्थापना दिवस यानी 7 नवम्बर को अंतिम मुकाबलों और भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा। समारोह को संबोधित करते हुए एल. के. बेहरा ने कहा कि एनटीपीसी नबीनगर अपने आसपास के गांवों को अपना परिवार मानता है। ग्रामीण खेल महोत्सव न केवल खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का माध्यम है बल्कि ग्रामीण युवाओं के आत्मविश्वास, एकता और प्रगति की दिशा में एक सरहानीय कदम भी है। हमारे महोत्सव की थीम 'मिट्टी से मैदान, प्रतिभा की पहचान' इसी भावना को दर्शाती है। विद्युत उत्पादन के अलावा एनटीपीसी अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन विभाग के माध्यम से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, कौशल विकास और आजीविका प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में अपने सतत प्रयासों के साथ एनटीपीसी स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# 26 दिनों बाद सोन नदी में मिला युवती का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 26 दिनों बाद एक युवती का शव सोन नदी से गले-सड़े अवस्था में बरामद किया गया है। दरअसल, 10 अक्टूबर को बड़ेम थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बालू घाट के पास सोन नदी में नाव पलटने से बड़ी हादसा हुई थी जिसमें छह लोग लापता हो गए थे। इसके पूर्व पांच लोगों का शव बरामद किया गया था। जबकि बुधवार को सोन नदी के महुआव से लापता बड़ेम निवासी सुरेंद्र चौधरी की पुत्री मंजू कुमारी (18) का शव बरामद किया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना से मृतका के परिजनों में शोक व्याप्त है। ज्ञात हो कि बड़ेम गांव की करीब डेढ़ दर्जन महिला कृषि मजदूर रघुनाथपुर घाट से नाव पर सवार होकर आलू की बुआई के लिए आलू बीज की बोरियां लेकर सोन नदी पार मैदानी खेतों की ओर जा रही थीं। बीच नदी में नाव गहराई में जाकर अनियंत्रित हो गई और पलट गई। नाव पलटने के बाद अधिकांश महिलाएं तैरकर बाहर निकल आईं, लेकिन छह महिलाएं पानी में डूब गईं। इस हादसे में अब तक बड़ेम थाना क्षेत्र के बड़ेम गांव निवासी तमन्ना परवीन, काजल उर्फ छोटी कुमारी, सोनी कुमारी, रंजीता देवी, सविता देवी एवं मंजू कुमारी का शव बरामद किया गया है।